आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 22°C | 10°C |

इनसाइड न्यूज

नियमों का कत्ल : स्वास्थ्य विभाग में मृतक आश्रित को अवैध तीसरा मौका

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

शुक्रवार 19 दिसंबर, 2025 / पेज: 12 / मूल्य: ₹3.00/- लखनऊ वर्ष: 17, अंक: 69 www.janexpresslive.com/epaper



मनरेगा का नाम बदले जाने पर भड़कीं... 12

# हंगामे के बीच वीबी-जी-राम-जी बिल लोकसभा से पास

- विपक्ष ने कागज फाड़े, शिवराज बोले, चुनावी फायदे के लिए जोड़ा था गांधी का नाम

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) बिल यानी वीबी-जी-राम-जी पर कृषि मंत्री शिवराज सिंह ने लोकसभा में जवाब दिया। इस दौरान विपक्ष बिल के विरोध में जमकर नारेबाजी की। विपक्षी सांसद वेल में पहुंच गए और कागज फेंके। हंगामे के बीच बिल ध्वनिमत से पास हो गया। शिवराज सिंह चौहान ने कहा, मनरेगा का नाम पहले पहले महात्मा गांधी के नाम पर नहीं रखा गया। वो तो पहले नरेगा थी। बाद में जब 2009 के चुनाव आए तब चुनाव और वोट के कारण महात्मा गांधी याद आए। बापू याद आए। तब उसमें जोड़ा गया महात्मा गांधी। इससे पहले विपक्ष ने इस बिल के विरोध में संसद परिसर में मार्च निकाला। इसमें विपक्ष के 50 से ज्यादा सांसदों ने हिस्सा लिया और वीबी-जी-राम-जी बिल वापस लेने के नारे लगाए। बुधवार को लोकसभा में वीबी-जी-राम-जी बिल पर 14 घंटे चर्चा हुई। कार्यवाही देर रात 1.35 बजे तक चली। इसमें 98 सांसदों ने हिस्सा लिया। विपक्ष ने मांग की कि प्रस्तावित कानून को स्टैंडिंग कमेटी के पास भेजा जाए। यह 20 साल पुराने एमजीएनआरईजी एक्ट की जगह लेगा।



### संसद में बुधवार की कार्रवाई की बड़ी बातें...

- **5 हजार से ज्यादा सरकारी स्कूलों में एक भी स्टूडेंट नहीं**: देशभर में 10.13 लाख सरकारी स्कूलों में से 5,149 में एक भी छात्र नहीं है। 2024-25 शैक्षणिक सत्र में जीरो नामांकन वाले इन स्कूलों में से 70 प्रतिशत से ज्यादा तेलंगाना व पश्चिम बंगाल में हैं। यह जानकारी शिक्षा मंत्रालय ने संसद में दी है। शून्य या 10 से कम छात्रों वाले स्कूलों की संख्या में बीते दो साल में 24 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है।
- **43 ओटीटी प्लेटफॉर्म्स की पहुंच देशभर में बंद**: केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री एल मुरुगन ने एक सवाल के जवाब में लोकसभा में बताया कि 43 ओटीटी प्लेटफॉर्म्स की पहुंच को ब्लॉक कर दिया गया है। यह कार्रवाई उन प्लेटफॉर्म्स के खिलाफ की गई है, जो कानून द्वारा प्रतिबंधित कंटेंट प्रसारित कर रहे थे।

### 'जी राम जी बिल को स्टैंडिंग कमेटी को भेजें'

कांग्रेस के सांसद केजी वेणुगोपाल ने स्पीकर से कहा कि विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) विधेयक को किसी स्थायी समिति या संयुक्त संसदीय समिति को भेजा जाए। हालांकि, अध्यक्ष ने यह कहते हुए अनुरोध अस्वीकार कर दिया कि इस विधेयक पर 14 घंटे से अधिक समय तक बहस हो चुकी है। इस बीच, विपक्ष के नारेबाजी शुरू करने पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बहस जारी रखने की मांग की।

### हम जानते हैं देश की रक्षा कैसे करनी है: किरण चौधरी

भाजपा सांसद किरण चौधरी ने एसएचएएनटीआई बिल का समर्थन करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य लंबे समय से चली आ रही बिखरी हुई व्यवस्था और नीतिगत गतिरोध को समाप्त करना है। यह बिल पुराने बिखरे हुए नियमों को निरस्त कर उनकी जगह लाइसेंसिंग, सुरक्षा एप्रूवल, जवाबदेही और मुआवजे को कवर करने वाला एक फ्रेमवर्क लागू करता है। प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने राष्ट्रीय सुरक्षा और जन सुरक्षा पर स्पष्ट ध्यान केंद्रित करते हुए एक ठोस नींव रखी थी, और अब इस दृष्टिकोण को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साकार रूप दिया है और आगे बढ़ाया है। वे कहती हैं कि विपक्ष निजीकरण को लेकर बेबुनियाद हंगामा कर रहा है, लेकिन हम जानते हैं कि देश की रक्षा कैसे करनी है।

### विकास को सार्वजनिक क्षेत्र ऑपरेट करे: जयराम

जयराम रमेश ने कहा कि विकास को सार्वजनिक क्षेत्र ऑपरेट करे। यदि इसे निजी क्षेत्र ने अपने हाथ में ले लिया तो यह डॉ. होमी भाभा और विक्रम साराभाई जैसे हमारे परमाणु कार्यक्रमों का नेतृत्व करने वाले वैज्ञानिकों की दृढ़ मान्यताओं की अनदेखी करने के बराबर होगा। राज्यसभा में एसएचएएनटीआई बिल पर चर्चा जारी है। कांग्रेस के जयराम रमेश ने कहा कि डॉ. होमी भाभा ने तीन चरणों की रूपरेखा प्रस्तुत की। यूरेनियम, प्लूटोनियम-थोरियम और थोरियम-यूरेनियम। आज हमने पहला चरण तो पार कर लिया है, लेकिन दूसरे चरण में अटके हुए हैं। हमारे पास दुनिया के थोरियम भंडार का एक चौथाई हिस्सा है, हम यूरेनियम की कमी वाले देश हैं, जबकि थोरियम समृद्ध हैं। उन्होंने डॉ. अनिल काकोडकर का हवाला देते हुए कहा कि हमें पहले चरण में भी थोरियम का उपयोग करना चाहिए, ताकि हम सीधे तीसरे चरण में पहुंच सकें। यदि हम ऊर्जा सुरक्षा चाहते हैं, तो हमें थोरियम भंडार का उपयोग करना चाहिए। हमें बाहर की निजी कंपनियों की बातों पर भरोसा करने के बजाय अपने वैज्ञानिकों की बातों पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने यह भी आग्रह किया कि निजी कंपनियां फ्रांस, दक्षिण कोरिया और रूस जैसे अन्य देशों से तकनीक आयात करने के बजाय देश के भीतर ही इसका उपयोग करें।

### कांग्रेस बोली, जी राम जी बिल को स्टैंडिंग कमेटी को भेजें

कांग्रेस के सांसद केजी वेणुगोपाल ने स्पीकर से कहा कि विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एंड आजीविका मिशन (ग्रामीण) विधेयक को किसी स्थायी समिति या संयुक्त संसदीय समिति को भेजा जाए। हालांकि, अध्यक्ष ने यह कहते हुए अनुरोध अस्वीकार कर दिया कि इस विधेयक पर 14 घंटे से अधिक समय तक बहस हो चुकी है। इस बीच, विपक्ष के नारेबाजी शुरू करने पर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बहस जारी रखने की मांग की।

### सरकार रोजगार गारंटी को खत्म कर रही: मनीष तिवारी

मनरेगा विवाद पर कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने कहा, 'समस्या यह है कि आप महात्मा गांधी का अपमान कर रहे हैं। आप महात्मा गांधी और भगवान राम के बीच अनावश्यक भेद पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। जब नाथूराम गोडसे ने महात्मा गांधी को गोली मारी थी, तो आप जानते हैं कि गोडसे किस संगठन से जुड़ा हुआ था। गांधी जी के अंतिम शब्द थे 'हे राम'। महात्मा गांधी के नाम पर शुरू की गई इतनी अच्छी योजना, जिसने करोड़ों गरीब लोगों के लिए सामाजिक सुरक्षा का सेफ्टी नेट का काम किया, आप इसे खत्म करने पर क्यों अड़े हुए हैं। अगर आप विधेयक पढ़ें, तो उसमें मनरेगा में दी गई रोजगार की गारंटी को पूरी तरह से हटा दिया गया है।'

### लोगों से अधिकार छीने जा रहे

राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, 'यह मनरेगा का नाम बदलने का मुद्दा नहीं है, बल्कि काम के अधिकार का सवाल है। जो अधिकार हमने दिया था, उसे छीना जा रहा है। वे लोगों के अधिकार छीन रहे हैं। यह एक बड़ा मुद्दा है और गरीबों के लिए बेहद कठिन है। इसलिए हम इसे अंत तक लड़ेंगे। हम सड़कों पर उतरकर लड़ेंगे और हर राज्य के हर जिल में आंदोलन होगा।'

### मुझे नहीं लगती आज प्रदूषण पर चर्चा होगी

संसद में वायु प्रदूषण पर चर्चा को लेकर समाजवादी पार्टी के सांसद रामगोपाल यादव ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि प्रदूषण पर कोई चर्चा होगी, क्योंकि दिल्ली की मुख्यमंत्री के अनुसार दिल्ली में कोई प्रदूषण है ही नहीं। उनका कहना है कि एक्यूआई तापमान होता है, यानी उन्हें यह भी नहीं पता कि प्रदूषण क्या है। अगर हम प्रदूषण खत्म करना चाहते हैं, तो मेरा एक सुझाव है हर व्यक्ति के पास सिर्फ एक ही कार होनी चाहिए और पेट्रोल-डीजल की खपत सीमित की जानी चाहिए।

### दिल्ली में सांस लेना मुश्किल, केंद्र ने क्या किया

लोकसभा में वायु प्रदूषण पर चर्चा पर कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा, 'आज दिल्ली में सांस लेना मुश्किल हो गया है, बोलना भी मुश्किल हो गया है। दिल्ली की जनता एक गैस चैंबर में फंसी हुई है, घुटन महसूस कर रही है। केंद्र में मोदी सरकार को 11 साल हो चुके हैं। उन्होंने क्या किया है। मैं पिछली आप सरकार को भी जिम्मेदार मानता हूं। इन दोनों ने दिल्ली में जीवन को कठिन बना दिया है। आम आदमी के लिए सांस लेना भी मुश्किल हो गया।

### घर में क्लेश हो जाए तो जय राम जय राम बोलें

जीरामजी बिल पर बहस के बीच उत्तराखंड से बीजेपी सांसद अजय भट्?ट की ठिठौली का वीडियो वायरल हो गया है। इसमें वे कहते नजर आ रहे हैं कि लड़की की शादी नहीं हो रही हो, नौकरी नहीं लग रही हो, घर में कलेश हो, पति-पत्नी में नहीं बन रही हो, रिश्ता बिगड़ गया हो, या फिर अगर गाय दूध नहीं दे रही होतो आप जय राम जय राम जय जय राम बोलिए, काम हो जाएगा। कहां इंटेंशन गलत है। अजय की बात सुनकर वहां मौजूद सांसद हंसते नजर आ रहे हैं।

मुझे नहीं लगती आज प्रदूषण पर चर्चा होगी

संसद में वायु प्रदूषण पर चर्चा को लेकर समाजवादी पार्टी के सांसद रामगोपाल यादव ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि प्रदूषण पर कोई चर्चा होगी, क्योंकि दिल्ली की मुख्यमंत्री के अनुसार दिल्ली में कोई प्रदूषण है ही नहीं। उनका कहना है कि एक्यूआई तापमान होता है, यानी उन्हें यह भी नहीं पता कि प्रदूषण क्या है। अगर हम प्रदूषण खत्म करना चाहते हैं, तो मेरा एक सुझाव है हर व्यक्ति के पास सिर्फ एक ही कार होनी चाहिए और पेट्रोल-डीजल की खपत सीमित की जानी चाहिए।

दिल्ली में सांस लेना मुश्किल, केंद्र ने क्या किया

लोकसभा में वायु प्रदूषण पर चर्चा पर कांग्रेस सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा, 'आज दिल्ली में सांस लेना मुश्किल हो गया है, बोलना भी मुश्किल हो गया है। दिल्ली की जनता एक गैस चैंबर में फंसी हुई है, घुटन महसूस कर रही है। केंद्र में मोदी सरकार को 11 साल हो चुके हैं। उन्होंने क्या किया है। मैं पिछली आप सरकार को भी जिम्मेदार मानता हूं। इन दोनों ने दिल्ली में जीवन को कठिन बना दिया है। आम आदमी के लिए सांस लेना भी मुश्किल हो गया।

घर में क्लेश हो जाए तो जय राम जय राम बोलें

जीरामजी बिल पर बहस के बीच उत्तराखंड से बीजेपी सांसद अजय भटट की ठिठौली का वीडियो वायरल हो गया है। इसमें वे कहते नजर आ रहे हैं कि लड़की की शादी नहीं हो रही हो, नौकरी नहीं लग रही हो, घर में कलेश हो, पति-पत्नी में नहीं बन रही हो, रिश्ता बिगड़ गया हो, या फिर अगर गाय दूध नहीं दे रही होतो आप जय राम जय राम जय जय राम बोलिए, काम हो जाएगा। कहां इंटेंशन गलत है। अजय की बात सुनकर वहां मौजूद सांसद हंसते नजर आ रहे हैं।

# पति पत्नी ने मिलकर किया अपने ही मकान मालकिन की हत्या, पति पत्नी गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

गाजियाबाद के नन्दग्राम थाना क्षेत्र स्थित औरा चिमेरा सोसाइटी से एक सनसनीखेज हत्या का मामला सामने आया है। यहां पति-पत्नी ने मिलकर अपनी फ्लैट मालकिन दीपशिखा शर्मा की बेरहमी से हत्या कर दी। आरोपियों ने पहले महिला पर हमला किया, फिर दुपट्टे से गला घोंटकर जान ले ली। हत्या के बाद शव को ठिकाने लगाने के लिए चाकू से काटकर छोटे- छोटे टुकड़े किए, उन्हें सूटकेस में पैक कर बेड बॉक्स में छिपा दिया। पुलिस ने आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। ज्ञात हो कि मृतका दीपशिखा शर्मा, अपने पति उमेश शर्मा के साथ सहानी इलाके में रहती थीं। उनका दूसरा फ्लैट राजनगर एक्सटेंशन के औरा चिमेरा सोसाइटी में है। जिसे उन्होंने अजय गुप्ता और उसकी पत्नी आकृति गुप्ता को किराए पर दिया था। परिजनों के मुताबिक पिछले छह महीनों से फ्लैट का किराया बकाया था। जिसको लेकर मकान मालकिन परेशान थी । 17 दिसंबर की शाम दीपशिखा शर्मा बकाया किराया मांगने के लिए अपने दूसरे फ्लैट पर गई थीं। देर रात करीब 11 बजे तक जब वह घर नहीं लौटीं तो परिजनों को चिंता हुई। तलाश के दौरान सोसाइटी के गार्ड रूम में लगे सीसीटीवी कैमरे चेक किए गए, जिसमें दीपशिखा को अजय गुप्ता के फ्लैट में जाते हुए देखा गया, लेकिन बाहर आते हुए उनकी कोई फुटेज नहीं मिली। इस पर परिवार को शक हुआ। परिजन सीधे फ्लैट पर पहुंचे और दरवाजा खटखटाया। काफी देर तक दरवाजा नहीं खुला तो आसपास के लोग भी इकट्ठा हो गए। बाद में दरवाजा खुलते ही लोगों ने अजय और उसकी पत्नी को पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दी।



आरोपी



मृतका दीप शिखा

सूचना मिलते ही नंदग्राम थाना पुलिस मौके पर पहुंची। कमरे की तलाशी लेने पर पुलिस को बेड बॉक्स में छिपाया गया लाल रंग का सूटकेस मिला, जिसमें दीपशिखा शर्मा के शव के टुकड़े बरामद हुए। यह दृश्य देखकर परिजन फूट-फूटकर रो पड़े। पुलिस की माने तो प्राथमिक जांच में सामने आया कि उमेश शर्मा की पत्नी दीपशिखा शर्मा किराया लेने अपने फ्लैट पर गई थीं। देर रात तक वापस न लौटने पर खोजबीन की गई। तलाशी के दौरान एक लाल रंग के बैग में मृतका का शव बरामद हुआ। किराएदार अजय गुप्ता और उसकी पत्नी आकृति गुप्ता को हिरासत में ले लिया गया है। दोनों ने पूछताछ में अपराध स्वीकार कर लिया है और उनके खिलाफ सुसंगत धाराओं में कार्रवाई की जा रही है।

फिलहाल पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया जारी है।

## काशी में बन रही है देश की दूसरी सबसे बड़ी मां सरस्वती की प्रतिमा, तीन देवियों का दिखेगा स्वरूप

जन एक्सप्रेस। वाराणसी


काशी में एक बार फिर देश की दूसरी सबसे बड़ी और प्रदेश की सबसे बड़ी मां सरस्वती की प्रतिमा बन रही है। इस बार ये पिछले साल से आठ फीट अधिक ऊंची होगी। यानी दूसरी प्रतिमा 53 फीट और तीसरी 46 फीट की होगी। दोनों प्रतिमाएं करीब दो माह से बन रही हैं और 23 जनवरी को सरस्वती पूजा से पहले बनकर तैयार हो जाएंगी। ये सोने व चांदी के लुक में दिखाई देंगी। मां दुर्गा, लक्ष्मी और मां सरस्वती के मिश्रित रूप में भारत की महारानी के स्वरूप में होंगी। दोनों उत्तर प्रदेश की सबसे बड़ी प्रतिमाएं होंगी। दुर्गा पूजा और सरस्वती पूजा पर बड़ी प्रतिमाएं बनाने का चलन बंगाल के बाद काशी में भी पिछले तीन वर्षों से तेजी से बढ़ा है। पिछले साल भी देश की दूसरी सबसे बड़ी मां सरस्वती की प्रतिमा यहीं बनी थी, जो 45 फीट ऊंची थी। इस बार इससे भी बड़ी 53 फीट की प्रतिमा बन रही है। तीसरे नंबर की मां सरस्वती की प्रतिमा 46 फीट की होगी। दोनों प्रतिमाएं खोजवां स्थित मूर्ति कारखाने में बन रही हैं। इन्हें काशी के साथ बंगाल के 14 कारीगर तैयार कर रहे हैं। प्रख्यात मूर्तिकार अभिजीत विश्वास ने बताया कि पूजा पंडालों में अब बड़ी मूर्तियों की मांग बढ़ी है। इस बार पिछले साल से दोगुनी यानी 27 बड़ी प्रतिमाएं बन रही हैं, जिनकी ऊंचाई 30 से 53 फीट तक होगी। ये सभी प्रतिमाएं बैठी मुद्रा में होंगी। 53 फीट वाली प्रतिमा के साथ दो शेर होंगे। बंगाल से श्रृंगार सामग्री लाई जाएगी, जिसमें मां के श्रृंगार से लेकर वस्त्र तक कृत्रिम चांदी के होंगे। मां दुर्गा और लक्ष्मी के मिश्रित रूप में मां सरस्वती की यह प्रतिमा भारत की महारानी के लुक में दिखेगी। इसे आर्यावर्त स्पोर्टिंग क्लब, चेतगंज दलहट्टा में स्थापित किया जाएगा। पिछले साल भी यहीं देश की दूसरी बड़ी प्रतिमा स्थापित की गई थी। उन्होंने बताया कि दूसरी प्रतिमा कृत्रिम सोने में सजी-धजी 46 फीट ऊंची होगी, जिसमें मां हंस पर विराजमान रहेंगी। यह न्यू एकता क्लब, सोनिया गुजराती गली में स्थापित की जाएगी। इन कारखानों में सौ से अधिक प्रतिमाएं बन रही हैं, जो पूरे पूर्वांचल में भेजी जाएंगी। 53 फीट की मां सरस्वती की प्रतिमा में आठ से नौ फीट ऊंचा मुकुट होगा।

## पीएसी स्थापना दिवस पर 47वीं वाहिनी पीएसी गाज़ियाबाद को प्रथम स्थान



जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

उत्तर प्रदेश प्रादेशिक आर्म्ड कॉन्स्टेबुलरी के 78वें स्थापना दिवस के पावन अवसर पर 35वीं वाहिनी पीएसी, लखनऊ के प्रांगण में आयोजित भव्य समारोह के अंतर्गत सम्पन्न हुई उत्तर प्रदेश की सर्वोत्तम वाहिनी चयन प्रतियोगिता में 47वीं वाहिनी पीएसी, गाज़ियाबाद ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर प्रदेश स्तर पर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध किया है। इस गौरवपूर्ण अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा इस उल्लेखनीय उपलब्धि हेतु सेनानायक चारू निगम (आई0पी0एस0) को चल वैजयन्ती प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान 47वीं वाहिनी की उच्चस्तरीय कार्यकुशलता, अनुशासन, प्रशिक्षण एवं संचालन क्षमता का प्रत्यक्ष प्रमाण है। 47वीं वाहिनी पीएसी, गाज़ियाबाद की यह ऐतिहासिक सफलता न केवल बल की पेशेवर दक्षता, समर्पण एवं अनुकरणीय कार्यसंस्कृति को दर्शाती है, बल्कि सम्पूर्ण प्रदेश के लिए गर्व का विषय भी है। यह उपलब्धि वाहिनी के समस्त अधिकारीगण एवं जवानों के अथक परिश्रम, अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा एवं उत्कृष्ट टीम भावना का परिणाम है।



# मोदी और ईडी के खिलाफ नारेबाजी के साथ कांग्रेस का प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस । बांदा



उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अजय राय पूर्व मंत्री के निर्देशानुसार जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यालय से भारी संख्या में कांग्रेसियों के साथ प्रमुख मार्गों में सोनिया गांधी, राहुल गांधी जिंदाबाद व **मोदी जब जब डरता है ईडी को आगे करता है** नारेबाजी करते हुए सरकार विरोधी पीली कोठी पहुंचने पर आगे न बढ़ने को लेकर पुलिस से नोक झोंक हुई जिससे आक्रोशित होकर कांग्रेस जन बीच रोड में बैठकर अपना आक्रोश जताने लगे, इस दौरान सरकार विरोधी जमकर नारेबाजी की गई।

इस अवसर पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेश दीक्षित ने कहा कि पूरे देश के अंदर भाजपा की सरकारे बद नियति और गैर कानूनी तरीके से की गई कार्यवाई पूरी तरह बेनकाब हो चुकी है माननीय अदालत में हाल ही में यंग इंडिया मामले में कांग्रेस नेतृत्व सोनिया गांधी और राहुल गांधी के ऊपर ईडी की कार्यवाई को अवैध और दुर्भावना से ग्रसित पाया अदालत ने फैसला दिया है कि ईडी का मामला क्षेत्राधिकार से बाहर है उसके पास कोई एफ आई आर नहीं है जिसके बिना कोई मामला नहीं बनता है असत्य पर सत्य की जीत का यह एक जीता जागता उदाहरण है। शहर कांग्रेस अध्यक्ष अफसाना शाह ने कहा कि मोदी सरकार पिछले एक दशक से मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के प्रमुख नेताओं के खिलाफ राजनीतिक प्रतिशोध और बदले की भावना से कार्रवाई की जा रही है।

पूरे देश के सामने भाजपा एवं उनकी संस्थाएं बेनकाब हो गई। वरिष्ठ कांग्रेस नेता एआईसीसी सदस्य रमेश चंद्र कोरी ने कहा कि मनी लॉन्ड्रिंग का कोई मामला नहीं बनता अपराध की कोई गुंजाइश नहीं और संपत्ति का कोई हस्तांतरण नहीं यह सभी निराधार आरोप जो निम्न स्तरीय राजनीति देश की भावना और सम्मान पर हमला करने की भावना से प्रेरित है आज सब धाराशाही हो गए है कांग्रेस पार्टी और हमारा नेतृत्व सत्य के लिए और हर भारतीय के अधिकारों के लिए लड़ने के लिए प्रतिबद्ध है हमें कोई भी डरा नहीं सकता क्योंकि हम सत्य के लिए लड़ रहे हैं।

इस अवसर पर प्रमुख रूप से निम्नलिखित व्यक्ति मौजूद रहे एआईसीसी प्रद्युम्न कुमार लालू दुबे एडवोकेट, पीसीसी पवन देवी कोरी, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष सीमा खान एडवोकेट, कार्यालय मंत्री शिवबली सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष/प्रभारी संगठन संकटा प्रसाद त्रिपाठी, मोहम्मद इदरीश, द्वारिकेश सिंह यादव मंडेला एडवोकेट, बल्देव वर्मा एडवोकेट, सूरज बाजपेई एडवोकेट, जिला महामंत्री/मीडिया प्रभारी सत्यप्रकाश द्विवेदी एडवोकेट, शोएब रिजवी, जितेन्द्र गौरव, कंट्रोल रूम प्रभारी बी लाल भाई, जिला प्रवक्ता राममिलन सिंह पटेल एडवोकेट, जिला सचिव हेमन्त कुमार वर्मा, केशव पाल, निसार अहमद, कालीचरण साहू, मंडल अध्यक्ष रज्जाक भाई, कृष्णकुमार द्विवेदी भूलू, रामकुमार सिंह, गोमती देवी, उर्मिला देवी, असरफ उल्ला खान रम्मा, कामता प्रसाद, छेदीलाल धुरिया, नाथूराम सेन, इस्लाम, के पी सेन, सुखदेव गांधी, अनिल त्रिपाठी, अशोक वर्धन कर्ण सहित काफी संख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

# डीएम ने जानी आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण की प्रगति

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के सीएसआर फण्ड से स्वीकृत 10 आंगनवाड़ी केन्द्रों के भवनों एवं मानिकपुर के डोडा माफी में निर्माणाधीन विद्यांजलि प्रोजेक्ट की प्रगति की समीक्षा बैठक गुरुवार को जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें डीएम ने निर्माण कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए सम्बन्धितों को जल्द से जल्द कार्य पूर्ण कराने के सख्त निर्देश दिए। बैठक में जिला कार्यक्रम अधिकारी पी.डी. विश्वकर्मा ने बताया कि बच्चों में व्याप्त कुपोषण एवं नाटापन की समस्या के समाधान योजनान्तर्गत दो चरण में पांच-पांच आंगनवाड़ी केन्द्र भवनों के निर्माण के लिए हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के सी.एस.आर. फण्ड से प्रति केन्द्र 14.23 लाख रुपये की दर से कुल 142.30 लाख की स्वीकृति प्राप्त हुई थी। जिसके तहत समस्त निर्माण कार्य 31 दिसम्बर 2025 तक पूर्ण होना था, किन्तु प्रथम चरण में चयनित पांच आंगनवाड़ी केन्द्रों में चार केन्द्रो कलवलिया, खोपा, खरौंध एवं निही चिरैया में पुट्टी व फिनिशिंग कार्य हुआ है, जबकि बधौड़ा में निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो गया है। द्वितीय चरण के पांच केन्द्रों (पहाड़ी में अर्जुनपुर, पटनाखालसा, अशोह तथा मऊ में जाफरपुर-मजरा खण्डेहा एवं बरगढ़) के ठेकेदारों के स्तर से निर्माण कार्य विलम्ब हुआ है। इस पर जिलाधिकारी ने अवर अभियन्ता सी एण्ड डीएस, उत्तर प्रदेश जल निगम को सख्त निर्देश दिए कि सभी आंगनवाड़ी केन्द्रों का निर्माण कार्य पूर्ण कराकर आईसीडीएस विभाग को हस्तगत कराना सुनिश्चित करें। साथ ही आंगनवाड़ी केन्द्रों पर बच्चों को आकर्षित करने वाली वाल पेंटिंग एवं टाइलिंग का कार्य कराने के निर्देश दिए। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि विद्यांजलि प्रोजेक्ट के तहत डोडामाफी मानिकपुर जनपद चित्रकूट में मुख्यमंत्री अभ्युदय कम्पोजिट विद्यालय (पूर्व प्राथमिक से कक्षा आठवीं तक) के भवन निर्माण व पुस्तकालय की स्थापना, आवश्यक उपकरण एवं फर्नीचर आदि के क्रय के लिए 142.30 लाख रुपये की स्वीकृति प्राप्त हुई है। विद्यालय भवन की फिनिशिंग एवं अन्य कार्य प्रगति पर है। इस पर जिलाधिकारी ने बीएसए को निर्देशित किया कि एक सप्ताह के अन्दर विद्यालय भवन की फिनिशिंग, पुस्तकालय की स्थापना, आवश्यक उपकरण एवं फर्नीचर आदि के क्रय की कार्यवाही जेम पोर्टल से कराना सुनिश्चित करें। सहायक अभियन्ता, आवास विकास परिषद को निर्देशित किया कि विद्यालय भवन का निर्माण आगामी 31 जनवरी 2026 तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। इस मौके पर हिन्दुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड के प्रतिनिधि सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# झाड़ियों के पास पड़ा मिला संदिग्ध अवस्था में एक व्यक्ति का शव

जन एक्सप्रेस । बांदा



बबेरू कोतवाली क्षेत्र के परसौली गांव में एक व्यक्ति का संदिग्ध अवस्था पर पड़ा मिला शव जांच में जुटी पुलिस मौके पर पहुंचे सीओ व कोतवाली प्रभारी निरीक्षक, जांच के लिए पहुंची फील्ड यूनिट फोरेंसिक टीम, बबेरू कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत परसौली गांव निवासी भजनी रैदास के खाली मकान के हाते में झाड़ियों के पास गुरुवार को करीब 4 बजे संदिग्ध अवस्था पर एक व्यक्ति का शव पड़ा मिला है। जहां शव के पास एक सल्फास की गोली की डिब्बी भी मिली है, जैसे ही ग्रामीणों ने देखा तो डायल 112 पीआरबी पुलिस को सूचना दी गई, मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से शव की पहचान राजेश वर्मा पुत्र राम अवतार वर्मा उम्र करीब 36 वर्ष निवासी परसौली के नाम से किया है, वहीं सूचना मिलते ही मौके पर बबेरू कोतवाली प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र सिंह राजावत व बबेरू पुलिस क्षेत्राधिकारी सौरभ सिंह मय फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर परिजनों से पूछताछ कर जांच पड़ताल में जुट गई है। वहीं मौके पर फॉरेंसिक टीम को बुलाकर जांच पड़ताल की गई है। उसके बाद शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए गुरुवार की देर शाम मेडिकल कॉलेज बांदा भेज दिया है। वहीं मौत की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मच गया, जानकारी के मुताबिक मृतक की तीन पुत्री व दो पुत्र हैं। वही पुलिस क्षेत्राधिकारी सौरभ सिंह का कहना है, की परसौली गांव में खाली हाते में झाड़ियां के पास एक व्यक्ति का शव मिला है, शव की पहचान राजेश वर्मा पुत्र रामावतार वर्मा उम्र 36 वर्ष, निवासी परसौली थाना बबेरू के नाम से की गई है। शव के बगल में सल्फास की गोली की डिब्बी मिली है, मौके पर फील्ड यूनिट फॉरेंसिक टीम को बुलाकर जांच पड़ताल करवाई गई है, शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट होगा। उसके बाद आगे की कार्यवाही की जाएगी।

# एस.आई.आर. के प्रति बसपा की टीम ने कार्यकर्ताओं को किया जागरूक

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान (एस.आई.आर.) के तहत बहुजन समाज पार्टी के पदाधिकारियों ने जिलाध्यक्ष अधिवक्ता शिवबाबू वर्मा के नेतृत्व में गुरुवार को विधानसभा क्षेत्र चित्रकूट और मानिकपुर का भ्रमण किया। बसपा पदाधिकारियों ने विधानसभा क्षेत्रों के रौली कल्याणपुर, रसिन, गोंडा, भैसौंधा, सिद्धपुर सहित अन्य बूथों का भ्रमण कर अधिक से अधिक छूटे हुए लोगों को अपना नाम मतदाता सूची में शामिल कराने के लिए जागरूक किया।

इस दौरान बसपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता एस.आई.आर. पर ध्यान दें ताकि कोई भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची में दर्ज होने से वंचित न हो। जिन मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट में नहीं होंगे, वह लोग वोट नहीं डाल पाएंगे। ऐसे में सभी लोग पूरी जिम्मेदारी के साथ यह सुनिश्चित करें कि प्रत्येक मतदाता का नाम मतदाता सूची में दर्ज हो। इस मौके पर बुंदेलखंड के मुख्य सेक्टर प्रभारी लालाराम अहिरवार, चित्रकूट धाम मंडल के मुख्य सेक्टर प्रभारी बलदेव प्रसाद वर्मा, मानसिंह कुशवाहा, अवधेश दिनकर, विधानसभा अध्यक्ष सोनपाल वर्मा, जगदीश सिंह यादव, अमरेंद्र विक्रम विक्रांत यादव, अखिलेश कुमार वर्मा, मइयादीन वर्मा, रघुराज वर्मा, रमेश चंद्र वर्मा, नत्थू नामदेव, शिवलाल वर्मा, चुन्नू प्रसाद प्रजापति, शिवबाबू गर्ग, चैतूराम वर्मा, उदय सिंह यादव, गुलाब वर्मा, राम अवतार वर्मा, रघुराज वर्मा, संतोष वर्मा, नंदकिशोर श्रीवास, रिंकू सिंह पटेल, अमित वर्मा, बालेश्वर वर्मा, बिंदा प्रसाद वर्मा, सीताराम वर्मा, अनवर वर्मा आदि मौजूद रहे।

# गायत्री महायज्ञ के पहले दिन हुआ कवि सम्मेलन का आयोजन

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

अखिल भारतीय गायत्री परिवार द्वारा आयोजित 151 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ के प्रथम दिवस की शाम कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें जनपद के कवियों व साहित्यकारों ने अपनी साहित्यिक प्रस्तुतियों से सभी का मनोरंजन किया। कवि सम्मेलन में गीतकार श्रीनारायण तिवारी ने सरस्वती वंदना के माध्यम से माँ वीणावादिनी का आह्वाहन किया। इसके बाद उन्नाव के कवि सूर्यकांत मौर्य 'अंगारा' ने अपना ओजस्वी काव्यपाठ किया। जनपद के श्रेठ एवं ज्येष्ठ रचनाकार हरिमोहन राय ने 'जन जन के राम' विषयवस्तु पर आधारित रचनापाठ किया। इसी कड़ी में भारतीय सेना में अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे राजेन्द्र पांडेय ने अपनी संजीदा रचनाओं से श्रोताओं को मोहा। जनपद के युवा गीतकार दिनेश दीक्षित 'संघर्षी' ने भगवान मर्यादा पुरुषोत्तम के जीवन की चर्चा अपने छंद एवं मुक्तकों से की, जिसका श्रोताओं ने जोरदार समर्थन किया। वरिष्ठ गजलकार संदीप श्रीवास्तव ''दीप'' ने शायरी के माध्यम से श्रोताओं को आनन्दित किया। गीतकार श्रीनारायण तिवारी ने हास्य-व्यंग की नोकझोंक करते हुए अपना काव्यपाठ आरम्भ किया, जिसका श्रोताओं ने भरपूर आनंद लिया एवं अपनी राममय रचना से सभी को रसासिक्त किया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने समस्त कवियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

## कोतवाली सदर पुलिस ने कत्ल के फरार चल रहे अभियुक्त को दबोचा

**जन एक्सप्रेस/हमीरपुर।** अपराधों की रोकथाम के साथ ही अपराधियों की धरपकड़ के लिये चलाये जा रहे अभियान के तहत सदर कोतवाली पुलिस ने कत्ल की वारदात को अंजाम देने वाले फरार चल रहे 40 वर्षीय बरदहा निवासी अभियुक्त विजय सागर उर्फ भल्लू उर्फ बबलू पुत्र श्रीराम को प्राथमिक विद्यालय बरदहा नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया। जहाँ से उसे जेल भेज दिया गया है। कोतवाली इंस्पैक्टर पवन कुमार पटेल ने बताया कि पकड़ा गया अभियुक्त कत्ल की वारदात को अंजाम देकर फरार चल रहा था। अभियुक्त के खिलाफ सदर कोतवाली में मु0अ0सं0 263/2025 धारा 103(1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया गया था। पकड़े गये अभियुक्त के पास से पुलिस ने वारदात में इस्तेमाल किया गया काला ऊनी मफलर बरामद किया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में सदर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार पटेल, एस आई कृष्ण देव त्रिपाठी, हेड कांस्टेबल बबलेश कुमार सहित कांस्टेबल इखलाक खासतौर से शामिल रहे।

# पाठशाला में मिले खेती से जुड़े किसानों के सवालों के जवाब

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



पहाड़ी ब्लॉक की लोहदा ग्राम पंचायत में किसान पाठशाला का आयोजन किया गया। पंचायत में किसानों के साथ खेती से जुड़े सवालों और अनुभवों के पर चर्चा की गई।यह किसान पाठशाला कृषि विभाग के निर्देशन में तथा सीपीडी एग्रो फार्मिंग प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड के सहयोग से आयोजित की गई। पाठशाला में गेहूं, चना, मसूर, मटर, जौ, मक्का, दलहन-तिलहन एवं प्राकृतिक खेती जैसे विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। खेती की लागत कम करने, उत्पादन बढ़ाने और स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार फसल चयन पर किसानों से सीधा संवाद हुआ। पहाड़ी ब्लॉक के एसडीओ एवं तकनीकी सहायक मौजूद रहे और किसानों के सवालों का मौके पर तकनीकी समाधान बताया। कार्यक्रम के दौरान किसानों को एफपीओ से जुड़ने के लाभ भी समझाए गए। सामूहिक रूप से बीज, खाद और अन्य कृषि इनपुट लेने, बेहतर बाजार व्यवस्था, उचित मूल्य और सरकारी योजनाओं का लाभ एकजुट होकर लेने पर जोर दिया गया। सीपीडी एग्रो फार्मिंग प्रोड्यूसर कंपनी के प्रतिनिधियों ने एफपीओ की कार्यप्रणाली और सदस्यता प्रक्रिया की जानकारी दी। किसान पाठशाला के दौरान खेत से जुड़ी बात सीधे किसानों तक पहुँची और किसानों ने उम्मीद जताई कि ऐसे कार्यक्रम नियमित रूप से हों, ताकि जानकारी केवल कागज तक सीमित न रहे, बल्कि खेतों में दिखाई दे।

किसान पाठशाला में तीरथ राज सिंह, सुरेश सिंह बघेल, ललित कुमार गर्ग, बच्चन सिंह, छोटा यादव, मीरा, छेदीलाल कोटेदार, राजेन्द्र कुमार, राज कुमार, लखन लाल, प्यारे लाल, ननका चौकीदार, बच्ची लाल, छोटे लाल, प्रदीप शुक्ला (नेताजी), मनेन्द्र सिंह, सचिन सिंह सहित सैकड़ों किसान और ग्रामीण उपस्थित रहे। महिलाओं की भागीदारी भी चर्चा का विषय रही।

# राजकीय इंटर कालेज में आयोजित हुआ वृहद रोजगार मेला

जन एक्सप्रेस । बांदा



प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की सरकार के मिशन रोजगार के तहत गुरुवार को जनपद में सेवा नियोजन निदेशालय उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय द्वारा राजकीय इंटर कॉलेज मटौंध में एक दिवसीय बृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें लगभग 350 बेरोजगार अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया और यहां पर आई कई कंपनियों ने उनका साक्षात्कार लिया। जिसमें कुल 193 बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन किया गया। और सरकार के मिशन रोजगार के तहत इन सभी अभ्यर्थियों को अलग-अलग कंपनियों में नौकरी मिली। उक्त रोजगार मेले में 5 कंपनियों ने अभ्यर्थियों का चयन किया। जिसमें आमधन-ई प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने 12 अभ्यर्थियों का चयन किया, वहीं रिलायंस निप्पोन लाइफ इंश्योरेंस कंपनी ने 37 अभ्यर्थियों का, एजुवेंटेड प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने 16, सारा सिक्योरिटी साल्यूशन ने 128 व जीवितम कंपनी ने 23 अभ्यर्थियों का चयन किया।

कुल 193 बेरोजगार अभ्यर्थियों को इस रोजगार मेले में नौकरी मिली। बृहद रोजगार मेले का उद्घाटन जिला विद्यालय निरीक्षक जनपद दिनेश कुमार द्वारा किया गया एवं इस अवसर पर सहायक निदेशक सेवायोजन अहमद अंसारी, जिला सेवायोजन अधिकारी मोहित जायसवाल तथा राजकीय इंटर कॉलेज मटौंध की प्रधानाचार्य प्रियंका सिंह उपस्थित रहीं। इन लोगों के द्वारा चयनित हुए अभ्यर्थियों को बधाई दी गई और कहा कि सभी अभ्यर्थी अब अपने दायित्वों का सही से निर्वहन करें। वही इन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरकार के मिशन रोजगार के तहत इस मेले का आयोजन कराया गया था। जिसका उद्देश्य सिर्फ इतना है कि उत्तर प्रदेश के युवाओं को नौकरियां मिल सके।

## मोरम पट्टाधारकों ने जिले के अधिकारियों को कर रखा है पूरी तरह मैनेज : सांसद

**जन एक्सप्रेस/हमीरपुर।** सरीला के इछौरा झिटकिरी मोरम खण्ड 25/9 में भारी भरकम प्रतिबंधित पोकलैण्ड मशीनों से पट्टाधारक ए0एन0 बिल्डर एनजीटी के नियमों को ताख पर रखकर खुलेआम कर रहे हैं मोरम का अवैध खनन। मोरम के अवैध खनन को लेकर हमीरपुर महोबा तिंदवारी से सपा सांसद अजेन्द्र सिंह राजपूत का दावा है है कि मोरम ठेकेदारो ने जिले के अधिकारियों को कर रखा है पूरी तरह मैनेज। जिसके चलते वो मोरम का अवैध खनन करने वाले पट्टाधारकों और खण्ड संचालकों के खिलाफ कार्यवाही करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे हैं, जिसके चलते ए0एन0 बिल्डर सूबे के ईमानदार मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति का उड़ा रहे हैं जमकर मजाक। वही नगर के किंग रोड की एक शाप से जिम्मेदारों को मोरम के अवैध खनन पर मुंह बंद रखने के लिये किया जा रहा है मैनेज। जबकि समाजवादी पार्टी के शासन काल में मोरम के अवैध खनन का पाठ पढ़ाने वाली भाजपा मोरम के अवैध खनन पर अब खुद फंसी विवादों और सवालों के घेरे में।

# जनपद में धीरेंद्र शास्त्री की हनुमंत कथा का भव्य आयोजन

जन एक्सप्रेस । बांदा




बुंदेलखंड के जनपद में पहली बार बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर धीरेंद्र शास्त्री की हनुमंत कथा होने जा रही है। कथा के दौरान उनका दिव्य दरबार भी सजेगा। जिसमें श्रद्धालुओं की जिज्ञासाओं एवं कष्टों का समाधान होगा। इस कथा में बुंदेलखंड के जालौन, हमीरपुर, महोबा, जनपद के अलावा सतना, रीवा, पन्ना और प्रयागराज, कानपुर, फतेहपुर जनपद के श्रद्धालु भी भाग लेंगे। कलश यात्रा 15 जनवरी को निकलेगी। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल होंगी। कथा 16 से 20 जनवरी तक होगी।

यह बात मवई बाईपास में स्थित कथा के मुख्य आयोजक भाजपा नेता व बुंदेलखंड यूथ फाउंडेशन के संस्थापक प्रवीण सिंह ने गुरुवार को कथा स्थल मवई बाईपास में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कही।उन्होंने बताया कि कथा का मुख्य आयोजक बुंदेलखंड यूथ फाउंडेशन है लेकिन यह आयोजन जन सहयोग से संपन्न होने वाला ऐतिहासिक धार्मिक कार्यक्रम है।जिसमें बांदा सहित आसपास के लगभग 10 जनपदों के श्रद्धालुओं को लाभ प्राप्त होगा। कथा के साथ-साथ महाराज का दिव्य दरबार भी सजेगा जिसमें श्रद्धालुओं की जिज्ञासाओं का समाधान होगा। उन्होंने बताया कि आयोजन को सफल बनाने के लिए हजारों समर्पित युवा व भक्तगण सेवादार के रूप में अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे। सेवादारों को विभिन्न समितियां में विभाजित किया गया है। जिसमें प्रमुख रूप से आयोजन समिति, पंडाल एवं मंच समिति, जलपान एवं भोग समिति, पूजन व्यवस्था समिति, कलश यात्रा समिति, प्रचार प्रसार समिति, स्वागत समिति, यातायात वाहन एवं पार्किंग व्यवस्था समिति, आवास व्यवस्था समिति, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य समिति, सफाई व विद्युत व्यवस्था समिति, मीडिया समन्वय समिति आदि के साथ ही श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए केंद्रीय कंट्रोल रूम की स्थापना की जाएगी। जिसके माध्यम से कथा स्थल पर समस्त व्यवस्थाओं का संचालन किया जाएगा।

आयोजन समिति द्वारा यह भी बताया गया कि विभिन्न समितियां के प्रमुख सेवादारों का चयन आपसी चर्चा के उपरांत किया जाएगा। जिसकी जानकारी कथा से पूर्व उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने यह भी बताया कि कथा स्थल में विशाल पंडाल की व्यवस्था की गई है जहां पर करीब डेढ़ सौ सीसीटीवी कैमरे भी लगाए जाएंगे। जो लोग पंडाल के अंदर नहीं बैठ पाएंगे उनके लिए एलईडी की व्यवस्था भी की गई है। प्रेस वार्ता में भाजपा कार्यालय प्रभारी एवं संस्थापक सदस्य बुंदेलखंड यूथ फाउंडेशन दिलीप गुप्ता व मीडिया प्रभारी हर्षित निगम भी मौजूद रहे।

## करियर मेले में बालिकाओं ने किया प्रतिभा प्रदर्शन

**चित्रकूट।** जिला मुख्यालय स्थित राजकीय बालिका इण्टर कॉलिज में कैरियर मेले का आयोजन किया गया। जिसमें विशेषज्ञों ने छात्राओं को जागरूक करते हुए विभिन्न क्षेत्रों में करियर बनाने के लिए मार्गदर्शन किया। इस दौरान छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गई, जिनकी सभी ने सराहना की। कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के तहत रामायण के धनुष-भंग का जीवंत मंचन किया। साथ ही नृत्य एवं नाटक भी प्रस्तुत किए। इसके अलावा छात्राओं द्वारा बनाए गए माडल एवं पंख डायरी को भी अवलोकन के लिए प्रदर्शित किया गया। छात्रा जोया, अल्फिया, महक बोरिया द्वारा बनाये गए सेल्फी पॉइंट की सराहना की गई। प्रधानाचार्या शशिकला ने पंख पोर्टल एवं कैरियर मेले पर विभिन्न कैरियर क्षेत्रों पर चर्चा की। भाजपा जिलाध्यक्ष महेन्द्र कोटार्य, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर, जिला समन्वयक विवेक सिंह, जिला नोडल कैरियर मार्गदर्शक कमला साहू, पूर्व प्रधानाचार्या विनीता वर्मा, मनीषा गर्ग, विद्यालय नोडल नीलम जैन ने विभिन्न क्षेत्रों में करियर बनाने के लिए छात्राओं का मार्गदर्शन किया।

# किसानों को औद्यानिक योजनाओं से करें लाभान्वित : डीएम

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट

जिला औद्यानिक मिशन समिति, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पी.डी.एम.सी.), प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना तथा बुन्देलखण्ड एवं विन्ध्य क्षेत्र में औद्यानिक विकास योजनाओं के अनुमोदन के सम्बन्ध गुरुवार को कलेक्टरेट सभागार में जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने किसानों से उनके द्वारा संचालित कार्यों के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि विभागीय योजनाओं का जनपद स्तर पर व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करते हुए अधिक से अधिक कृषकों को औद्यानिक योजनाओं से लाभान्वित किया जाए। जिला उद्यान अधिकारी प्रतिभा पाण्डेय ने समिति को जनपद में संचालित एकीकृत बागवानी विकास मिशन, प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पी.डी.एम.सी.), ड्रॉप मोर क्रॉप योजना एवं प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना आदि के अंतर्गत निदेशालय द्वारा निर्धारित भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्यों की विस्तृत जानकारी दी, जिस पर समिति द्वारा अनुमोदन प्रदान किया गया। साथ ही बताया कि बुन्देलखण्ड एवं विन्ध्य क्षेत्र औद्यानिक विकास योजना के अंतर्गत किसानों को आंवला एवं नींबू के बाग लगाने पर विभाग द्वारा 3,000 प्रति माह की दर से प्रोत्साहन राशि प्रदान की जा रही है। उप कृषि निदेशक ने जनपद स्तर पर नींबू एवं आँवला के अधिकाधिक बागों के रोपण को प्रोत्साहित करने पर बल दिया।

# गरीबों को हेल्पिंग द मैनकाइंड फाउंडेशन ने बांटे ठंड से बचने के लिए कंबल

जन एक्सप्रेस । बांदा



मौसम में आए अचानक बदलाव एवं बढ़ती ठंड को मद्देनजर रखते हुए हेल्पिंग द मैनकाइंड फाउंडेशन जनपद संस्था की टीम की ओर से बबेरू के ग्राम गौरीखानपुर में सीज़न का दूसरा बड़ा बृहद कंबल वितरण किया गया जिसमें लगभग एक सैकड़ा से अधिक ज़रूरत मंद परिवारों को कंबल वितरित किए गए एवं एक सैकड़ा से अधिक बच्चों को सर्दी के गर्म टोपे वितरित किए गए जिसको पाकर ज़रूरत मंद परिवारों, बुजुर्गों, महिलाओं एवं बच्चों के चेहरों में खुशी देखी गई ग्राम वासियों ने हेल्पिंग द मैनकाइंड फाउंडेशन जनपद ग्रुप की पूरी टीम का आभार व्यक्त किया। ग्राम वासियों का कहना था कि ठंड की इस घड़ी में ज़रूरत मंद परिवारों के बुजुर्गों एवं बच्चों का संस्था ने ख्याल रखा गया और कंबल एवं गर्म टोपे उपलब्ध कराएं। इस अवसर पर संस्था के संरक्षक हसन उद्दीन सिद्दीकी साहब के संरक्षण में आयोजन समिति हेल्पिंग द मैनकाइंड फाउंडेशन जनपद संस्था से संस्था के अध्यक्ष नदीम उल्ला खान,वरिष्ठ सहयोगियों में सुनील सक्सेना मीडिया प्रभारी, मोहम्मद शादाब पूर्व प्रधान, आरिफ खान, सैफ उल्ला उर्फ मुन्ना, उपाध्यक्ष जावेद खान, संगठन मंत्री शेख रिज़वान, शाखा प्रमुख छावनी हसीब, शाखा प्रमुख खाईपार अली, महामंत्री शहबाज खान हनी, शाखा प्रमुख सिकंदर सनी, सोशल मीडिया प्रभारी उरूज़, सहयोगी इरशाद हुसैन, टीपू,उपाध्यक्ष मोहम्मद फरहान एवं कलीम उल्ला खान, सचिव उमर अली,कोषायक्ष अनस उल्ला खान, उपसचिव आसिफ मसूदी एवं गफ्फार खान, कानूनी सलाहकार समीर उलहक़ एड, सलाहकार में आबिद अली, शिफात खान, विक्की खान, भरत हार्डवेयर, कार्यालय प्रभारी इमरान एवं शादाब हुसैन सदस्य ब्रज बिहारी, उस्मान सभी ने आए हुए ज़रूरत मंद परिवारों का आभार व्यक्त किया। टीम द्वारा अवगत कराया गया कि आगे भी सर्दी की रातों में ज़रूरत मंद लोगों को ठंड से बचाने के लिए संस्था के लोग सड़क किनारे सो रहे ज़रूरत मंदो में कंबल एवं गर्म टोपे आदि उपलब्ध कराने का कार्य हर साल की तरह इस साल भी बराबर करती रहेगी।



**पीएम मोदी को ऑर्डर ऑफ ओमान सम्मान...**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ओमान का दूसरा सर्वोच्च सम्मान मिला है। उन्हें सुल्तान हैथम बिन तारिक ने ऑर्डर ऑफ ओमान से सम्मानित किया है। इससे पहले दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय बैठक की। इस दौरान भारत और ओमान के बीच व्यापार समझौते पर साइन हुए... पढ़ें पेज 12 पर...

# नियमों का कत्ल : स्वास्थ्य विभाग में मृतक आश्रित को अवैध तीसरा मौका

- योगी सरकार के 'जीरो टॉलरेंस' पर सवाल, अफसरों पर संरक्षण का आरोप

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

एक तरफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भ्रष्टाचार पर 'जीरो टॉलरेंस' की बात कर रहे हैं, दूसरी तरफ चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाओं के निदेशालय में नियमों को ताक पर रखकर एक मृतक आश्रित कर्मचारी को अवैध रूप से तीसरा मौका देने का गंभीर मामला सामने आया है। आरोप है कि निदेशक (प्रशासन) कार्यालय में तैनात प्रधान सहायक भानु ने तथ्यों को दबाकर और नियमों को तोड़-मरोड़ कर एक खास व्यक्ति को अनुचित संरक्षण दिया। यह मामला विभागीय नियमों की खुली अवहेलना के साथ ही संविधान के अनुच्छेद-14 (समानता का



अधिकार) पर भी सीधा हमला माना जा रहा है।

### नीति साफ, फिर भी नियमों की अनदेखी

सूत्रों के मुताबिक, मुख्य चिकित्सा अधिकारी लखनऊ के अधीन मृतक आश्रित कोटे से नियुक्त कु. करिश्मा द्विवेदी दो निर्धारित अवसरों में टंकण परीक्षा उत्तीर्ण नहीं कर सकीं। नियमों के अनुसार, टंकण गतिः 25 शब्द प्रति मिनट अधिकतम अवसरः केवल दो दो बार असफल होने परः निम्नतर पद पर प्रत्यावर्तित इसके बावजूद नियमों को दरकिनार कर दिया गया।

### परिणाम में भी गड़बड़ी?

28 नवंबर 2025 को घोषित परिणामों में 62 में से सिर्फ 60 अभ्यर्थियों का परिणाम जारी किया गया।

**कु. द्विवेदी का परिणाम–** अनुत्तीर्ण, प्राप्तांक शून्य। इसके बावजूद नियमों के तहत अयोग्य होने के बाद भी उन्हें तीसरा मौका दे दिया गया।

तीन पर कार्रवाई, एक को संरक्षण

03 दिसंबर 2025 के आदेश में दो बार अनुत्तीर्ण होने वाले तीन कर्मचारियों को चतुर्थ श्रेणी में प्रत्यावर्तित कर दिया गया, लेकिन कु. द्विवेदी को नियमों से ऊपर रखकर बचा लिया गया। यह दोहरा मापदंड विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

### सीएम से शिकायत, जांच की मांग

भाजपा के सक्रिय सदस्य प्रेमचंद्र वर्मा ने पूरे प्रकरण की शिकायत सीधे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से की है। शिकायत में प्रधान सहायक भानु पर तथ्य छिपाने और पक्षपात का आरोप लगाते हुए उच्चस्तरीय जांच और सख्त कार्रवाई की मांग की गई है।

### अब निगाहें सरकार पर

स्वास्थ्य विभाग का यह मामला योगी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति की असली परीक्षा बन गया है। देखना होगा कि नियमों को रौंदने वालों पर कार्रवाई होती है या फिर यह मामला भी फाइलों में दफन कर दिया जाएगा।

### 11 महीने तक दबाई गई अनुपस्थिति

निदेशक (प्रशासन) कार्यालय के ज्ञापन संख्या 6912-17 दिनांक 31 दिसंबर 2024 के अनुसार कु. द्विवेदी परीक्षा में अनुपस्थित रहीं, लेकिन यह तथ्य करीब 11 महीने तक छिपाया गया। मामला उजागर होने पर 12 नवंबर 2025 को आनन-फानन में एकल नाम से आदेश जारी कर उन्हें 19 नवंबर 2025 को परीक्षा में बैठने का अवसर दे दिया गया, जबकि उसी दिन 61 अन्य अभ्यर्थियों के लिए अलग आदेश जारी हुआ।

## यूपी विधानसभा सत्रः सर्वदलीय बैठक से पहले सपा नेता की मांग, सत्र छोटा, कार्यवाही के दिन बढ़ाए सरकार

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

यूपी में शुक्रवार से शुरू हो रहे पांच दिवसीय विधान मंडल सत्र के पहले सर्वदलीय बैठक में जाते हुए सपा नेता रविदास मल्होत्रा ने कहा कि सरकार जनता के मुद्दों से बचना चाहती है इसलिए सदन का शीतकालीन सत्र इतना छोटा रखा गया है। उन्होंने मांग की है कि सत्र की कार्यवाही बढ़ाई जानी चाहिए। सर्वदलीय बैठक में विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडे, बसपा नेता उमा शंकर सिंह, कांग्रेस नेता आराधना मिश्रा व अन्य मौजूद रहे। इसके पहले शीतकालीन सत्र के संबंध में बृहस्पतिवार को कार्यमंत्रणा समिति की बैठक बुलाई गई। सरकार वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूरे होने पर सदन में विशेष चर्चा करा सकती है। हालांकि, इस पर फैसला कार्यमंत्रणा समिति की बैठक में लिया जाएगा। विधानमंडल का शीतकालीन सत्र आगामी 19 दिसंबर से शुरू होगा।

## एसीपी बीकेटी ने इटौंजा थाना का किया औचक निरीक्षण



**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ कमिश्नरेट के उत्तरी जोन अंतर्गत इटौंजा थाना का बीकेटी एसीपी ज्ञानेंद्र सिंह ने औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर की साफ-सफाई, अभिलेखों, कार्यालय व्यवस्था तथा कंप्यूटर कक्ष की व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। वहीं एसीपी ने थाना परिसर को स्वच्छ, सुव्यवस्थित और जन-अनुकूल बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने रिकॉर्ड में पारदर्शिता पर विशेष जोर देते हुए कहा कि अभिलेखों में किसी प्रकार की लापरवाहीं बर्दाश्त नहीं की जायेगी। साथ ही कंप्यूटर कक्ष में उपलब्ध तकनीकी संसाधनों का अधिकतम और प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान एसीपी ने नागरिकों से जुड़ी शिकायतों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, फरियादियों के साथ संवेदनशील व्यवहार तथा पारदर्शी कार्यप्रणाली अपनाने को कहा, उन्होंने कहा कि थाना पुलिस जनता की सेवा और विश्वास की पहली कड़ी है। इस मौके पर इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक मार्कंडेय यादव दरोगा सिपाही मौजूद रहें। एसीपी बीकेटी ज्ञानेंद्र सिंह के इस औचक निरीक्षण से थाना स्तर पर अनुशासन, जवाबदेही और कार्यकुशलता को लेकर सकारात्मक संदेश गया है।

## दुग्ध विकासः 'कृषकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम योजना' हेतु 136.46 लाख स्वीकृत

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने दुग्ध विकास के अंतर्गत आच्छादित संस्थाओं के माध्यम से कृषकों को प्रशिक्षण दिए जाने हेतु कृषकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम योजना के तहत वर्तमान वित्तीय वर्ष में 136.46 लाख रुपये की धनराशि द्वितीय किश्त के रूप में स्वीकृत की है। यह धनराशि 31 जनपदों के लिए जिला योजना एससीपी के तहत स्वीकृत की गई है। जारी आदेशानुसार योजना के सुव्यवस्थित क्रियान्वयन एवं स्वीकृत धनराशि के नियामानुसार व्यय के संबंध में जनपद मैनपुरी, आगरा, मेरठ, झांसी, जालौन उरई हमीरपुर, बांदा, महोबा, लखनऊ, लखीमपुरखीरी, बरेली, शाहजहांपुर, पीलीभीत, रामपुर, वाराणसी, मिर्जापुर, सोनभद्र, गोरखपुर, बहराइच के दुग्धशाला विकास अधिकारी उप दुग्धशाला विकास अधिकारी आहरण वितरण अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं।


**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड–लखनऊ।**
**पताः–ए ब्लाक सर्वोदयनगर, इन्दिरानगर लखनऊ.।**

पत्रांक–2093/ग्रा0अ0वि0/निविदा पत्रावली/पत्रा0 सं0–01/अनु0स0/2025–26/ दिनांकः16.12.2025

**ई–प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना**

महामहिम श्री राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड लखनऊ के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग उ0प्र0 में ए.बी.सी एवं डी श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप पंजीकृत निविदादाताओं से ई–टेण्डरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर के आधार पर नीचे दर्शाये गये कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। बिड डाक्यूमेन्ट के साथ संलग्न बिल ऑफ क्वान्टिटी के अंकित दरों में जी0एस0टी0 के अतिरिक्त अन्य सभी कर सम्मिलित है, जी0एस0टी0 का भुगतान सरकार के निर्देशानुसार नियमानुसार अलग से किया जायेगा। निविदादाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यों के लिए निविदा दे सकता है।

1. कार्य से सम्बंधित विवरण निम्नवत् हैः–

| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | योजना का नाम | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | बिड सिकुरिटि (इ0 एम0 डी0) (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य जी.एस.टी. सहित (यदि आवश्यक हो) (रू0में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षाऋतु सहित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1. | लखनऊ | विधायक निधि | ग्राम पंचायत खुर्रमपुर में पिचरोड से बाबा प्रेमदास आश्रम तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 11.14 | 0.23 | 860 | 03 माह |
| 2. | लखनऊ | विधायक निधि | आलमनगर वार्ड में चन्द्रोदय नगर में माधुरी राय के मकान से श्री संजय सिन्हा के मकान होते हुए श्री सोनू सिंह के मकान तक सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 12.90 | 0.26 | 860 | 03 माह |
| 3. | लखनऊ | विधायक निधि | आलमनगर वार्ड में देवपुर में मुख्य मार्ग से भुईयन मन्दिर होते हुए सालिकराम के मकान तक सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 13.20 | 0.27 | 860 | 03 माह |
| 4. | लखनऊ | विधायक निधि | मोतीलाल नेहरू चन्द्रभानु गुप्त नगर वार्ड स्थित मोती नगर चौराहे से ब्लन्ट स्क्वायर होते हुए कानपुर रोड तक सड़क का पेवर द्वारा निर्माण कार्य | 15.00 | 0.30 | 950 | 03 माह |
| 5. | लखनऊ | विधायक निधि | बाबू कुंजबिहारी ओम नगर वार्ड के ओमनगर में श्री अशोक मिश्रा के घर से लेकर शीला हेल्थकेयर तक सी0सी0 सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 16.00 | 0.32 | 950 | 03 माह |
| 6. | लखनऊ | विधायक निधि | बाबू कुंजबिहारी ओम नगर में गुप्ता समोसे वाले के पास से नीरज के घर होते हुए अर्पित दुबे के घर तक इण्टरलाकिंग व नाली निर्माण कार्य। | 16.15 | 0.33 | 950 | 03 माह |
| 7. | लखनऊ | विधायक निधि | आलमनगर वार्ड में सूर्यनगर क्रासिंग मुख्य मार्ग से बंटी शुक्ला के मकान होते हुए पाण्डेय जी के मकान तक सड़क व नाली निर्माण कार्य। | 16.25 | 0.33 | 950 | 03 माह |
| 8. | लखनऊ | विधायक निधि | बाबू कुंजबिहारी ओम नगर वार्ड के किसान डेयरी से राजेश मिश्रा के घर तक सी0सी0 सड़क निर्माण कार्य। | 22.00 | 0.44 | 2720 | 03 माह |
| 9. | लखनऊ | विधायक निधि | मोतीलाल नेहरू चन्द्रभानु गुप्त नगर वार्ड स्थित मोती नगर चौराहे से बालिका स्कूल होते हुए कल्याण मण्डप तक सड़क निर्माण कार्य। | 23.45 | 0.47 | 2720 | 03 माह |
| 10. | लखनऊ | विधायक निधि | मोतीलाल नेहरू चन्द्रभानु गुप्त नगर वार्ड स्थित नागेश्वर मन्दिर से लेकर पुतयिा मस्जिद तक केवल एक तरफ फुटपाथ पर इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 24.20 | 0.49 | 2720 | 03 माह |
| 11. | लखनऊ | विधायक निधि | केसरीखेड़ा वार्ड के अन्तर्गत ओशोनगर कनौसी में रेलवे फाटक नम्बर 3 से ललित पाल जी के मकान तक सी0सी0 सड़क निर्माण कार्य। | 24.30 | 0.49 | 2720 | 03 माह |
| 12. | लखनऊ | विधायक निधि | मोतीलाल नेहरू चन्द्रभानु गुप्त नगर वार्ड स्थित अमीर नगर पार्क से लेकर भाटिया जी के मकान तक केवल साइड पटरी पर इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 24.70 | 0.50 | 2720 | 03 माह |

2. वैब साइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथिः–23.12.2025 को दो पहर 12.00 बजे से।
3. बिड डाक्यूमेन्ट डाउन लोडींग प्रारंभ करने की तिथि एवं समयः– 23.12.2025 को प्रातः 12.00 बजे से।
4. ई–निविदा के माध्यम से निविदा डालने की प्रारंभ तिथि/समयः–23.12.2025 को प्रातः 12:00 बजे से।
5. ई–निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अंतिम तिथि/समयः–13.01.2026 को दोपहर 12:00 बजे तक।
6. ई–निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि एवं समयः–13.01.2026 को अपरान्ह 12:30 बजे।
7. टेण्डर प्रकिया से पूर्व का कोई भी शपथ पत्र मान्य नहीं होगा।
8. निविदा आन–लाईन वैब साइट https://etender.up.nic.in पर उपलब्ध होगा एवं उसी साइट पर डाला जायेगा।
9. निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज–9 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है, जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नहीं किया जायेगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई–निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।

अधिक जानकारी के लिए कृपया वैब साइट https://etender.up.nic.in पर लॉग इन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

सभी सम्भावित निविदादाता को सलाह है कि बिड सब्मिट करने से पूर्व बिड डाक्यूमेन्ट को भली भाँति पढ़ लें।

अधिशासी अभियन्ता
ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग,
प्रखण्ड–लखनऊ।
मो0 9455771557

www.upgov.nic.in
Upid- 242641 Dt.17.12.2025


# हादसों के बाद एक्सप्रेस–वे पर चलने के बदले नियम घटाई गई वाहनों की स्पीड, कन्वॉय में चलेंगे वाहन

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

उत्तर प्रदेश में घने कोहरे और धुंध ने एक्सप्रेसवे पर सफर को जोखिम भरा बना दिया है। कम दृश्यता के चलते बढ़ती दुर्घटनाओं की आशंका को देखते हुए यूपी एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) ने बड़ा फैसला लिया है। अब अत्यधिक कोहरे की स्थिति में वाहन चालकों को कन्वॉय यानी संगठित समूह में चलने की सलाह दी गई है। यह व्यवस्था पुलिस और सुरक्षा टीम की निगरानी में लागू होगी, ताकि यात्रियों की सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित की जा सके। नई व्यवस्था को बृहस्पतिवार रात से लागू कर दिया गया है। यूपीडा के अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी एसपी शाही ने बताया कि आगरा-लखनऊ, पूर्वांचल, बुंदेलखंड और गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर तत्काल प्रभाव से विशेष सुरक्षा प्रबंध लागू कर दिए गए हैं। 50 मीटर से कम दृश्यता होने पर वाहनों को निकटतम टोल प्लाजा, वे-साइड सुविधा केंद्र, पेट्रोल पंप या भोजनालय पर रोका जाएगा और फिर कन्वॉय में एक साथ रवाना किया



जाएगा। इसके लिए पुलिस विभाग के साथ समन्वय कर मानक कार्यविधि तैयार की गई है।

### सिस्टम को किया गया अपडेट

एसपी शाही के अनुसार, स्वचालित यातायात प्रबंधन प्रणाली में अधिक गति पर चालान की व्यवस्था नई गति सीमा के अनुसार पुनर्निर्धारित कर दी गई है। साथ ही, कोहरे में सुरक्षित यात्रा को लेकर पर्चे तैयार कर टोल प्लाजा, प्रवेश-निकास बिंदुओं और वे-साइड सुविधाओं पर वितरित किए जा रहे हैं, जिनमें सहायता नंबर और सुविधा केंद्रों की जानकारी भी होगी। सभी टोल प्लाजा पर जन उद्घोषणा प्रणाली से लगातार सूचना दी जा रही है, जबकि रेडियो प्रसारण के जरिए भी अपील की जा रही है। एक्सप्रेसवे पर रिफ्लेक्टिव संकेतकों का नियमित निरीक्षण, कम चमक वाले हिस्सों में सुधार, प्रवेश-निकास बिंदुओं पर फॉग लाइट, घने कोहरे वाले मोड़ों और नदी-नालों के पास अतिरिक्त रिफ्लेक्टर व ब्लिंकर लगाए जा रहे हैं। निर्माण या मरम्मत वाले हिस्सों में भी अतिरिक्त सुरक्षा संकेत अनिवार्य किए गए हैं। सुरक्षा दल 24 घंटे गश्त करेगा और आवश्यकतानुसार अतिरिक्त एंबुलेंस तैनात रहेंगी।

### घटी हुई गति सीमा (तत्काल प्रभाव से 15 फरवरी या कोहरा कम होने तक लागू)

- एम–1 प्रवर्ग (आठ सीट तक वाले निजी वाहन)

प्रातः 08:00 से रात्रि 08:00 बजेः 80 किमी प्रति घंटा

- **रात्रि 08:00 से प्रातः 08:00 बजेः 60 किमी प्रति घंटा**

2. एम–2 व एम–3 प्रवर्ग (नौ या अधिक सीट वाले यात्री वाहन)

प्रातः 08:00 से रात्रि 08:00 बजेः 60 किमी प्रति घंटा

- **रात्रि 08:00 से प्रातः 08:00 बजेः 50 किमी प्रति घंटा**

3. एन प्रवर्ग (मालवाहक वाहन)

- प्रातः 08:00 से रात्रि 08:00 बजेः 50 किमी प्रति घंटा
- रात्रि 08:00 से प्रातः 08:00 बजेः 40 किमी प्रति घंटा

### नींद या थकान महसूस होने पर तुरंत वाहन रोककर विश्राम करें

- 19 दिसंबर 2025 से 15 फरवरी 2026 तक एक्सप्रेसवे पर लागू पुनर्निर्धारित अधिकतम गति सीमा का अनिवार्य रूप से पालन करें।
- निर्धारित गति सीमा का उल्लंघन करने पर एटीएमएस के माध्यम से चालान किया जाएगा।
- सुरक्षा की दृष्टि से टोल प्लाजा, वे–साइड अमेनिटीज, पेट्रोल पंप या रेस्टोरेंट पर रुककर कन्वॉय (ष्टश्व्1श्4) में यात्रा करने का प्रयास करें तथा यूपीडा सुरक्षा टीम का सहयोग लें।
- यात्रा के दौरान वाहन की सभी इमरजेंसी इंडिकेटर लाइट जलाकर चलें तथा वाहन के आगे–पीछे रिफ्लेक्टिव टेप अवश्य लगवाएं।
- चिन्हित स्थानों के अतिरिक्त एक्सप्रेसवे या उसके किनारे कहीं भी वाहन पार्क न करें, इससे दुर्घटना की आशंका बढ़ जाती है।
- किसी भी आपात स्थिति में यूपीडा के हेल्पलाइन नंबर 14449 पर तुरंत संपर्क करें।


## दुग्ध संघों के सुदृढ़ीकरण के लिए 1347.58 लाख स्वीकृत

**जन एक्सप्रेस। लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में डेयरी विकास के लिए दुग्ध संघों के सुदृढ़ीकरण एवं उन्हें पुनर्जीवित करने की योजना के तहत दुग्ध संघों के अनुदान हेतु वर्तमान वित्तीय वर्ष में 13 करोड़ 47 लाख 58 हजार मात्र रूपये की धनराशि स्वीकृत की है। यह धनराशि द्वितीय किश्त के रूप में स्वीकृत की गई है। यह धनराशि आगरा, मैनपुरी, मेरठ, झांसी, जालौन उरई, हमीरपुर, महोबा, बांदा, लखनऊ, लखीमपुर खीरी, बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, प्रतापगढ, कानपुर, अयोध्या, अंबेडकरनगर, बहराइच, तथा गोंडा जनपदों के लिए स्वीकृत की गई है।

## इटौंजा चौराहे माल रोड पर युवक से मारपीट, धमकी का आरोप

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन इटौंजा थाना क्षेत्र में बुधवार शाम एक युवक से मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित माधव लोधी पुत्र नवमी लाल लोधी निवासी ग्राम दुघरा थाना इटौंजा ने थाने में दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि 17 दिसंबर 2025 को लगभग 7:05 बजे वह इटौंजा चौराहा माल रोड स्थित वीरांगना आवंती बाई लोधी के गेट के नीचे मौजूद था। आरोप है




कि इसी दौरान गोकुल राजपूत पुत्र चंद्रिका प्रसाद निवासी दुघरा अपनी गाड़ी से उतरकर अचानक पीड़ित से मारपीट की। माधव लोधी किसी तरह जान बचाकर भागने की कोशिश करने पर आरोपी ने पीछा कर मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित के अनुसार हमले में उसे अंदरूनी चोटें आई हैं। आरोप है कि आरोपी गोकुल राजपूत ने धमकाते हुए कहा कि 'तुम्हें जान से मार दूंगा, तुम्हें कोई नहीं बचा सकता।घटना के बाद पीड़ित ने इटौंजा थाने में लिखित शिकायत देकर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# विधानमंडल का शीतकालीन सत्र आज से कोडीन और एसआईआर पर हंगामे के आसार

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

विधानमंडल का शीतकालीन सत्र शुक्रवार से शुरू होगा। सत्र के पहले दिन समाजवादी पार्टी समेत विपक्षी दल कोडीन कफ सिरप की तस्करी और मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) को लेकर हंगामा कर सकता है। साथ ही, सदन में वंदे मातरम पर होने वाली चर्चा का विरोध भी किया जा सकता है। वहीं, सत्र को सुचारू रूप से चलाने के लिए बृहस्पतिवार को विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की अध्यक्षता में सर्वदलीय और कार्यमंत्रणा समिति की बैठक आयोजित की गई। सर्वदलीय बैठक में सभी दलीय नेताओं ने सदन की कार्यवाही को शालीनता एवं संसदीय मर्यादा के अनुरूप संचालित करने हेतु पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। विधान सभा अध्यक्ष ने भी दलीय नेतओं से अपील किया कि सदन में सकारात्मक संवाद, शालीनता एवं संसदीय परंपराओं के अनुरूप अपनी बात रखें, सभी को बात



रखने का मौका दिया जाएगा। वहीं, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सत्र के दौरान प्रस्तुत होने वाले विधेयकों पर चर्चा कराई जाएगी। सभी सदस्यों को सकारात्मक एवं सार्थक बहस में भाग लेना चाहिए। जनप्रतिनिधि ही जनता की समस्याओं का प्रथम समाधान केंद्र होते हैं। दलीय नेता अपने-अपने विधायकों को सदन में बोलने का पर्याप्त अवसर दें। संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि सरकार सदन में उठाए जाने वाले प्रत्येक विषय पर गंभीरता से उत्तर देने के लिए पूरी तरह तैयार है। नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडेय ने भी विचार रखे। बैठक में दलीय नेताओं में अपना दल (सोने लाल) के राम निवास वर्मा, सुभासपा के ओम प्रकाश राजभर, निषाद पार्टी के रमेश सिंह निर्बल, कांग्रेस की आराधना मिश्र मोना, जनसत्ता लोकतांत्रिक दल के विनोद सरोज और बसपा के उमाशंकर सिंह उपस्थित थे।

### पुख्ता सुरक्षा बंदोबस्त रहेगा

तत्पश्चात, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की अध्यक्षता में सत्र के दौरान सुरक्षा एवं समन्वय से संबंधित आलाधिकारियों की एक बैठक भी आयोजित की गई, जिसमें विधान भवन परिसर की सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, आगंतुकों एवं वाहनों की जांच, क्यूआरटी टीम, अग्निशमन उपकरणों तथा दमकल वाहनों की व्यवस्था पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में डीजीपी राजीव कृष्ण, प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद, लखनऊ के पुलिस कमिश्नर अमरेंद्र सेंगर समेत तमाम अधिकारी मौजूद थे।

## घर में घुसकर लूटपाट का आरोप, परिवार को बनाया बंधक, ग्रामीणों ने पकड़ी एक संदिग्ध गाड़ी

**जन एक्सप्रेस । लखनऊ**

लखनऊ कमिश्नरेट उत्तरी जोन इटौंजा थाना क्षेत्र के गोहना खुर्द मजरा मुकुंदपुर में बुधवार रात एक सनसनीखेज घटना सामने आई है। पीड़ित रंजीत कुमार पुत्र संतलाल संतू के अनुसार 17 दिसंबर 2025 की रात करीब 9 बजे वह अपने घर में परिवार सहित सो रहे थे, तभी दो चार पहिया वाहन आकर उनके घर के बाहर रुके। वहीं आरोप है कि वाहनों से उतरे लगभग 15 लोगों ने घर में घुसकर लूटपाट शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने परिवार के सदस्यों को धमकाते हुए बंधक बना लिया। शोर-शराबा सुनकर जब गांव के ग्रामीण मौके पर पहुंचे, तो एक वाहन कार लेकर फरार हो गया, जबकि दूसरी गाड़ी को ग्रामीणों ने रोक पकड़ लिया। वहीं पकड़ी गई गाड़ी में अनिल कुमार पुत्र जगत प्रसाद, संजय निवासी बरगदी वार्ड नंबर-1 बीकेटी, रंजीत सहित तीन नामजद एवं 13 अज्ञात लोग कार सवार बताए जा रहे हैं। पीड़ित रंजीत के अनुसार घटना की



सूचना तत्काल 112 पर दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और पकड़े गए आरोपियों को अपने साथ थाने ले गई,पीड़ित का कहना है कि तीन आरोपी ज्ञात हैं,जबकि करीब 13 लोग अज्ञात हैं। जिनकी पहचान कर कठोर कार्रवाई की इटौंजा पुलिस से मांग की है। वहीं घटना के बाद से गांव में भय का माहौल है। पीड़ित परिवार ने इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक मार्कंडेय यादव से मामले में गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज कर सभी आरोपियों की गिरफ़्तारी की मांग की है।

# सूर्या हॉस्पिटल में गुंडागर्दी : इलाज में लापरवाही का विरोध करने पर अस्पताल कर्मियों ने की पिटाई, जान से मारने की धमकी का आरोप

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

जनपद में कमरौली थाना क्षेत्र के सेक्टर 16 स्थित सूर्या हॉस्पिटल में इलाज के दौरान तीमारदारों के साथ मारपीट और धमकी देने का मामला सामने आया है।पीड़ित ने अस्पताल स्टाफ पर गंभीर आरोप लगाते हुए थाना कमरौली में लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला और तूल पकड़ता जा रहा है।पीड़ित अरुण कुमार शुक्ला के अनुसार उन्होंने अपने पिता को इलाज के लिए सूर्या हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। सत्रह दिसंबर को कंधे का ऑपरेशन कर प्लेट डाली गई। ऑपरेशन के बाद मरीज को असहनीय दर्द होने लगा, लेकिन आरोप है कि सूचना देने के बावजूद आईसीयू स्टाफ करीब आधे घंटे तक मरीज को देखने नहीं पहुंचा। दर्द से कराहते मरीज को देखने की दोबारा मांग करने पर अस्पताल कर्मियों ने आपा खो दिया। आरोप है कि जगदंबा, राजेश सहित करीब दस अज्ञात लोगों ने गाली-गलौज करते हुए अरुण कुमार शुक्ला के साथ मारपीट शुरू कर दी।

बीच-बचाव करने पहुंचे चचेरे भाई शिवम शुक्ला को भी नहीं बख्शा गया और उनके साथ भी बेरहमी से मारपीट की गई।पीड़ित का आरोप है कि इसके बाद डॉक्टर भव्य शर्मा ने दोनों को एक कमरे में बंद कर पिटाई करवाई और पुलिस में शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी।घ टना में अरुण कुमार शुक्ला और शिवम शुक्ला को चोटें आई हैं।



परिजनों का कहना है कि घटना के बाद से पूरा परिवार भय के साए में जी रहा है। इस संदर्भ में जब मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ.अंशुमान सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि सूर्या हॉस्पिटल एक निजी संस्थान है। यदि पीड़ित की ओर से स्वास्थ्य विभाग को लिखित शिकायत प्राप्त होती है, तो मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। वहीं थाना अध्यक्ष कमरौली मुकेश पटेल ने बताया कि पीड़ित की तहरीर मिल चुकी है।मामले की जांच की जा रही है।और तथ्यों के आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। अब देखना यह है कि वायरलवीडियो और पीड़ित की शिकायत के बाद प्रशासन व स्वास्थ्य विभाग इस मामले में कितनी सख्ती दिखाता है।

# कड़ाके की ठंड और घने कोहरे के चलते बदला स्कूलों का समय

## नर्सरी से कक्षा आठ तक के विद्यालय सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक संचालित होंगे

**जन एक्सप्रेस । अमेठी**

जनपद में लगातार बढ़ती ठंड और घने कोहरे के कारण बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ रहे प्रतिकूल प्रभाव को देखते हुए जिला प्रशासन ने बड़ा निर्णय लिया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी ने जनपद के सभी विद्यालयों के समय में परिवर्तन का आदेश जारी किया है।जारी आदेश के अनुसार जनपद के बेसिक शिक्षा परिषद के नियंत्रणाधीन समस्त परिषदीय, मान्यता प्राप्त, सहायता प्राप्त, सीबीएसई, आईसीएसई एवं अन्य बोर्ड द्वारा संचालित नर्सरी से कक्षा 8 तक के सभी विद्यालय अब तत्काल प्रभाव से प्रातः 10:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक संचालित किए जाएंगे।

यह आदेश बच्चों की सुरक्षा और स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए लागू किया गया है।पिछले कई दिनों से जनपद में सुबह के समय अत्यधिक ठंड और घना कोहरा छाया हुआ है,जिससे छोटे बच्चों को स्कूल आने-जाने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था।ठंड के कारण बच्चों के बीमार होने की आशंका को देखते हुए अभिभावकों और शिक्षकों द्वारा भी समय परिवर्तन की मांग की जा रही थी।हालांकि आदेश में यह भी स्पष्ट किया गया है,कि ब्लॉक संसाधन केंद्रों पर समेकित शिक्षा के अंतर्गत संचालित अनावासीय प्रशिक्षण अपने पूर्व निर्धारित समय के अनुसार सुचारू रूप से चलता रहेगा। इस पर समय परिवर्तन का कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने सभी विद्यालय प्रबंधन और प्रधानाध्यापकों कोनिर्देशित किया है, कि उक्त आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। किसी भी प्रकार की लापरवाही पर विभागीय कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। स्कूल समय में बदलाव के इस फैसले से अभिभावकों ने राहत की सांस ली है और प्रशासन के इस कदम की सराहना की है।

# चौहान गुट द्वारा लगाए गए नि :शुल्क स्वास्थ्य शिविर के चौथे दिन सैकड़ों मरीजों ने लिया स्वास्थ्य लाभ

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

ऑल इंडिया उद्योग व्यापार मंडल चौहान गुट द्वारा शहर के जीआईसी मैदान में 6 दिवसीय निःशुल्क विशाल स्वास्थ्य शिविर लगाया गया है। जो सुबह 10 बजे से सायं 2 बजे तक लगा रहता है और प्रदर्शनी में आए हुए लोगों को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा का लाभ भी प्रदान करता है। चौहान गुट द्वारा लगाए गए इस निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में आए हुए मरीजों द्वारा सराहना करते हुए कहते हैं कि चौहान गुट व्यापार मंडल ने ये बहुत ही अच्छा कार्य किया है जिसमें लोगों को प्रदर्शनी में खरीदारी के साथ साथ निःशुल्क स्वास्थ्य समस्याओं के निदान हेतु अनुभवी डॉक्टरों की टीम मौजूद रहती है जो मरीजों की जांच कर दवा और उचित सलाह भी देने का कार्य करती है। अब तक इस स्वास्थ्य शिविर में 750 से अधिक मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ लिया। जिसमें लगभग 24 मरीज आंख के ऑपरेशन हेतु आए, 3 पथरी के ऑपरेशन, 6 हाइड्रोसिल ऑपरेशन,



4 सीटी स्कैन, 9 अल्ट्रासाउंड बिल्कुल निःशुल्क करवाया गया। शिविर में सुबह से ही चौहान गुट प्रदेश अध्यक्ष जी सी सिंह चौहान, मो0 उमर, राकेश गुप्ता, इम्तियाज खान, प्रीतिमा चौधरी डॉक्टरों की टीम के साथ मौजूद रहे। निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर के चौथे दिन नेत्र शल्यक डॉ. नीलम सिंह, फिजिशियन डॉ. शैलेश कुमार सिंह, डॉ. सूरज पटेल, आर्थो डॉ. डी पी पाल, ऑप्टोमेट्रिस्ट डॉ. प्रियंका पाल मौजूद रहे। आपको बता दें कि ऑल इंडिया उद्योग व्यापार मंडल चौहान गुट जनपद में अब तक 169 लावारिस शवों का अंतिम संस्कार भी करवा चुका है और 101 शवों की अस्थियों का विसर्जन भी डलमऊ के गंगा घाट में करवा चुका है। साथ ही साथ चौहान गुट सदैव व्यापारियों के हित की लड़ाई लड़ने, सरकारी योजनाओं का लाभ दिलवाने, जनहित की समस्याओं को उठाने में भी जिले का अग्रणी व्यापार मंडल है। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष जी सी सिंह चौहान के साथ जिलाध्यक्ष मो0 उमर, जिला मीडिया प्रभारी इम्तियाज खान, प्रदेश कोर कमेटी अध्यक्ष व प्रदर्शनी संचालक राकेश गुप्ता, युवा प्रदेश अध्यक्ष निलेश कुमार सिंह, जिला कोर कमेटी अध्यक्ष आशीष पाठक, महिला जिलाध्यक्ष प्रीतिमा चौधरी, नगर अध्यक्ष आशीष कुमार, भगवानदीन, अशफाक नकवी, चांद, मो0 शारिक, रामकेवल यादव आदि मौजूद रहे।

## बनवासी छात्रावास में देवीपाटन मंदिर महंत का किया गया जोरदार स्वागत

**बलरामपुर।** जनपद बलरामपुर में वनवासी कल्याण आश्रम के सेवा समर्पण संस्थान द्वारा संचालित महाराणा प्रताप वनवासी छात्रावास में बुधवार की शाम देवी पाटन मंदिर के पीठाधीश्वर महंत मिथलेश नाथ योगी का जोरदार स्वागत अभिनंदन किया गया । जानकारी के अनुसार 17 दिसंबर की शाम देवीपाटन मंदिर के पीठाधीश्वर महंत मिथलेश नाथ योगी वनवासी छात्रावास में आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होने पहुंचे। छात्रावास में पहुंचने पर छात्रावास संचालन समिति के अध्यक्ष एमएलके पीजी कॉलेज में वनस्पति विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ राजीव रंजन, संरक्षक प्राचार्य प्रोफेसर जेपी पांड़ेय, डॉक्टर कौशल्या गुप्ता, वनवासी कल्याण आश्रम के क्षेत्रीय संगठन मंत्री सचिन जी, उपाध्यक्ष कुंवर जय सिंह, हरेंद्र पांडेय, प्रचार प्रसार प्रमुख अखिलेश्वर तिवारी, राम कुमार मिश्र, वेद प्रकाश मिश्र व वीडी जायसवाल सहित मौजूद अन्य पदाधिकारियों द्वारा माल्यार्पण व अंग वस्त्र प्रदान कर स्वागत अभिनंदन किया गया । महंत मिथलेश नाथ योगी छात्रावास में बच्चों के साथ सहभोज में शामिल हुए । उन्होंने बच्चों के साथ संवाद किया तथा परिश्रम से पढ़ाई करने का सुझाव दिया ।

# महाराजा बीपी सिंह ऑल इंडिया हॉकी महाकुंभ का शुभारंभ आज

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

जनपद में होने वाले महाराजा सर भगवती प्रसाद सिंह अखिल भारतीय प्राइज मनी हाकी टूर्नामेण्ट का शुभारंभ शुक्रवार को किया जाएगा । इस आयोजन की शुरुआत सन् 1938 में हुई थी । वर्तमान में इसे %बी% ग्रेड में उच्चीकृत करा दिया गया है तथा यह टूर्नामेण्ट 19 दिसम्बर, 2025 से प्रारम्भ होकर 23 दिसम्बर, 2025 तक चलेगा। उद्घाटन मैच केनरा बैंक हेड ऑफिस बेंगलुरु तथा स्पोर्ट अर्थॉरिटी ऑफ इंडिया हैदराबाद के बीच खेला जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि बलरामपुर स्टेट के महाराज जयेंद्र प्रताप सिंह द्वारा किया जाएगा। आयोजन सचिव डॉ राजीव रंजन ने 19 दिसंबर को बताया कि टूर्नामेण्ट की शुरूआत तत्कालीन महाराजा सर पाटेश्वरी प्रसाद सिंह ने अपने पिता महाराजा सर भगवती प्रसाद सिंह की स्मृति में सन् 1938 में किया था। जमीदारी उन्मूलन के पूर्व तक टूर्नामेण्ट बलरामपुर राज द्वारा संचालित किया जाता रहा। तत्पश्चात् इसके संचालन का दायित्व नगर के गणमान्य नागरिको ने सम्भाली और सन् 1968



तक इसका सफलतापूर्वक संचालन किया। इसके पश्चात् महाराजा सर पाटेश्वरी प्रसाद सिंह द्वारा स्थापित महारानी लाल कुंवरि स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बलरामपुर ने इसके आयोजन का दायित्व लिया। उन्होंने बताया कि अभी तक उस दायित्व का निर्वहन नगरवासियों के सहयोग से किया जा रहा है। इस टूर्नामेण्ट में हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले अंतरराष्ट्रीय हाकी खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद, के0डी0 सिंह बाबू व अशोक कुमार सहित दर्जनों ओलम्पिक खिलाड़ियों ने अपने खेल से गरिमा प्रदान की है। टूर्नामेण्ट के सचिव महाविद्यालय प्राचार्य प्रो0 जनार्दन प्रसाद पाण्डेय ने बताया कि घास के मैदान पर खेले जाने वाले टूर्नामेण्टों में देश में यह टूर्नामेण्ट विशेष स्थान रखता है। टूर्नामेण्ट सचिव प्रोफेसर पाण्डेय ने बताया कि टूर्नामेण्ट के सफल व व्यवस्थित संचालन हेतु तीन आयोजन सचिव डॉ0 आलोक शुक्ल, डॉ0 राजीव रंजन एवं डॉ0 बीएल गुप्ता नियुक्त किये गये है। टूर्नामेंट के सफल आयोजन हेतु प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी लेफ्टि0 (डॉ0) देवेन्द्र कुमार चौहान को दी गयी है। फील्ड की तैयारी पूर्ण हो चुकी है । टूर्नामेण्ट सचिव ने कहा कि नगरवासियों का हाकी के प्रति एक जुनून सा रहता है। बहुत से खिलाड़ियों तथा अम्पायरों ने स्वयं कहा है कि जैसा जुनून बलरामपुर में दिखता है अन्य कहीं नहीं मिलता। इसी का परिणाम है कि भारी संख्या में दर्शक उपस्थित रहते है। टूर्नामेंट में प्रथम पुरस्कार रू0 75,000.00 तथा द्वितीय पुरस्कार रू0 51,000.00 प्रदान किया जा रहा है। आयोजन सचिव डॉ0 राजीव रंजन ने बताया कि गत वर्ष की विजेता मेलवरन सिंह, करमपुर, गाजीपुर तथा उपविजेता नागपुर हाकी एकेडमी, नागपुर सहित 14 टीमों की स्वीकृति प्रदान हो चुकी है। हाकी इण्डिया द्वारा टूर्नामेंट के सफल संचालन हेतु अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गयी है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजीव कुमार वार्ष्णेय आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न करने के लिए सभी का सहयोग मांगा तथा आयोजन से जुड़े सभी कार्यकर्ताओं का उत्साह वर्धन किया। टूर्नामेंट में अश्वनी स्पोर्ट एकेडमी कर्नाटका, शाह हाकी अकादमी बहराइच, अवाडी पुलिस कमिश्नरेट अवाडी, टिहरी गढ़वाल हॉकी अकैडमी ऋषीकेश, स्टार एलेवन बलरामपुर, केनरा बैंक हेड ऑफिस बेंगलुरु, स्पोर्ट अर्थॉरिटी ऑफ इंडिया हैदराबाद, एसएजी हॉकी अकादमी गुजरात, भुसावल रेलवे भुसावल, एचसी क्लब केरला, मेघबरन सिंह हॉकी अकादमी करमपुर गाज़ीपुर, चीफ पोस्टमास्टर जनरल कर्नाटक सर्कल कर्नाटका, विजय ग्रुप ऑफ़ हॉकी अकादमी प्रयागराज, नागपुर हॉकी एकेडमी नागपुर में हिस्सा लेंगी।

## अक्टूबर व नवम्बर माह के अभियोजन कार्यो की समीक्षा

**रायबरेली।** जलाधिकारी हर्षिता माथुर ने निर्देशन में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) सिद्धार्थ के द्वारा अभियोजन कार्यों की अक्टूबर व नवम्बर माह की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट साभार में की गई। बैठक में विभिन्न विभागों से संबंधित निस्तारित,लंबित व नए अभियोजन प्रकरणों की गहन समीक्षा की गई। गैंगेस्टर के लंबित मामलों को शीघ्रता से पैरवी करते हुए निस्तारित कराने के निर्देश दिए गए। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि न्यायालयों में लंबित मामलों की प्रभावी पैरवी सुनिश्चित कराई जाए तथा समयबद्ध कार्रवाई की जाए, गंभीर प्रकरणों में गवाहों की उपस्थिति, समय पर साक्ष्य प्रस्तुत करने तथा केस डायरी की नियमित निगरानी की जाए। बैठक में गैंगेस्टर,पास्को,एससी/एसटी आदि से संबंधित गंभीर प्रकरणों पर विस्तार से समीक्षा की गयी। बैठक में अभियोजन कार्यों की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की गई और विभागवार लंबित प्रकरणों का विवरण साझा किया गया।

# जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक का डीएम की अध्यक्षता में हुआ आयोजन

**जन एक्सप्रेस । बलरामपुर**

गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में डीएम विपिन कुमार जैन की अध्यक्षता में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जनपद में सभी परिषदीय विद्यालयों आधारभूत सुविधाओं एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने सभी कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों में छात्राओं के लिए स्वच्छ एवं गुणवत्तापूर्ण आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने छात्रावासों में भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं स्वास्थ्य सुविधाओं को प्राथमिकता के आधार पर सुदृढ़ करने को कहा। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने जनपद के समस्त परिषदीय, माध्यमिक एवं सहायता प्राप्त



विद्यालयों में बेहतर शैक्षणिक वातावरण सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने शिक्षकों की नियमित उपस्थिति, समयबद्ध पाठ्यक्रम पूर्णता, विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर में सुधार, डिजिटल शिक्षा सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए।

बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि शिक्षा की गुणवत्ता में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। नियमित निरीक्षण, प्रभावी अनुश्रवण एवं समय-समय पर समीक्षा के माध्यम से शैक्षणिक व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ किया जाएगा। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, उपायुक्त मनरेगा एवं समस्त खंड शिक्षा अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# एनटीपीसी ने 85.5 गीगावाट से अधिक की कमर्शियल क्षमता हासिल की

**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

एनटीपीसी ने गुरुवार को गुजरात और राजस्थान में अपनी सब्सिडियरी कंपनियों के विभिन्न सोलर प्रोजेक्ट्स के माध्यम से 359.58 मेगावाट की नई कमर्शियल क्षमता जुड़ने की घोषणा की है। इसके साथ ही एनटीपीसी ग्रुप की कुल कमर्शियल क्षमता 85.5 गीगावाट से अधिक हो गई है।

एनटीपीसी ने गुरुवार को अपनी सब्सिडियरी एनजीईएल के माध्यम से एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड के गुजरात स्थित 1255 मेगावाट के खावड़ा-1 सोलर पीवी प्रोजेक्ट की 243.66 मेगावाट आंशिक क्षमता के वाणिज्यिक संचालन (COD- कमर्शियल ऑपरेशन डेट) की घोषणा की। इसके अलावा, कंपनी ने राजस्थान में एनटीपीसी के नोख सोलर पीवी प्रोजेक्ट (3×245 मेगावाट) की कुल 245 मेगावाट क्षमता में से 78 मेगावाट के वाणिज्यिक संचालन (COD) की घोषणा की। कंपनी ने एनटीपीसी रिन्यूएबल एनर्जी लिमिटेड (NTPC REL) के



गुजरात में स्थित 450 मेगावाट हाइब्रिड ट्रेंच-V प्रोजेक्ट के तहत खावड़ा सोलर एनर्जी प्रोजेक्ट की कुल 300 मेगावाट क्षमता में से 37.925 मेगावाट की आंशिक क्षमता का वाणिज्यिक संचालन (COD) भी घोषित किया है। इसके साथ ही एनटीपीसी समूह की कुल स्थापित एवं वाणिज्यिक क्षमता बढ़कर 85,541 मेगावाट तक पहुँच गई है। एनटीपीसी लिमिटेड देश की कुल बिजली जरूरतों का लगभग एक-चौथाई योगदान दे रही है। कंपनी की कुल स्थापित क्षमता 85 गीगावाट से अधिक है, जबकि 30.90 गीगावाट अतिरिक्त क्षमता निर्माणाधीन है, जिसमें 13.3 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता शामिल है। एनटीपीसी वर्ष 2032 तक 60 गीगावाट नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता हासिल करने के लिए प्रतिबद्ध है, जिससे भारत के नेट ज़ीरो लक्ष्यों को मजबूती मिलेगी। थर्मल, हाइड्रो, सोलर और विंड पावर प्लांट्स के विविध पोर्टफोलियो के साथ एनटीपीसी देश को भरोसेमंद, किफायती और सस्टेनेबल बिजली उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी बेहतर भविष्य के लिए सर्वोत्तम कार्यप्रणालियों को अपनाने, नवाचार को बढ़ावा देने और स्वच्छ ऊर्जा तकनीकों को अपनाने पर लगातार काम कर रही है। बिजली उत्पादन के अलावा, एनटीपीसी ने कई नए व्यवसाय क्षेत्रों में भी कदम रखा है, जिनमें ई-मोबिलिटी, बैटरी स्टोरेज, पंप्ड हाइड्रो स्टोरेज, वेस्ट-टू-एनर्जी, न्यूक्लियर पावर और ग्रीन हाइड्रोजन सॉल्यूशंस शामिल हैं।

# कमला फाउंडेशन की अध्यक्ष पूनम सिंह की पहल से लोधवारी गांव में मिशन शक्ति कार्यक्रम सफल


**जन एक्सप्रेस । रायबरेली**

सदर क्षेत्र के राही ब्लॉक स्थित लोधवारी गांव में मिशन शक्ति योजना के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कमला फाउंडेशन की अध्यक्ष पूनम सिंह की सक्रिय भूमिका विशेष रूप से सराहनीय रही। इस अवसर पर कमला फाउंडेशन के सहयोग व महिला कल्याण विभाग की तरफ से बालिकाओं के लिए सेनेटरी पैड का वितरण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं और महिलाओं को स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं आत्मसम्मान के प्रति जागरूक करना रहा। पूनम सिंह ने कहा कि बालिकाओं का स्वास्थ्य सुरक्षित होगा तभी वे आत्मनिर्भर बन सकेंगी और समाज सशक्त दिशा में आगे बढ़ेगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूनम सिंह ने महिलाओं को कन्या सुमंगला योजना, विधवा पेंशन, बाल सेवा योजना, विकलांग पेंशन, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, सुकन्या समृद्धि योजना सहित अन्य जनकल्याणकारी




योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने पात्र महिलाओं से इन योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। इसके साथ ही उन्होंने टोल फ्री हेल्पलाइन नंबर 1098 (चाइल्ड हेल्पलाइन), 181, 1930 (साइबर अपराध), 112 (आपात सेवा) और 1090 (महिला सुरक्षा) के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि किसी भी आपात स्थिति में इन नंबरों का तत्काल उपयोग किया जाना चाहिए। कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग में जिला समन्वयक शैफाली सिंह, जेंडर स्पेशलिस्ट पूजा तिवारी का विशेष सहयोग रहा व शालिनी सिंह, सीमा सिंह सहित बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाएं व बालिकाएं उपस्थित रहीं। सभी ने कमला फाउंडेशन द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की प्रशंसा की। कार्यक्रम के अंत में पूनम सिंह ने कहा कि कमला फाउंडेशन भविष्य में भी ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं और बालिकाओं के सशक्तिकरण के लिए निरंतर ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करता रहेगा।

## जिलाधिकारी ने स्टाम्प शुल्क की सही वसूली हेतु किया स्थलीय निरीक्षण



**बलरामपुर।** स्टाम्प शुल्क की निर्धारित दरों पर वसूली सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी विपिन कुमार जैन ने तहसील सदर के धर्मपुर में स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विक्रय विलेखों से संबंधित दस्तावेजों की जांच कर स्टाम्प शुल्क के सही निर्धारण एवं समय से जमा कराए जाने की स्थिति का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि पंजीकरण की प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न किया जाए तथा स्टाम्प शुल्क का निर्धारण शासन के प्रावधानों के अनुरूप सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि स्टाम्प एवं पंजीकरण से जुड़े सभी कार्य नियमानुसार, सुव्यवस्थित एवं समयबद्ध ढंग से किए जाएं, जिससे राजस्व प्राप्ति सुदृढ़ हो। इस दौरान एआईजी स्टाम्प व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहें।


# कार्यालय नगर पंचायत बछरावां, जनपद-रायबरेली

पत्रांक :- 1270/न0पं0ब0/ई-टेण्डरिंग/सू0प्रका0/2025-26 | दिनांक :-17/12/2025

**ई-निविदा सूचना**

नगर पंचायत बछरावां, रायबरेली के अन्तर्गत समस्त पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मों व अन्य को सूचित किया जाता है, कि पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना (अनुदान सं0-83) के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 की (प्रथम किश्त) के अनुदान की धनराशि से निम्नलिखित कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **जिसका विवरण निम्नवत है-**

**टेण्डर शेड्यूल (www.e-tender.up.nic.in पर)**

| क्रमांक | विवरण | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अन्तिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1- | Tender Release | 20-12-2025 AM10-00 | |
| 2- | Tender Download | 20-12-2025 AM10-00 | 10-01-2026 5 :00 PM |
| 3- | Bid Submission | 20-12-2025 AM10-00 | 10-01-2026 5 :00 PM |
| 4- | Bid Opening | 12-01-2026 02 :00PM | |
| | Bid Opening Place | Office of the Nagar Panchayat Bachhrawan-Raebareli | |

किसी भी निविदा को स्वीकार एवं अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। निविदा मूल्य खाता संख्या: 50080200000082 व IFSC CODE BARBOBUPGBX बड़ौदा उत्तर ग्रामीण बैंक, शाखा बछरावां, रायबरेली में जमा किया जा सकता है। नियम, शर्ते एवं अन्य जानकारी सम्बन्धित वेबसाइट http://e-tender.up.nic.in अथवा कार्यालय नगर पंचायत बछरावां, जिला रायबरेली में किसी भी दिन कार्यालय समय में देखा जा सकता है।

(राम अशीष)
अधिशाषी अधिकारी
नगर पंचायत-बछरावां
रायबरेली

(शिवेन्द्र सिंह)
अध्यक्ष
नगर पंचायत-बछरावां
रायबरेली

# नगवां के सरकारी स्कूल में कानपुर की पहली ग्रामीण स्पेस लैब का डीएम ने किया शुभारंभ

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर






विधून ब्लॉक की नगवां ग्राम पंचायत के सरकारी विद्यालय में विज्ञान शिक्षा के क्षेत्र में एक नई पहल आज शुरू हुई है। व्योमिका स्पेस लखनऊ और इसरो के अंतरिक्ष उपयोगिता केंद्र (सैक), अहमदाबाद के सहयोग से यहां कानपुर की पहली ग्रामीण स्पेस लैब की स्थापना की गई है। जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने स्पेस लैब का शुभारंभ करते हुए बच्चों में वैज्ञानिक टेम्परामेंट के विकास पर जोर दिया और कहा कि इस तरह की पहल ग्रामीण छात्रों को विज्ञान और तकनीक की दुनिया से जोड़ने में निर्णायक भूमिका निभाएगी। जिलाधिकारी ने विद्यालय परिसर में स्थापित स्पेस लैब का निरीक्षण किया और वहां मौजूद टेलिस्कोप, यूएवी, रोबोट, चंद्रयान, मंगलयान, पीएसएलवी, जीएसएलवी, सैटेलाइट मॉडल, हाइड्रो रॉकेट और प्रज्ञान रोवर के प्रोटोटाइप देखे। उन्होंने कहा कि इन उपकरणों के माध्यम से बच्चे केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि प्रयोग और अवलोकन के जरिए विज्ञान को समझ सकेंगे। उन्होंने कहा कि प्राथमिक विद्यालय स्तर पर ऐसी उन्नत लैब की स्थापना अपने-आप में एक बड़ी पहल है, और इस सराहनीय सोच को जनपद के अन्य विद्यालयों में भी विस्तार दिया जाना चाहिए। यह स्पेस लैब व्योमिका स्पेस लखनऊ के तकनीकी एवं शैक्षिक सहयोग से तथा इसरो सैक अहमदाबाद के विलेज वैज्ञानिक कार्यक्रम के अंतर्गत स्थापित की गई है। लैब में कुल 62 बड़े और छोटे विज्ञान आधारित प्रोजेक्ट्स शामिल हैं, जिनमें खगोल विज्ञान, रोबोटिक्स, ड्रोन तकनीक, रॉकेट और सैटेलाइट से जुड़े प्रयोग प्रमुख हैं। यह प्रयोगशाला नगवां के साथ-साथ पूरे विधून ब्लॉक के विद्यार्थियों के लिए व्यावहारिक और परियोजना आधारित सीखने का केंद्र बनेगी। लैब की स्थापना के लिए ग्राम प्रधान आशीष वाजपेयी ने अपने मुख्यमंत्री प्रोत्साहन पुरस्कार की राशि में से सात लाख रुपये उपलब्ध कराए हैं। इस पहल को ग्रामीण शिक्षा के लिए एक प्रेरक उदाहरण बताते हुए जिला प्रशासन के अधिकारियों ने इसे स्थानीय संसाधनों से संभव हुआ उल्लेखनीय शैक्षिक नवाचार बताया।

मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन ने कहा कि यह स्पेस लैब ग्रामीण बच्चों में अंतरिक्ष और आधुनिक विज्ञान शिक्षा को जमीन तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इसरो जैसे राष्ट्रीय संस्थान के सहयोग से बच्चों और शिक्षकों में आत्मविश्वास बढ़ेगा और तकनीकी कौशल विकसित होगा, जिससे भविष्य में ग्रामीण पृष्ठभूमि के छात्र भी वैज्ञानिक और तकनीकी क्षेत्रों में आगे बढ़ सकेंगे।

कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी ने बच्चों से संवाद किया और उन्हें जिज्ञासा, प्रयोग और निरंतर सीखने की भावना के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि वैज्ञानिक सोच जीवन के हर क्षेत्र में सही निर्णय लेने और समस्याओं के समाधान में सहायक होती है। अधिकारियों ने विश्वास जताया कि यह मॉडल आने वाले समय में अन्य ग्रामीण विद्यालयों के लिए भी एक प्रभावी उदाहरण बनेगा। इस दौरान जिलाधिकारी ने जरूरतमंद लोगों को कंबल भी बांटे। इस अवसर पर सीडीपीओ रत्ना श्रीवास्तव व्योमिका फाउंडेशन के निदेशक गोविंद यादव, उप निदेशक अरविंद सहित विभिन्न लोग मौजूद थे।

# उप-निबंधन कार्यालय स्थानांतरण का विरोध तेज

## डीएम ने 20 दिसंबर तक मांगा समय, अधिवक्ताओं का धरना जारी



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

बिल्हौर तहसील परिसर में संचालित उप-निबंधन कार्यालय (रजिस्ट्रार कार्यालय) के नए भवन को तहसील परिसर से बाहर अन्य स्थान पर बनाए जाने के प्रस्ताव को लेकर अधिवक्ताओं एवं आम जनता में भारी असंतोष व्याप्त है। तहसील परिसर में ही नए भवन के निर्माण की मांग को लेकर अधिवक्ता बीते एक सप्ताह से शांतिपूर्ण धरने पर डटे हुए हैं, लेकिन अब तक प्रशासन की ओर से कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है।

डीएम से वार्ता, 20 दिसंबर तक समाधान का आश्वासन ,गुरुवार को बार काउंसिल चुनाव के प्रत्याशी अनुराग पांडेय, राम प्रकाश गुप्ता, आलोक यादव एवं मुकुध्वज सिंह बिल्हौर पहुंचे और आंदोलनरत अधिवक्ताओं को समर्थन दिया।

इस दौरान बार काउंसिल सदस्य अनुराग पांडेय ने बताया कि जिलाधिकारी से हुई वार्ता में इस गंभीर जनहित के विषय पर 20 दिसंबर तक समाधान निकालने हेतु समय मांगा गया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्रशासन शीघ्र ही इस मामले में सकारात्मक निर्णय लेगा।

अनदेखी हुई तो आंदोलन होगा और तेज, अनुराग पांडेय ने दो टूक कहा कि यदि इसके बाद भी उप-निबंधन कार्यालय को तहसील परिसर से बाहर स्थानांतरित करने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई, तो आंदोलन को और अधिक व्यापक एवं उग्र रूप दिया जाएगा।राम प्रकाश गुप्ता ने कहा कि किसी भी कीमत पर रजिस्ट्रार कार्यालय को जनसुविधाओं से दूर नहीं जाने दिया जाएगा और अधिवक्ताओं के संघर्ष में उनका पूर्ण समर्थन जारी रहेगा।

दूर स्थान पर भवन से आम जनता को होगी भारी परेशानी ,प्रस्तावित नए भवन के लिए सुभानपुर मुरादनगर क्षेत्र में 0.0610 हेक्टेयर भूमि आवंटित किए जाने का अधिवक्ता संगठनों द्वारा कड़ा विरोध किया जा रहा है।बार एसोसिएशन अध्यक्ष बृजेश कटियार, महामंत्री सौरभ कटियार, लायर्स एसोसिएशन अध्यक्ष प्रवीण कटियार एवं महामंत्री राजीव कुमार ने संयुक्त रूप से कहा कि तहसील परिसर में पर्याप्त सरकारी भूमि उपलब्ध है। कार्यालय को दूर बनाए जाने से अधिवक्ताओं के साथ-साथ किसानों, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों एवं ग्रामीण जनता को अनावश्यक असुविधा, समय की बर्बादी और आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा।

### शासन-प्रशासन तक सौंपे गए ज्ञापन

इस संबंध में अधिवक्ताओं द्वारा उप-जिलाधिकारी संजीव दीक्षित से लेकर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक तक ज्ञापन सौंपे जा चुके हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस निर्णय सामने नहीं आया है।

### अंतिम निर्णय तक जारी रहेगा धरना

प्रशासनिक आश्वासन के बावजूद अधिवक्ताओं ने स्पष्ट किया कि अंतिम एवं लिखित निर्णय आने तक धरना-प्रदर्शन जारी रहेगा। इस दौरान सैकड़ों अधिवक्ताओं ने नारेबाजी करते हुए कहा-÷जोर-जुल्म की टक्कर में, संघर्ष हमारा नारा है।

भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष का समर्थन, धरना-प्रदर्शन के दौरान भाजपा बिल्हौर नगर मंडल अध्यक्ष सौरभ शर्मा ने भी आंदोलन को समर्थन देते हुए बार एसोसिएशन अध्यक्ष बृजेश कटियार, लायर्स एसोसिएशन अध्यक्ष प्रवीण कुमार एवं उप-जिलाधिकारी संजीव दीक्षित को समर्थन पत्र सौंपा। उन्होंने कहा कि रजिस्ट्री कार्यालय तहसील परिसर में ही रहना चाहिए, अन्यथा आम जनता को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ेगा।

अधिवक्ताओं की स्पष्ट मांग, अधिवक्ताओं ने प्रशासन से मांग की है कि जनहित को सर्वोपरि रखते हुए उप-निबंधन कार्यालय का नया भवन तहसील परिसर में ही बनाया जाए, ताकि आम जनता को सुगम, सुरक्षित एवं सुलभ न्यायिक व प्रशासनिक सेवाएं मिल सकें।

# सांसद अशोक रावत ने मिश्रिख लोकसभा के सड़क मुद्दों पर नितिन गडकरी से की मुलाकात

## एनएच-34 पर सर्विस रोड और एनएच-330डी को फोर लेन करने की मांग

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



बिल्हौर। मिश्रिख लोकसभा क्षेत्र में यातायात व्यवस्था को सुरक्षित और सुगम बनाने को लेकर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से मुलाकात कर दो अत्यंत महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं को प्रमुखता से उठाया गया।

बैठक में अवगत कराया गया कि राष्ट्रीय राजमार्ग-34 (पूर्व एन एच-91) मिश्रिख लोकसभा की विधानसभा बिल्हौर अंतर्गत ग्राम पंचायत तातियागंज से होकर कानपुर रिंग रोड गुजरता है। इस मार्ग के दोनों ओर सर्विस रोड न होने के कारण स्थानीय निवासियों, श्रद्धालुओं तथा औद्योगिक क्षेत्र से जुड़े लोगों को आवागमन में भारी कठिनाइयों और दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में सर्विस रोड निर्माण को जनहित में अत्यंत आवश्यक बताया गया।इसके साथ ही राष्ट्रीय राजमार्ग-330डी (सीतापुर-मिश्रिख-नैमिषारण्य- प्रतापनगर चौराहा-मेंहदी घाट होते हुए कन्नौज) को फोर लेन किए जाने की मांग रखी गई। यह मार्ग धार्मिक पर्यटन का प्रमुख केंद्र होने के साथ-साथ स्थानीय व्यापार और भारी यातायात का मुख्य मार्ग है, जिस पर प्रतिदिन लगने वाले जाम और बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं गंभीर समस्या बन चुकी हैं। मंत्री को यह भी बताया गया कि इन दोनों परियोजनाओं पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय से क्षेत्र की जनता को जाम, दुर्घटनाओं और आवागमन की असुविधाओं से बड़ी राहत मिलेगी तथा क्षेत्रीय विकास को नई गति प्राप्त होगी।इस अवसर पर एमएलसी अरुण पाठक भी मौजूद रहे। प्रतिनिधिमंडल ने जनहित से जुड़े मुद्दों पर निरंतर आवाज़ बुलंद करने और सुरक्षित, आधुनिक व सुगम सड़क नेटवर्क को प्राथमिकता देने का संकल्प दोहराया।

## मकनपुर में पुलिस का फ्लैग मार्च

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर। अरौल थाना क्षेत्र के मकनपुर कस्बे में कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने और लोगों में सुरक्षा की भावना मजबूत करने के उद्देश्य से पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। फ्लैग मार्च का नेतृत्व थाना प्रभारी जर्नादन सिंह यादव ने पुलिस टीम के साथ किया। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस बल ने कस्बे के प्रमुख मार्गों, बाजार क्षेत्रों और संवेदनशील स्थानों पर पैदल गश्त कर हालात का जायजा लिया। इस दौरान थाना प्रभारी ने स्थानीय लोगों से संवाद कर शांति, सौहार्द और आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की, साथ ही अफवाहों पर ध्यान न देने का संदेश दिया।थाना प्रभारी जर्नादन सिंह यादव ने कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसी भी संदिग्ध गतिविधि या असामाजिक तत्वों की सूचना तुरंत पुलिस को दे।

# आंगनबाड़ी केंद्र पर मना नन्हीं इशिता का जन्मदिन, डीएम, सीडीओ हुए शामिल

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



नगवां प्राथमिक विद्यालय परिसर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में गुरुवार का दिन कुछ अलग था। यहां बच्चों की हंसी, खिलखिलाहट और चमकती आंखों ने पूरे माहौल को उत्सव में बदल दिया। अवसर था आंगनबाड़ी केंद्र में आने वाली नन्हीं इशिता के चौथे जन्मदिन का। यह आयोजन केवल एक बच्चे के जन्मदिन तक सीमित नहीं रहा, बल्कि उस बदलती आंगनबाड़ी व्यवस्था की तस्वीर बना, जहां बचपन को सहेजने और मुस्कान संजोने की कोशिश साफ दिखाई दी। फूलों और रंगीन गुब्बारों से सजे आंगनबाड़ी केंद्र में जैसे ही इशिता ने केक काटा, तालियों और बच्चों की खुशी से पूरा परिसर गूंज उठा। केक के साथ खिली इशिता की मुस्कान मानो पूरे केंद्र में फैल गई। इस खास पल के साक्षी बने जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह और मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन, जिन्होंने नन्हीं इशिता को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और उसे उपहार भेंट किया। इस खुशी के मौके पर परी, मिस्टी, रूद्र, जयंती सहित आंगनबाड़ी केंद्र के सभी 27 बच्चे मौजूद रहे। बच्चों के लिए विशेष पकवान तैयार किए गए, चॉकलेट और टॉफियां बांटी गईं। नन्हे हाथों में मिठास और चेहरों पर मुस्कान थी। जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी ने बच्चों से आत्मीय संवाद किया, उनके साथ बैठकर बात की और आंगनबाड़ी केंद्र की गतिविधियों को करीब से देखा।

जिलाधिकारी ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र अब केवल पोषण और टीकाकरण तक सीमित नहीं रह गए हैं, बल्कि ये बच्चों के भावनात्मक, सामाजिक और बौद्धिक विकास की मजबूत नींव बन रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे छोटे-छोटे आयोजन बच्चों के मन में अपनापन, सुरक्षा और आत्मविश्वास पैदा करते हैं।

मुख्य विकास अधिकारी दीक्षा जैन ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों में माहौल को बच्चों के अनुकूल और आनंददायक बनाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। यहां शिक्षा, पोषण और देखभाल के साथ-साथ बच्चों की मुस्कान भी प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि जब बच्चे खुशी के साथ सीखते हैं, तभी उनकी मजबूत नींव रखी जा सकती है। इस अवसर पर सीडीपीओ रत्ना श्रीवास्तव, मुख्य सेविका अनामिका एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्री सुमन मौजूद रहे।

# आर्यन ज्वेलरी शॉप से चोरों ने ढाई किलो चांदी, 10 ग्राम सोना किया पार




जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

परियर। सर्दी का मौसम आते ही चोरी की घटनाओं में बढ़ोतरी हो जाती है। सफीपुर कोतवाली क्षेत्र के परियर में बद्री प्रसाद इंटर कॉलेज रोड पर स्थित आर्यन ज्वेलर्स की दुकान में ताला काट कर अज्ञात चोरों ने डाई किलो चांदी व 10 ग्राम सोना चुरा ले गए। सुबह आस पास के लोगों ने दुकानदार को चोरी की सूचना दी।दुकान मालिक सुंदर स्वर्णकार पुत्र पुष्पराज स्वर्णकार निवासी थाना बिठूर जिला कानपुर नगर ने कोतवाली सफीपुर में प्रार्थना पत्र दिया है। इस संबंध में सफीपुर थाना प्रभारी सुब्रत नारायण तिवारी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जा रही हैं।

सूत्रों के मुताबिक बिठूर निवासी सुंदर स्वर्णकार की आर्यन ज्वेलर्स एवं बर्तन की दुकान परियर में कॉलेज रोड पर स्थित है।जिसमे अज्ञात चोरों ने बीते दिन बुधवार की रात में पहले आस पास के घरों के दरवाजे बाहर से बंद कर दिए। जो लाइट जल रही थी। वह बल्फ भी हटा दिए। इसके बाद शटर का ताला काट कर लगभग एक फिट ऊपर उठा कर दुकान में दाखिल हुए और चांदी की बिछिया,पायल,खडुआ आदि व 10 ग्राम लगभग सोने के आभूषण पार कर दिए। सुबह जब ज्वेलरी शॉप के मालिक को घटना के बारे में जानकारी हुई तो दुकान के मालिक में पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची परियर चौकी की पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को थाना लेकिन कोई सुराग हासिल नहीं कर सके। फिलहाल दुकान मालिक की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर छानबीन की जा रही है।

# नरवल तहसील क्षेत्र में अलाव जलाने की मांग



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

बढ़ती ठंड को देखते हुए तहसील नरवल के अंतर्गत आने वाली प्रमुख बाजारों में अलाव जलवाने की मांग उठी है। उत्तर प्रदेश आदर्श व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष महेश वर्मा ने बताया कि उन्होंने तहसीलदार नरवल से आग्रह किया है कि ठंड से राहत दिलाने के उद्देश्य से प्रत्येक प्रमुख बाजार में कम से कम तीन-तीन स्थानों पर अलग-अलग अलाव जलवाए जाएं। महेश वर्मा के अनुसार अलाव की व्यवस्था से न केवल व्यापारी बंधुओं को, बल्कि आम जनमानस को भी ठंड से राहत मिलेगी। उन्होंने नरवल, पाली, साढ़, कुढ़नी, सरसौल, तिल शहरी, छतमरा, महाराजपुर, पुरवामीर एवं टौंस चौराहा सहित प्रमुख बाजारों में शीघ्र व्यवस्था सुनिश्चित कराने की मांग की है। व्यापार मंडल ने प्रशासन से अपेक्षा जताई है कि ठंड को देखते हुए जनहित में त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

# श्रीमद् भागवत कथा का विशाल भंडारे के साथ हुआ समापन

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



बिठूर। लवकुश जन्मभूमि लवकुश नगर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा का विशाल भंडारे के साथ समापन हो गया। श्रीमद् भागवत कथा के अंतिम दिन आयोजन हरि शरण द्विवेदी, सावित्री द्विवेदी ओमप्रकाश द्विवेदी उर्फ भोली ने हवन पूजन किया। इसके उपरांत लगभग 1:30 बजे भंडारे का शुभारंभ हुआ। यह भंडारा रात्रि 9:00 बजे तक चला। जिसमें बिठूर के विभिन्न वार्डो से आए हजारों श्रद्धालुओं में भंडारें का प्रसाद ग्रहण किया।

ीमद् भागवत के सफल आयोजन को लेकर आयोजक ओमप्रकाश द्विवेदी उर्फ भोली ने कहां कि इस आयोजन को सफल बनाने में क्षेत्रीय जनता ने अहम भूमिका निभाई है। समापन अवसर पर हरिओम द्विवेदी सोनू द्विवेदी, चंद किशोर शुक्ला, मुन्ना लाल शर्मा, प्रिंस मिश्रा, अनूप द्विवेदी के अलावा सैकड़ो भक्त प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय आविष्कार अभियान 2025-26 के तहत ब्लॉक स्तरीय क्विज सम्पन्न




जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

बिल्हौर। बिल्हौर राष्ट्रीय आविष्कार अभियान 2025-26 के अंतर्गत परिषदीय उच्च प्राथमिक एवं कंपोजिट विद्यालयों में कक्षा 6, 7 व 8 में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की विकासखंड स्तरीय विज्ञान क्विज प्रतियोगिता का आयोजन ब्लॉक संसाधन केंद्र, बिल्हौर में किया गया। प्रतियोगिता में विकासखंड के विभिन्न विद्यालयों से कुल 166 छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ खंड शिक्षा अधिकारी रवि कुमार सिंह द्वारा किया गया। लिखित परीक्षा के उपरांत वरिष्ठता सूची में आए प्रथम 26 छात्रों की मौखिक परीक्षा ली गई, जिसमें से प्रथम 10 छात्र-छात्राओं का चयन किया गया। चयनित प्रतिभागी, प्रथम स्थान: नितांशू (कंपोजिट विद्यालय गोहलियापुर) द्वितीय स्थान: मोहम्मद हसन, अनिकेत, तृतीय स्थान: आयुष अन्य चयनित प्रतिभागी: राज बाबू, शिवांगी, साक्षी, सजर, अंकिता, सिमरन, सांस्वना प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले सभी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आदित्य द्विवेदी, श्रीकांत सिंह, धर्मेंद्र कटियार, पुष्पेंद्र यादव, शशांक द्विवेदी, चंद्राकर बाजपेई, नियाज अहमद, ताहिर अंसारी, आशा, चंद्रशेखर कुरील, कल्पना कटियार, बदरुल मुनीर, शिल्पी कटियार, रामानंद त्रिपाठी, आरती सिंह, राधा मोहन कुशवाहा, नीलम कनौजिया, अजय कटियार, ओमकार यादव, समीर, विकास बाबू सहित बड़ी संख्या में शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।खंड शिक्षा अधिकारी ने चयनित छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, जिज्ञासा और नवाचार की भावना को विकसित करती हैं।

# मकनपुर बसंत मेला 16 जनवरी से 2 फरवरी तक, प्रशासनिक बैठक में तारीखों पर लगी मुहर

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

ऐतिहासिक मकनपुर बसंत मेला के आयोजन को लेकर बुधवार को तहसीलपरिसर स्थित उपजिलाधिकारी कार्यालय में मेला कमेटी की अहम बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी संजीव दीक्षित ने की। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि मकनपुर बसंत मेला 16 जनवरी से 2 फरवरी तक आयोजित किया जाएगा। बैठक के दौरान मेला क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था, स्वच्छता, यातायात नियंत्रण, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। उपजिलाधिकारी ने संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ समय रहते सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए। गौरतलब है कि मकनपुर बसंत मेला जिला प्रशासन एवं मेला कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में मदार साहब की दरगाह परिसर में प्रतिवर्ष आयोजित होता है। परंपरा के अनुसार मेले का शुभारंभ जिलाधिकारी, कानपुर नगर द्वारा किया जाता है। इस मेले में दूर-दराज से मवेशी व्यापारी, श्रद्धालु और आगंतुक बड़ी संख्या में पहुंचते हैं, जिससे क्षेत्र में कई दिनों तक सांस्कृतिक और व्यापारिक गतिविधियां चरम पर रहती हैं।

# एक्सप्रेस खबरें...

## गौरव ने प्रधान प्रबंधक को लिखा पत्र

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। जैदपुर विधानसभा सीट के विधायक गौरव कुमार रावत ने अपनी विधानसभा क्षेत्र वासियों की समस्या को देखते हुए प्रधान प्रबंधक संचालक उत्तर प्रदेश राज्य परिवहन निगम को एक पत्र देकर अनुबंधित बसों के संचालन की मांग की है। विधानसभा क्षेत्र 269 ज़ैदपुर में बाराबंकी बांग्ला बाजार कोला होकर ज़ैदपुर व सिद्धौर से देवीगंज पहले एक दर्जन भर परिवहन विभाग की बसों का संचालन होता था। लेकिन वर्तमान समय में मात्र एक अनुबंधित बस बाराबंकी से कोला होकर ज़ैदपुर व सिद्धौर से देवीगंज तक जाती है। जिससे क्षेत्र की यात्रियों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस मार्ग पर अनुबंधित बसों का संचालन लखनऊ बाराबंकी पल्हरी से ज़ैदपुर व सिद्धौर और देवीगंज तक किया जाए।

## जिला प्रशासन ने जड़ा तीन होटलों पर ताला

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। कोतवाली नगर क्षेत्र के फतहाबाद क्षेत्र में बड़ेल चैराहे के पास संचालित तीन ओयो होटलों पर प्रशासन ने कार्रवाई की है। वैध दस्तावेज न होने और नियमों के उल्लंघन के चलते इन होटलों में प्रशासन के द्वारा तला लगा दिया गया। इनमें होटल विकास इन भी शामिल है। यह कार्रवाई वार्डवासियों की लगातार शिकायतों एवं जिलाधिकारी को ज्ञापन देने के बाद की गई। शिकायतों के आधार पर सीओ, बड़ेल चैकी पुलिस और नायब तहसीलदार सहित कई अधिकारी मौके पर जांच के लिए पहुंचे। जांच के दौरान अधिकारियों ने होटल प्रबंधन से आवश्यक दस्तावेज मांगे, लेकिन होटल का मैनेजर वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका।दस्तावेजों के अभाव और नियमों के उल्लंघन को गंभीरता से लेते हुए नायब तहसीलदार के निर्देश पर मौके पर ही तीनों ओयो होटलों में तला लगा दिया गया। इस प्रशासनिक कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मच गया।स्थानीय लोगों ने इस कार्रवाई का स्वागत करते हुए कहा कि लंबे समय से इन होटलों के खिलाफ शिकायतें की जा रही थीं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि बिना वैध दस्तावेजों के संचालित किसी भी व्यवसाय को बख्शा नहीं जाएगा और भविष्य में भी ऐसी जांच व कार्रवाई जारी रहेगी।

## आरएसएस ने चलाया जनसम्पर्क अभियान

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में गांवों में वृहद जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को ग्राम पंचायत शेषपुर जाहिद अली और असंद्रा बाजार में यह आयोजन हुआ। संघ के जिला व्यवस्था प्रमुख राजकुमार शर्मा के नेतृत्व में स्वयंसेवियों ने जनसंपर्क कर पत्रक वितरित किए। इस दौरान भाजपा नेता शशांक चैरसिया, लवलेश अवस्थी, रामसिंह, डॉ पंकज गुप्ता और रामू दुबे आदि लोग मौजूद रहे।

## छात्र-छात्राओं को दिया गया प्रशिक्षण

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। चैधरी चरण सिंह पीजी कॉलेज बरदरी,में चल रहे पांच दिवसीय भारत स्काउट गाइड प्रशिक्षण के चैथे दिन छात्र-छात्राओं को टेंट बनाने और आपातकालीन स्थितियों में जीवन यापन के कौशल सिखाए गए। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य छात्रों को विषम परिस्थितियों के लिए तैयार करना है। प्रशिक्षण के दौरान छात्रों को सिखाया गया कि आपातकालीन परिस्थितियों में कैसे टेंट बनाया जाए, उसमें कैसे रहा जाए और भोजन कैसे तैयार किया जाए। उन्हें यह भी बताया गया कि टेंट बनाने के लिए किन सामग्रियों की आवश्यकता होती है और इसे घर के रूप में कैसे उपयोग किया जा सकता है। प्रशिक्षक सत्यदेव ने रिपोर्टिंग, सेल्यूटिंग, स्काउट गाइड प्रार्थना, झंडा गीत और नियम प्रतिज्ञा के साथ-साथ गांठ बांधने जैसे महत्वपूर्ण हुनर भी प्रशिक्षुओं को सिखाए। यह सभी कौशल आपातकालीन प्रबंधन में सहायक होते हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय के डीएलएड शिक्षक, विभागाध्यक्ष और प्राचार्य डॉ. गयाप्रसाद दुबे, अनुपम जायसवाल, अंशू वर्मा सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## कोटेदार करवायें बचे हुए मतदाताओं की मैपिंग- दिनेश पांडे

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। तहसील सिरौलीगौसपुर सभागार में उपजिलाधिकारी प्रीति सिंह के निर्देश पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में पूर्ति निरीक्षक सुनील कुमार और नायब तहसीलदार दिनेश कुमार पांडे ने क्षेत्र के समस्त कोटेदारों के साथ एसआईआर मैपिंग में बचे हुए मतदाताओं की सूची पर चर्चा की और उन्हें आवश्यक निर्देश दिए। गुरुवार सुबह करीब 10 बजे शुरू हुई इस बैठक में नायब तहसीलदार दिनेश कुमार पांडे ने बताया कि गांव में अभी भी कुछ मतदाता ऐसे हैं जिनकी मैपिंग नहीं हो पाई है। उन्होंने कोटेदारों को निर्देश दिया कि वे इन मतदाताओं से संपर्क करें और 2003 की सूची के आधार पर उनके माता-पिता, बाबा-दादी या नाना-नानी के नाम और क्रम संख्या की जानकारी एकत्र करें। यह जानकारी बीएलओ को देकर मैपिंग का कार्य पूरा करवाया जाए। उन्होंने कोटेदारों से इस कार्य में पूरी निष्ठा और मेहनत से जुटने का आह्वान किया। पूर्ति निरीक्षक सुनील कुमार ने जानकारी दी कि सिरौली गौसपुर क्षेत्र के सभी कोटेदारों को बुलाकर बचे हुए मतदाताओं की मैपिंग के लिए सूची सौंपी गई है। उन्होंने विशेष रूप से महिला मतदाताओं की मैपिंग के संबंध में निर्देश दिए। कोटेदारों से कहा गया कि वे महिला मतदाताओं से संपर्क कर उनकी मैपिंग उनके मायके से 2003 की सूची के आधार पर करवाएं।

पढ़ें पेज 12 पर...


## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# संसद में राहुल के तेवर और शाह के पलटवार

**अमित शाह ने जोर देकर कहा कि एसआईआर की प्रक्रिया वोट चोरी नहीं है, बल्कि यह वोटर लिस्ट को साफ करने की कोशिश है। लेकिन कांग्रेस इसके जरिए अल्पसंख्यकों के बीच डर फैलाना चाहती है। देखा जाए तो अमित शाह की इस बात में दम है कांग्रेस लोगों में चुनाव आयोग को लेकर अविश्वास पैदा करने के प्रयास में है। अभी तक किसी भी विपक्षी राजनीतिक दल मतदाताओं के साथ कथित भेदभाव के संबंध में चुनाव आयोग के पास कोई औपचारिक आपत्ति दर्ज नहीं कराई है। अगर मतदान के योग्य लाखों -करोड़ों के नाम हटाए जा रहे हैं।**

*राहुल गांधी इन दिनों अमित शाह को हर तरह से घेरने में लगे हैं। पहले चुनाव सुधार पर संसद में बहस के दौरान गृहमंत्री को टोकते और रोकते नजर आए और फिर रामलीला मैदान में एसआईआर पर एक जनसभा को संबोधित करते हुए यह कहते नजर आए कि लोकसभा में उनके उठाए प्रश्नों पर अमित शाह कांप रहे थे। वैसे राहुल गांधी को जानने वाले यह मानते हैं कि उनमें ना भाषा का संयम है और ना पद का लिहाज। वह प्रधानमंत्री के प्रति भी कई बार ओछे शब्दों का इस्तेमाल कर चुके हैं, लेकिन गृहमंत्री शाह ने जब संसद में पलटवार किया तो राहुल ब्रिगेड की बेचारगी साफ नजर आई। दरअसल राहुल गांधी लगातार यह कोशिश कर रहे हैं कि लोकसभा में उनका आचरण आक्रामक दिखे और वह सरकार को झुकाते हुए नजर आएं। लेकिन होता उल्टा ही है। भले ही कुछ गैर परंपरागत व्यवहार और कुछ सीधे व्यक्तिगत हमले से राहुल गांधी न्यूज हेडलाइन में खुद के लिए जगह बना लेते हैं, लेकिन जब सत्ता पक्ष से जवाब आता है और तथ्य रखे जाते हैं और शर्मिंदा राहुल को ही होना पड़ता है। संसद में चुनाव सुधार पर बहस के दौरान भी ऐसा ही हुआ, अपने भाषण में अमित शाह ने चुनाव के मुद्दे पर कांग्रेस का बखिया उधेड़ कर रख दिया। उन्होंने भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू से लेकर राजीव गांधी तक के आचरण का चिट्ठा खोल कर रख दिया। प्रधानमंत्री मोदी ने भी अमित शाह के भाषण की तारीफ की। लोकसभा में दिए राहुल गांधी के भाषण में कोई नयापन नहीं था। हर बार की तरह इस बार भी कांग्रेस नेता ने वही सीबीआई, ईडी और इनकम टैक्स विभागों के विपक्ष के नेताओं के खिलाफ उपयोग का आरोप लगाया। राहुल गांधी ने फिर से कहा कि आरएसएस सभी सरकारी संस्थानों पर कब्जा करता जा रहा है। यूनिवर्सिटी के वीसी के चयन पर भी सवाल उठाया। पुनः गांधी की हत्या में संघ के शामिल होने का प्रलाप किया। एसआईआर के मुद्दे पर राहुल गांधी ने चुनाव आयोग को धमकी तक दे डाली। उन्होंने वोट चोरी को देशद्रोह बताते हुए मुख्य चुनाव आयुक्त को यहां तक कह दिया कि हम आएंगे और तुम्हें ढूंढ निकालेंगे। विपक्ष के नेता ने फिर कहा कि चुनाव आयोग मोदी-शाह के कहने पर लोगों को वोट डालने से वंचित करने का काम कर रहा है। पर जब बारी गृहमंत्री अमित शाह की आई तो कॉंग्रेस ने वाक आउट का रास्ता अपनाया, लेकिन जब तक कांग्रेसी सदस्य सदन में रहे अमित शाह ने उन्हें आकड़ों के जरिए खूब सुनाया। गृहमंत्री ने कुछ अकाट्य आंकड़े रखे। उन्होंने 2011 की जनगणना का हवाला देते हुए कहा -असम और पश्चिम बंगाल जैसे राज्यों के सीमावर्ती जिलों में मुस्लिम आबादी में असामान्य उछाल कैसे आया। क्या ऐसे आंकड़े बिना घुसपैठ के संभव हैं? अमित शाह ने जब यह कहा कि भारत कोई धर्मशाला नहीं है और जो लोग देश की सुरक्षा के लिए खतरा पैदा करेंगे, उनसे सख्ती से निपटा जाएगा, तो कांग्रेस के नेता हत्थे से उखड़ गए और अमित शाह के भाषण में खलल डालने लगे। इस काम में खुद राहुल गांधी सबसे आगे खड़े नजर आए। गृहमंत्री ने साफ कहा कि एसआईआर पर विपक्ष के आरोपों में कोई दम नहीं है और ये अपने खिसकते वोट बैंक से बौखलाए हुए हैं। एक रूटीन, कानूनी प्रक्रिया का इस तरह विरोध नहीं करते। चुनाव आयोग ने स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन चालू ही इसलिए लिया है कि अवैध अप्रवासियों के नाम चुनावी सूची में हटाया जाए और साथ में मृत या डुप्लीकेट लोगों के भी नाम काटे जा सके।*

### एक्सप्रेस आलेख

**जम्मू-कश्मीर में लगातार हिंदू यात्रियों और सुरक्षा बलों पर हमले हों, यूरोप में चर्चों, यहूदी केंद्रों और स्कूलों को निशाना बनाया जाए, रूस के मॉस्को कॉन्सर्ट हॉल में सामूहिक हत्या हो या अफ्रीका में गैर-मुस्लिम गांवों पर धावा बोलना रहा है, हर जगह इसे देखा जा सकता है। यहाँ यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि इस आलोचना का उद्देश्य पूरे मुस्लिम समाज को कटघरे में खड़ा करना नहीं है। किंतु यह भी उतना ही सच है कि जब तक इस्लाम के भीतर मौजूद कट्टर और आक्रामक व्याख्याओं पर खुली बहस और आत्मालोचना नहीं होगी, तब तक यह समस्या समाप्त नहीं होगी। हर हिंसक घटना के बाद सिर्फ यह कह देना कि 'इस्लाम शांति का धर्म (मजहब) है' अब पर्याप्त नहीं है।**



डॉ. मयंक चतुर्वेदी

**वास्तविक संकट हथियारों से कहीं आगे उस सोच का है जो यह मानती है कि पूरी दुनिया किसी एक धार्मिक (मजहबी) पहचान के अधीन होनी चाहिए। यही सोच युवाओं को सिखाती है कि हिंसा पुण्य (सवाब) या अमल-ए-सालिह है और हत्या मजहबी कर्तव्य। यदि इस मानसिकता की जड़ों पर प्रहार नहीं किया गया तो कोई भी सुरक्षा तंत्र, कोई भी कानून और कोई भी सैन्य कार्रवाई स्थायी समाधान नहीं दे सकती है।**

# दुनिया को डरा रहा है इस्लाम का जिहाद

दुनिया एक बार फिर ऐसे प्रश्नों के सामने खड़ी है, जिनसे मुँह मोड़ना अब संभव नहीं। 14 दिसंबर को ऑस्ट्रेलिया की राजधानी सिडनी के बॉन्डी बीच पर हनुक्का उत्सव मना रहे यहूदियों पर हुआ घातक हमला सिर्फ एक आतंकी घटना नहीं कहा जा सकता है। यह उस वैचारिक संकट का प्रतीक है जो बीते दशकों से लगातार गहराता जा रहा है। साजिद और उसके बेटे नवीद द्वारा की गई इस अंधाधुंध गोलीबारी में 15 निर्दोष लोगों की मौत और कई के घायल होने के बाद यह सवाल फिर उभरा है कि आखिर वह कौन-सी सोच है जो धार्मिक पहचान के आधार पर हिंसा को जिहाद का नाम देकर उसे सही ठहराती है। जिसमें यह घटना ऐसे देश में घटी है, जहाँ न मुसलमानों पर कोई अत्याचार हो रहा था और न ही धार्मिक स्वतंत्रता पर कोई संकट है। ऑस्ट्रेलिया की इस घटना के बाद नवीद अकरम का छह वर्ष पुराना वीडियो सामने आया है जो उसकी मानसिक संरचना को समझने में मदद करता है। वीडियो में वह कहता है कि 'अल्लाह का कानून हर पढ़ाई और हर काम से ऊपर है और उसे हर किसी तक पहुँचाया जाना चाहिए।' यह वाक्य साधारण नहीं है। यह उस सोच का प्रतिबिंब है, जिसमें सांसारिक शिक्षा, आधुनिक कानून और नागरिक कर्तव्यों से ऊपर एक धार्मिक (मजहबी) कानून को स्थापित किया जाता है। यही वह बिंदु है, जहाँ समस्या केवल व्यक्ति की नहीं रह जाती है, वह विचारधारा की बन जाती है। यह प्रश्न स्वाभाविक है कि 'अल्लाह का कानून' आखिर है क्या। इस्लाम में इसे व्यापक रूप से शरिया के रूप में जाना जाता है। मुसलमानों के लिए यह धार्मिक आस्था से अधिक जीवन जीने की संपूर्ण पद्धति मानी जाती है। इसी क्रम में सीरा, यानी पैगंबर मुहम्मद की जीवनी को आदर्श जीवन के रूप में प्रस्तुत किया गया है। इस्लामी ग्रंथों की कुछ व्याख्याएँ ऐसी भी हैं, जिनमें दुनिया को मुसलमानों और गैर-मुसलमानों के बीच स्पष्ट रूप से विभाजित किया गया है। गैर-मुस्लिम क्षेत्रों को 'दारुल-हरब' कहा गया है, यानी युद्ध का क्षेत्र। ऐसी व्याख्या में प्रमुखता से जिहाद शामिल है, जिसमें यह मान लिया गया है कि जो इस्लाम को स्वीकार नहीं करता, वह 'शिर्क' और 'बुतपरस्ती' के जुल्म में लिप्त है और उस जुल्म को समाप्त करना हर मुसलमान का मजहबी कर्तव्य है। इस दृष्टिकोण में हिंसा आत्मरक्षा नहीं रहती, वह आक्रामक मजहबी अभियान बन जाती है। यही कारण है कि इतिहास से लेकर वर्तमान तक, जिहाद शब्द का प्रयोग अक्सर हथियारबंद संघर्ष के अर्थ में हुआ है। कुरान का नौवां अध्याय, जो जिहाद पर केंद्रित माना जाता है, युद्ध और संघर्ष के संदर्भों से भरा है। कुरान (9:111) में 'अल्लाह के काम' के लिए 'कत्ल करना और कत्ल होना' का उल्लेख मिलता है। इसी अध्याय की आयतें–9:5, 9:29, 9:41, 9:73, 9:123 आक्रामक संघर्ष के आह्वान के



**कानून-व्यवस्था का मामला मानते रहेंगे या उस वैचारिक खाद को भी चिन्हित करेंगे, जिससे यह हिंसा जन्म लेती है। गैर-मुसलमानों पर हिंसा हर हाल में रुकनी चाहिए। यह किसी एक देश या एक समुदाय तक सीमित समस्या नहीं है, आज प्रश्न संपूर्ण मानवता का है।**

रूप में उद्धृत की जाती रही हैं। हदीस-साहित्य में भी ऐसे कथन मिलते हैं, जिनका उपयोग वर्चस्ववादी दृष्टि को पुष्ट करने में किया गया है। उदाहरण के तौर पर सहीह बुखारी (4:53:392) में उद्धृत कथन, 'तुम सुरक्षित रहोगे, अगर इस्लाम कबूल कर लो। यह पूरी दुनिया अल्लाह की और मेरी है' को इतिहास में यहूदियों और अन्य गैर-मुसलमानों पर दबाव के औचित्य के रूप में पढ़ा गया है। इसी प्रकार कुरान के दूसरे अध्याय की कुछ आयतों की व्याख्याएँ गैर-मुसलमानों को अधीन करने, धर्मांतरण या जजिया के लिए मजबूर करने के रूप में प्रस्तुत की गई हैं। यही कारण है कि सदियों के इस्लामी इतिहास में 'हथियारबंद लड़ाई' और 'जिहाद' को अक्सर समानार्थी की तरह समझा गया। इन आयतों की व्याख्या को लेकर विद्वानों में मतभेद हो सकते हैं, किंतु यह तथ्य नकारा नहीं जा सकता कि कट्टरपंथी समूह इन्हीं व्याख्याओं को आधार बनाकर हिंसा को धार्मिक वैधता प्रदान करते हैं। इसी पृष्ठभूमि में भारत में जमीयत उलमा-ए-हिंद के अध्यक्ष मौलाना महमूद मदनी द्वारा दिए गए हालिया जिहाद संबंधी वक्तव्य को जरूर देखना चाहिए, उनका कहना है कि 'जब-जब जुल्म होगा, तब-तब जिहाद होगा' और यह कि जिहाद का मूल अर्थ आत्मसंघर्ष, बुराइयों से मुक्ति और अन्याय के विरुद्ध प्रतिरोध है। वे इसे एक पवित्र शब्द बताते हैं और यहां तक प्रस्ताव रखते हैं कि जिहाद के वास्तविक अर्थ को स्कूलों के पाठ्यक्रम में शामिल किया जाना चाहिए। सिद्धांत रूप में यह बात आकर्षक लग सकती है किंतु व्यवहार की धरातल पर जो हो रहा है, वह इन दावों से मेल नहीं खाता। न भारत में और न ही ऑस्ट्रेलिया में ऐसी कोई स्थिति थी, जिसे जुल्म कहकर हिंसा को जायज ठहराया जा सके। फिर भी निर्दोष गैर-मुसलमानों की हत्या का सिलसिला पूरी दुनिया में चल रहा है! कहना होगा कि इस वैचारिक ढांचे का परिणाम आज पूरी दुनिया झेल रही है। जम्मू-कश्मीर में लगातार हिंदू यात्रियों और सुरक्षा बलों पर हमले हों, यूरोप में चर्चों, यहूदी केंद्रों और स्कूलों को निशाना बनाया जाए, रूस के मॉस्को कॉन्सर्ट हॉल में सामूहिक हत्या हो या अफ्रीका में गैर-मुस्लिम गांवों पर धावा बोलना रहा है, हर जगह इसे देखा जा सकता है। यहाँ यह स्पष्ट करना आवश्यक है कि इस आलोचना का उद्देश्य पूरे मुस्लिम समाज को कटघरे में खड़ा करना नहीं है। किंतु यह भी उतना ही सच है कि जब तक इस्लाम के भीतर मौजूद कट्टर और आक्रामक व्याख्याओं पर खुली बहस और आत्मालोचना नहीं होगी, तब तक यह समस्या समाप्त नहीं होगी। हर हिंसक घटना के बाद सिर्फ यह कह देना कि 'इस्लाम शांति का धर्म (मजहब) है' अब पर्याप्त नहीं है, क्योंकि सवाल धर्म (मजहब) की राजनीतिक और हिंसक व्याख्या का है। इसलिए वास्तविक संकट हथियारों से कहीं आगे उस सोच का है जो यह मानती है कि पूरी दुनिया किसी एक धार्मिक (मजहबी) पहचान के अधीन होनी चाहिए। यही सोच युवाओं को सिखाती है कि हिंसा पुण्य (सवाब) या अमल-ए-सालिह है और हत्या मजहबी कर्तव्य। यदि इस मानसिकता की जड़ों पर प्रहार नहीं किया गया तो कोई भी सुरक्षा तंत्र, कोई भी कानून और कोई भी सैन्य कार्रवाई स्थायी समाधान नहीं दे सकती है। अब निर्णय दुनिया के धार्मिक नेताओं, सरकारों और बौद्धिक वर्ग को लेना है। आखिर वे क्या चाहते हैं? क्या वे इस समस्या को कानून-व्यवस्था का मामला मानते रहेंगे या उस वैचारिक खाद को भी चिन्हित करेंगे, जिससे यह हिंसा जन्म लेती है। गैर-मुसलमानों पर हिंसा हर हाल में रुकनी चाहिए। यह किसी एक देश या एक समुदाय तक सीमित समस्या नहीं है, आज प्रश्न संपूर्ण मानवता का है।




*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | अमावस्या 28:58 तक |
| नक्षत्रः | ज्येष्ठा 10:51 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | शुक्रवार |
| योगः | शूल, 15:47 |
| सूर्योदयः | 07:09 |
| सूर्यास्तः | 17:28 |
| चंद्रमाः | वृश्चिक राशि में |
| राहुकालः | 11:01-12:18 |
| विक्रमी संवत्ः | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | पौष |
| शुभ मुहूर्तः | 11:57-12:38 |

## जन एक्सप्रेस

### गिर रहा बाजार !

*दबाव में बिकवाली के।*
*गिर रहा बाजार ।।*
*है डरे निवेशक।*
*आ रहा उतार ।।*
*सेंटीमेंट आजतक।*
*समझ न कोई पाया ।।*
*आ गया करेक्शन।*
*एक्सपर्ट ने बताया ।।*
*कोई भी अब तक।*
*समझ सका ना चाल ।।*
*कब दे दे झटका।*
*कर दे कब कमाल ।।*
*भाग रहा डॉलर।*
*खबर रही है तैर ।।*
*मनमुताबिक उसकी।*
*चल रही है सैर ।।*



\- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# सर्दियों में सेहत के लिए बेहद फायदेमंद है गुड़

**ज्यादातर** भारतीय घरों में गुड़ का इस्तेमाल कई तरीकों से किया जाता है। कई लोग अपने खाने के बाद गुड़ खाना पसंद करते हैं, जबकि कई लोग गुड़ का सेवन अलग-अलग तरीकों से करते हैं। इतना ही नहीं कई मिठाइयों में भी गुड़ का इस्तेमाल किया जाता है। गुड़ को नेचुरल स्वीटनर के रूप में भी किया जाता है, जिसे रिफाइंड शुगर से कहीं ज्यादा पौष्टिक माना जाता है। गुड़ में आयरन, मैग्नीशियम, पोटेशियम, कैल्शियम, विटामिन और एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर होता है। आयुर्वेद में भी गुड़ को कई औषधीय गुणों से भरपूर माना जाता है, जो न सिर्फ सेहत के लिए फायदेमंद होता है, बल्कि स्वास्थ्य से जुड़ी कई समस्याओं को भी दूर करने में मदद करता है।

**गुड़ क्या है?:** आयुर्वेदिक डॉ. श्रेय शर्मा बताते हैं कि, आयुर्वेद में गुड़ को एक बहुत ही अहम आहार औषधि माना जाता है। गुड़ गन्ने के रस को पकाकर तैयार किया जाता है। जब गन्ने के रस को आग में पकाया जाता है, तो वह गाढ़ा होकर लुगदी की तरह हो जाता है और फिर जमकर ठोस बन जाता है, जिसे हम गुड़ के रूप में जानते हैं। संस्कृत में गुड़ को इक्षु विकार भी कहा



गया है, जो सिर्फ मिठास देने वाला नहीं बल्कि शक्ति देने वाला, पौष्टिक और औषधीय गुणों से भरपूर होता है।

**गुड़ की तासीर क्या है?:** आयुर्वेदिक डॉ. श्रेय शर्मा का कहना है कि, गुड़ का सेवन हर मौसम यानी गर्मी और सर्दी या बरसात हर ऋतु में किया जाता है। हालांकि इसका सेवन ठंड के मौसम में करना ज्यादा फायदेमंद माना जाता है, क्योंकि इसकी तासीर उष्ण यानी गर्म होता है, जो वात दोष को खत्म करने और पित्त को बहुत ज्यादा बढ़ने से रोकने में मदद करता है। इसलिए, गुड़ खासतौर पर सर्दियों और ठंडे मौसम में ज्यादा फायदेमंद होता है।

**सर्दियों में गुड़ खाने के फायदे:** आयुर्वेदिक डॉ. श्रेय शर्मा के अनुसार, सर्दियों में गुड़ का सेवन सेहत के लिए बेहद फायदेमंद माना जाता है, क्योंकि गुड़ की गर्म तासीर शरीर को सर्दियों में गर्म रखने में मदद करता है। इसका सेवन वात दोष को संतुलित करने में मदद करता है, जो जोड़ों के दर्द, गैस और कब्ज की समस्या से राहत दिलाता है। गुड़ का सेवन पाचन शक्ति को बढ़ाता है और भोजन के बाद इसे खाने से खाना पचाने में मदद करता है। गुड़ खाने से खून साफ करने में मदद मिलती है और यह यूरिन को भी साफ करता है। गुनगुने पानी या दूध के साथ गुड़ का सेवन मल को साफ करने और कब्ज की समस्या को दूर करने में मदद मिलती है। गुड़ का सेवन आपके शरीर की ताकत और एनर्जी को बढ़ाने में मदद करता है, जिससे थकान दूर होती है।

**गुड़ खाने के नुकसान:** आयुर्वेदिक डॉ. श्रेय शर्मा के मुताबिक, गुड़ खाने के कई फायदे होते हैं, लेकिन इसके कुछ नुकसान भी हैं, जिसमें ज्यादा मात्रा में गुड़ का सेवन सर्दी-खांसी, जुकाम और बलगम की समस्या को बढ़ाता है। ज्यादा गुड़ का सेवन आपके शरीर में चर्बी बढ़ने का कारण बन सकता है, जो मोटापे को बढ़ाता है। जरूरत से ज्यादा गुड़ खाने से दांतों में कीड़े और पायरिया की समस्या बढ़ सकती है।

### एक्सप्रेस विशेष



मृत्युंजय दीक्षित

**उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के मुखिया सपरिवार शौर्य दिवस को सलीम चिश्ती की दरगाह पर चादर चढ़ा कर हिन्दुओं को चिढ़ाते दिखे। सपा मुखिया का तुष्टिकरण में संलिप्त यह कृत्य जनता समझ रही है।**

# सनातन का विरोध ही सेक्युलर राजनीति है ?

**हिंदू संगठनों ने मुख्यमंत्री से माफी मांगने को कहा किंतु मुस्लिम परस्त रेवंत रेड्डी अपने बयान पर कायम हैं। उधर, तमिलनाडु में भगवान मुरुगन के मंदिर में दीप जलाने को लेकर द्रमुक सरकार मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए न्यायालय की भी अवहेलना कर रही है। तमिलनाडु से ही हिन्दू और सनातन समाज को डेंगू-मलेरिया जैसे रोगों की संज्ञा दी जाती रही है।**

**भारत** विभाजन के साथ मिली स्वाधीनता से कोई सबक न लेते हुए भारत की राजनीति आज तक तुष्टिकरण के आधार पर चलती रही है। मुस्लिम वोटबैंक को प्रसन्न करने के लिए बिहार का मुख्यमंत्री रहते तथाकथित समाजवादी लालू प्रसाद यादव ने भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को जेल में डाल दिया, उससे एक कदम आगे बढ़ते हुए मुलायम सिंह ने निहत्थे रामभक्तों को गोलियों से भुनवा दिया, कांग्रेस साम्प्रदायिक हिंसा बिल ले आई। वो तो भला हो उस समय विपक्ष में होने के बाद भी भाजपा ने इसे पारित होने से बचा लिया। मुस्लिम तुष्टिकरण के कारण ही पाकिस्तान को सटीक उत्तर देने की जगह अमन का तमाशा किया जाता रहा। मुस्लिम तुष्टिकरण के लिए भारत की सनातन संस्कृति को अनेकानेक प्रकार से चोट पहुंचाई जाती रही। वर्ष 2014 में केन्द्रीय नेतृत्व प्रदान करते हुए नरेन्द्र मोदी ने तुष्टिकरण के कारण सनातन संस्कृति को हुई क्षति की भरपाई के प्रयास शुरू किए। बिहार विधानसभा चुनाव परिणाम के बाद एक बार फिर मुस्लिम तुष्टिकरण की राजनीति करने वाले दल अधिक कटु होकर सनातन हिंदू धर्म पर प्रहार कर रहे हैं। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को उनकी दो दिवसीय भारत यात्रा के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्रीमद्भगवद्गीता का रूसी अनुवाद भेंट किया। इसको देखकर कांग्रेस और वामपंथी दलों ने न केवल प्रधानमंत्री वरन श्रीमद्भगवद्गीता के प्रति आपत्तिजनक शब्दों का उपयोग करते हुए इसका विरोध किया। कांग्रेसियों ने गीता के लिए मूल शब्द का प्रयोग किया जो एक अक्षम्य अपराध है। वर्ष 2026 में पश्चिम बंगाल व तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव हैं, अतः इन दो प्रान्तों में सनातन प्रतीकों तथा हिन्दू समाज को अपमानित करने का कार्य भी सबसे अधिक और सबसे तेजी से हो रहा है। पश्चिम बंगाल में वहां के तृणमूल विधायक हुमायूं कबीर ने बाबर के नाम की मस्जिद की आधारशिला रखी और प्रशासन चुपचाप खड़ा रहा क्योंकि इस हरकत को मुख्यमंत्री का मौन समर्थन था। उसकी देखा-देखी बिहार और तेलंगाना में भी कुछ कट्टरपंथी मौलानाओं ने बाबरी नाम की मस्जिद व स्मारक बनाने का ऐलान करके साप्रंदायिक तनाव बढ़ाने का काम आरम्भ कर दिया है। इस बाबरी भूत को वह सभी दल प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से समर्थन दे रहे हैं जिनकी राजनीति मुस्लिम तुष्टिकरण से चलती है और जो संविधान की किताब हाथ में लेकर घूमते हैं। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के मुखिया सपरिवार शौर्य दिवस को सलीम चिश्ती की दरगाह पर चादर चढ़ा कर हिन्दुओं को चिढ़ाते दिखे। सपा मुखिया का तुष्टिकरण में संलिप्त यह कृत्य जनता समझ रही है। सपा मुखिया समय-समय पर ऐसे बयान देते रहते हैं जिससे सनातन हिन्दू समाज आहत हो। महाकुंभ से लेकर लेकर अयोध्या के दीपोत्सव तक उन्होंने हिन्दू परम्पराओं का उपहास करते हुए उन्हें ढोंग बताया। वहीं, कांग्रेस ने तो हिंदू सनातन आस्था के सभी केन्द्रों का अपमान करने की सुपारी ही ले रखी है। कर्नाटक में तो मुस्लिम तुष्टिकरण का खुला खेल चल ही रहा है। हिमाचल प्रदेश की सुखविंदर सिंह 'सुक्खू' की कांग्रेस की अगुवाई वाली सरकार को हिंदू बच्चों के राधे-राधे बोलने पर आपत्ति है। तेलंगाना के कांग्रेसी मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी लगातार सनातन और हिंदुओं के विरुद्ध आग उगल रहे हैं। रेवंत रेड्डी ने हिंदुओं पर आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए कहा कि हर व्यक्ति और हर काम के लिए एक अलग भगवान होता है। एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा हिंदू कितने भगवानों को मानते हैं? तीन करोड़ हैं, इतने सारे क्यों हैं? जो लोग अविवाहित हैं उनके लिए एक भगवान है -हनुमान, जो लोग दो शादी करते हैं उनके लिए अलग भगवान हैं और जो लोग शराब पीते हैं- मुर्गा खाते हैं, उनके लिए अलग भगवान हैं। हर ग्रुप का अलग भगवान है। रेड्डी के बयान से हिंदुओं की भावनाओं का आहत होना स्वाभाविक था।


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# बीसलपुर चीनी मिल में किसानों का आक्रोश, सपा नेत्री के हस्तक्षेप के बाद दो अधिकारी निलंबित

■ मिल बंद रहने से परेशान किसानों की रातें ट्रॉलियों पर बीतीं, 12 घंटे में गन्ना तौल का आश्वासन

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**





करोड़ों रुपये के घाटे से जूझ रही बीसलपुर किसान सहकारी चीनी मिल में गन्ना तौल न होने और बार-बार मिल बंद रहने से नाराज किसानों का दर्द उस समय खुलकर सामने आया, जब समाजवादी पार्टी महिला मोर्चा की राष्ट्रीय सचिव एवं विधानसभा 130 की पूर्व प्रत्याशी दिव्या प्रदीप गंगवार मिल परिसर पहुंचीं। किसानों की व्यथा सुनते ही उनके तेवर तीखे हो गए और उन्होंने मिल अधिकारियों को मौके पर ही जमकर फटकार लगाई। किसानों ने बताया कि वैगास खराब होने के कारण बीते तीन दिनों से मिल बंद थी। गन्ना आपूर्ति के लिए किसान चार-चार दिन से ट्रैक्टर-ट्रॉलियों के साथ खुले आसमान के नीचे रात गुजारने को मजबूर हैं। कई किसानों का गन्ना सीसीओ द्वारा फेल कर दिया गया और डेट निकलने का हवाला देकर ट्रॉलियां वापस भेज दी गईं।दिव्या गंगवार ने प्रधान प्रबंधक एच.के. गुप्ता को बुलाकर कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने सवाल उठाया कि जब मिल ही बंद रहती है, तो किसान समय से गन्ना कैसे सप्लाई करेंगे। काफी देर चली बातचीत और दबाव के बाद प्रधान प्रबंधक ने 12 घंटे के भीतर किसानों की ट्रॉलियां खाली कराने का आश्वासन दिया, तब जाकर मामला शांत हुआ।

सपा नेत्री ने कड़ाके की ठंड को देखते हुए किसानों के लिए अलाव और गद्दों की व्यवस्था कराने के निर्देश दिए। किसानों ने यह भी शिकायत की कि मिल परिसर में ट्रॉलियों की बैटरियां चोरी हो रही हैं, जिस पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने की मांग रखी गई।

बताया गया कि शासन से मिली करोड़ों रुपये की धनराशि के बावजूद मिल की मरम्मत सही ढंग से नहीं कराई गई, जिसके चलते चालू पेराई सत्र में मिल बार-बार बंद हो रही है। इससे किसानों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

वहीं गुरुवार को सपा नेत्री द्वारा उच्च स्तर पर शिकायत के बाद सहकारी चीनी मिल बीसलपुर के चीफ केमिस्ट और चीफ इंजीनियर को निलंबित कर दिया गया है। वहीं, मिल के प्रधान प्रबंधक और सीसीओ के खिलाफ जांच अभी जारी है। बताया गया कि यह कार्रवाई किसानों और चीनी मिल के हितों को ध्यान में रखते हुए की गई है।

दिव्या प्रदीप गंगवार ने कहा कि किसानों के हितों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। गन्ना तौल में लापरवाही और मिल संचालन में अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि आगे भी किसानों का शोषण हुआ तो समाजवादी पार्टी आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेगी। इस दौरान उनके पति चौधरी प्रदीप सिंह गंगवार, रूपलाल महतिया, अभय गंगवार सहित कई सपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# महिला का शव-नहर में उतराता दिखा, जांच कर रही पुलिस

**जन एक्सप्रेस। सुनहरा**



लखीमपुर खीरी। हैदराबाद थाना क्षेत्र में सीतापुर ब्रॉन्च नहर से गुरुवार को एक महिला का शव बरामद हुआ। राहगीरों ने ममरी पुल के पास नहर में शव उतराता देखा, जिसके बाद हैदराबाद पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस के पहुंचने तक शव करीब 300 मीटर आगे बह चुका था। ग्रामीणों की मदद से शव को नहर से बाहर निकाला गया और तुरंत गोला सीएचसी पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतका की पहचान बेलवा गांव निवासी सर्वेश कश्यप की पत्नी ममता (40) के रूप में हुई है।

सीएचसी परिसर में मौजूद परिजन के साथ ग्रामीण ग्रामीणों के अनुसार, ममता के पति सर्वेश उन्हें खुखाय स्थित नहर किनारे एक मंदिर में पूजा के लिए ले गए थे। पूजा के बाद वह अपने काम से नर्सरी चले गए थे। ममता नहर तक कैसे पहुंची, इसकी जानकारी उन्हें भी नहीं है।कुछ लोगों का अनुमान है कि मंदिर के आसपास बंदरों के हमले के कारण ममता का पैर फिसल गया होगा और वह नहर में गिर गई होंगी। पुलिस ने परिजनों के पहुंचने पर शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मृतका के पति रिटायर्ड फौजी हैं। उनके दो बेटियां मुस्कान (24), मानशी (22) और एक बेटा हिमांशु (20) है, जो लखनऊ में पढ़ाई कर रहा है। थाना हैदराबाद के थानाध्यक्ष सुनील मलिक ने बताया कि पानी का बहाव तेज होने के कारण शव पुल से आगे निकल गया था। उन्होंने ग्रामीणों के सहयोग से शव को निकलवाकर अस्पताल भिजवाया, ताकि सीपीआर के माध्यम से उसे बचाने का प्रयास किया जा सके।

# फन मॉल के पीछे युवक का शव खून से लथपथ मिला



**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**

फन मॉल के पीछे पटेल नगर स्थित मैदान में एक युवक का खून से लथपथ शव मिलने से सनसनी फैल गई। सुबह मॉर्निंग वॉक पर निकले लोगों ने शव देखकर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही सीओ सिटी विवेक तिवारी और शहर कोतवाल राजेश सिंह सहित भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने घटनास्थल की घेराबंदी कर जांच शुरू की।

मृतक की पहचान पलिया कस्बे के बेहनन पुरवा निवासी अहमद जान उर्फ आशु पुत्र अफजल के रूप में हुई है। मृतक के भाई शिबू ने मौके पर पहुंचकर बताया कि अहमद जान सोमवार को ही पलिया से लखीमपुर आए थे। हालांकि, वह किसके साथ आए थे और कहां ठहरे थे, इसकी जानकारी अभी नहीं मिल पाई है।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। प्रथम दृष्टया यह मामला हत्या का प्रतीत हो रहा है। पुलिस आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और मृतक के परिजनों व परिचितों से पूछताछ कर रही है। इस घटना के बाद क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और विस्तृत जांच के बाद ही युवक की मौत के सही कारणों का खुलासा हो पाएगा।

## बस-कार की टक्करःकटहा गांव के पास हुआ हादसा, कार सवार लोग बाल-बाल बचे

**जन एक्सप्रेस। निघासन खीरी**

गुरुवार को पढ़ुआ थाना क्षेत्र में निघासन-ढखेरवा मार्ग पर एक बस और कार की आमने-सामने टक्कर हो गई। यह हादसा कटहा गांव के पास हुआ, जिसमें कार में सवार चार लोग बाल-बाल बच गए। टक्कर इतना जोरदार था कि कार का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। टक्कर के बाद आसपास मौजूद लोग भागकर घटनास्थल पर पहुंचे। जानकारी के अनुसार, लुधौरी निवासी प्रीतम पुत्र शालिक राम अपनी कार से घर जा रहे थे। कटहा गांव के पास सामने से आ रही बस से उनकी कार की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।कार में कुल चार लोग सवार थे, जिन्हें सुरक्षित बताया जा रहा है। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय ग्रामीणों ने तुरंत कार्रवाई करते हुए क्षतिग्रस्त कार को सड़क के किनारे हटाया, जिससे यातायात सुचारू हो सका। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची।



# बूथ से लोकतंत्र तक पार्टी के निर्देशन की जिम्मेदारी निभाता जनप्रतिनिधि

**जन एक्सप्रेस। मुकेश कुमार**



पीलीभीत। लोकतंत्र की मजबूती का सबसे ठोस आधार जागरूक मतदाता होता है। मतदाता सूची का शुद्ध और अद्यतन होना केवल प्रशासनिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक के संवैधानिक अधिकारों की सुरक्षा है। पीलीभीत जनपद की विधानसभा 128 बरखेड़ा में इस सोच को व्यवहार में उतारते हुए महामंडलेश्वर एवं विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज एक मिसाल बनकर सामने आए हैं। भारतीय जनता पार्टी के निर्देशन में स्वामी प्रवक्तानंद महाराज स्वयं हर बूथ पर पहुंचकर न केवल मतदाता जागरूकता का संदेश दे रहे हैं, बल्कि एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) के फॉर्म भी मौके पर भरवा रहे हैं। गांव-गांव, टोला-टोला जाकर वे आम नागरिकों को यह समझा रहे हैं कि मतदाता लोकतंत्र की सबसे बड़ी शक्ति है और उसका सही पंजीकरण ही मजबूत लोकतंत्र की नींव रखता है। जनपद भर में 128 विधानसभा के वे एकमात्र विधायक हैं, जो लगातार कैंपों में पहुंचकर नागरिकों से सीधा संवाद कर रहे हैं। अपने उद्बोधन में वे स्पष्ट कहते हैं कि यदि मतदाता सूची में नाम सही नहीं होगा, तो व्यक्ति अपने लोकतांत्रिक अधिकार से वंचित हो सकता है। यही कारण है कि वे पात्र नागरिकों से समय पर प्रपत्र भरने, युवाओं से नए मतदाता पहचान पत्र बनवाने और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करने का आग्रह कर रहे हैं। इस अभियान की सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि यह केवल निर्देशों तक सीमित नहीं है।

स्वामी प्रवक्तानंद महाराज की प्रत्यक्ष सहभागिता से लोगों में विश्वास बढ़ा है। ग्रामीण क्षेत्रों के साथ-साथ दूरदराज के इलाकों में भी लोग अब स्वयं आगे आकर फॉर्म भर रहे हैं। इससे यह स्पष्ट हो रहा है कि जब नेतृत्व जमीन पर उतरता है, तो जागरूकता स्वतः जनआंदोलन का रूप ले लेती है। आज जब राजनीति में औपचारिकता और दूरी की चर्चा आम है, ऐसे समय में बरखेड़ा विधायक का यह प्रयास लोकतंत्र को बूथ स्तर तक मजबूत करने की एक सार्थक पहल है। यह कदम न केवल मतदाता सूची को शुद्ध करेगा, बल्कि नागरिकों में कर्तव्यबोध और सहभागिता की भावना को भी मजबूत करेगा। निस्संदेह, भारतीय जनता पार्टी के निर्देशन में चल रहा यह अभियान और महामंडलेश्वर स्वामी प्रवक्तानंद महाराज की सक्रिय भूमिका यह संदेश देती है कि लोकतंत्र केवल मतदान के दिन नहीं, बल्कि हर जागरूक कदम से सशक्त होता है।

# किसान गोष्ठी में बोले विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज

## योजनाओं का लाभ लेकर मजबूत बनाएं खेती

**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**



बरखेड़ा विकासखंड परिसर में कृषि विभाग द्वारा आयोजित किसान गोष्ठी कार्यक्रम में महामंडलेश्वर एवं बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने किसानों को केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देते हुए आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाने का आह्वान किया। विधायक स्वामी प्रवक्तानंद महाराज ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा है कि किसानों को समय पर आर्थिक सहायता मिले, जिससेवे खेती से जुड़ी आवश्यकताओं को पूरा कर सकें। उन्होंने किसानों से अपील की कि वे योजनाओं की जानकारी सही तरीके से समझें और पात्रता के अनुसार उनका लाभ अवश्य लें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में किसानों के उत्थान के लिए फसल बीमा योजना, सिंचाई योजना, स्वास्थ्य बीमा योजना सहित अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाना, जोखिम कम करना और उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। किसान गोष्ठी में बेहतर उत्पादन के लिए आधुनिक कृषि तकनीकों, उन्नत बीज, संतुलित उर्वरक उपयोग और वैज्ञानिक खेती पर भी चर्चा की गई। विधायक ने कहा कि नई तकनीकों को अपनाकर किसान कम लागत में अधिक उत्पादन कर सकते हैं, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। कार्यक्रम में कृषि विभाग के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। किसानों ने भी अपनी समस्याएं और सुझाव रखे, जिनके समाधान का आश्वासन दिया गया। कार्यक्रम का समापन किसानों को जागरूक और आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प के साथ किया गया।

# पीड़ित परिवार को अखिलेश यादव ने 1 लाख रुपए भेजे

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी**



गोला गोकर्णनाथ स्थित पौराणिक शिव मंदिर में हाल ही में हुए एक हादसे में सहायक पुजारी/सेवादार हरिपाल गौतम की करंट लगने से मौत हो गई थी। यह घटना तब हुई जब हरिपाल गौतम मंदिर परिसर में टंकी के पास बर्तन धो रहे थे और उन्हें करंट लग गया।हादसे के बाद विद्युत विभाग ने मौके पर पहुंचकर जांच की और वाटर कूलर व आसपास के विद्युत तार हटाए। शमृतक के परिजनों ने मंदिर कमेटी पर लापरवाही का आरोप लगाया था।इस हादसे के बाद समाजवादी पार्टी ने पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान की है। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पूर्व विधायक विनय तिवारी के प्रयासों से मृतक के परिजनों को 1 लाख रुपये की मदद भेजी।

यह सहायता राशि आज सपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष रामपाल यादव ने पीड़ित परिवार को सौंपी।इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष अनुराग पटेल, पूर्व विधायक विनय तिवारी और रामसारन भार्गव भी मौजूद रहे। शइस अवसर पर सपा नेताओं ने प्रशासन और मंदिर कमेटी द्वारा अब तक कोई सहायता न दिए जाने की निंदा की। उन्होंने पीड़ित परिवार को 25 लाख रुपये की सरकारी आर्थिक सहायता और मृतक के बच्चों को मुफ्त शिक्षा उपलब्ध कराने की मांग की।सपा नेताओं ने यह भी कहा कि पार्टी पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है और उन्हें न्याय व उचित मुआवजा दिलाने के लिए संघर्ष जारी रखेगी।

## एक्सप्रेस खबरें...

### छेडछाड कि शिकायत करने जा रही किशोरी को पीटा

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** किशोरी से छेड़छाड़ और मारपीट की गई। जब किशोरी के परिजन शिकायत दर्ज कराने जा रहे थे, तो रास्ते में उनके साथ भी मारपीट की गई। पीड़िता के अनुसार, वह खेत पर जलौनी लकड़ी लेने गई थी। उसी दौरान थाना सेहरामऊ क्षेत्र के गांव का एक युवक वहां पहुंचा और किशोरी को अकेला पाकर उसके साथ अश्लील हरकतें करते हुए छेड़छाड़ शुरू कर दी। जब किशोरी ने इसका विरोध किया, तो आरोपी ने उसे गाली-गलौज करते हुए लात-घूंसों से पीटा। किशोरी किसी तरह अपनी जान बचाकर घर पहुंची और परिजनों को पूरी घटना बताई। जानकारी मिलते ही किशोरी की मां अपने बेटे और बेटी के साथ थाने में शिकायत दर्ज कराने के लिए निकलीं। आरोप है कि रास्ते में आरोपी अपने भाइयों के साथ पहुंच गया और तीनों को रोक लिया। इसके बाद बेल्ट, लात-घूंसों से उन्हें दौड़ा-दौड़ाकर पीटा गया।इस दौरान आरोपी पक्ष ने किशोरी को उठा ले जाने की धमकी भी दी। यह पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिससे पीड़ित परिवार और अधिक भयभीत हो गया है।

### गरीब परिवार का मकान नहीं तोड़ा जाएगा

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** तहसील क्षेत्र में निर्माणाधीन सड़क की जद में आ रहे 17 परिवारों को बड़ी राहत मिली है। प्रशासन ने फैसला किया है कि सड़क निर्माण के लिए किसी भी गरीब परिवार का मकान नहीं तोड़ा जाएगा। यह निर्णय एसडीएम के निरीक्षण और अधिकारियों की बैठक के बाद लिया गया। यह मामला चंदिया हजारा गांव का है, जहां शारदा नदी पर सेतु निगम द्वारा एक सड़क का निर्माण किया जा रहा है। सड़क के प्रस्तावित मार्ग में 17 परिवारों के घर आ रहे थे, जिससे उनके विस्थापन का खतरा मंडरा रहा था।एसडीएम अजीत प्रताप सिंह और तहसीलदार आशीष गुप्ता ने सेतु निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ मौके पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने प्रभावित परिवारों की समस्याओं को गंभीरता से सुना। निरीक्षण के बाद सेतु निगम और प्रशासन के बीच एक बैठक हुई। बैठक में यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया कि किसी भी गरीब परिवार का मकान नहीं तोड़ा जाएगा। इसके बजाय, सड़क का निर्माण गांव के भीतर से किया जाएगा। साथ ही, सड़क को भारी मात्रा में मिट्टी डालकर ऊंचा नहीं किया जाएगा, ताकि ग्रामीणों को भविष्य में किसी तरह की परेशानी न हो।

### हाईवों पर तीव्र मोडों पर नही लगाए गए संकेतिक बोर्ड

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** ठंड के साथ घने कोहरे ने दस्तक दे दी है। जिससे हाईवों पर हादसे बढते जा रहे है। घने कोहरे के वावजूद तीव्र मोडो पर अभी तक कोई संकेतिक बोर्ड तक नहीं लगाया है। और ना ही लाइट की व्यवस्था मोडों पर नही है। कोहरे से लगातार हादसे के मामले आ रहे है।लेकिन बिभाग की ओर से कोई ठोस कदम नही उठाए जा रहे है। जिससे राहगीर काफी परेशान है। उसके वावजूद अभी तक कोई साधन की व्यवस्था नही की गई है। जिससे आए दिन लोग हादसे का शिकार हो रहे है। लाइटवहीन हाईवे होने हादसे की आशंका वनी रहती है।जिससे पिछले बर्ष घने कोहरे की बजह से कई हादसे हुए थे। उसके वावजूद बिभाग की ओर से कोई ध्यान नही दिया जा रहा है। जिससे राहगीरों में रोष देखा जा रहा है।लोगों ने व्यवस्था ठीक कराए जाने की मांग कि है।

### गन्ना तोल व्यवस्था बदहाल, किसान हो रहे परेशान

**जन एक्सप्रेस। पूरनपुर।** गन्ना तोल केंद्रों पर व्याप्त अव्यवस्थाओं की भरमार के चलते किसान परेशान हो रहे हैं। क्षेत्र में खोले गए गन्ना केंद्रों पर अव्यवस्थाएं होने से गन्ना किसानों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। शासन के कड़े निर्देशों के बावजूद ग्रामीण अंचलों में संचालित गन्ना सेंट्रों पर किसानों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध नही हो पा रही हैं। तहसील क्षेत्र में अलग अलग चीनी मिलों के गन्ना क्रय केंद्र संचालित है। लेकिन इन गन्ना क्रय केंद्रों पर अव्यवस्थाएं किसानों को परेशान कर रही हैं। केंद्रों पर गन्ने का उठान समय पर न होना पर्चियों का इंडेट कम होने से गन्ने की तौल प्रभावित हो रही है। कई केंद्रो पर कई दिनो से गन्ने भरे वाहन खडे हुए है।किसानों के लिए बैठने और पेयजल की सुविधा नहीं है। ट्रक की वजाए ट्रैक्टर ट्राला में गन्ना लोड किया जा रहा है। कई किसान वाहन खाली होने के इंतजार में खड़े हुए है। इससे किसान परेशान है। उठान व्यवस्था ठीक न होने से ठंड में किसान अपने गन्ना भरे वाहनों की रखवाली कर रहे। गन्ना क्रय केंद्रो पर गन्ना भरे वाहन खडे हुए है। जिससे किसानों की आगामी फसलें प्रभावित हो रही है। किसानों ने व्यवस्था ठीक कराए जाने की मांग की है।

# माखन चोरी लीला के मंचन से भक्ति में डूबा पीलीभीत, श्रद्धालु हुए भावविभोर

■ बालकृष्ण की चंचल लीलाओं ने मोहा मन, रासलीला में उमड़ा आस्था का सैलाब

■ वृंदावन के कलाकारों ने जीवंत की माखन चोरी लीला, गूंजे राधे-राधे के जयघोष

■ माता यशोदा का वात्सल्य और कान्हा की शरारतों ने रचा भक्तिमय वातावरण



**जन एक्सप्रेस। पीलीभीत**



श्री राधा माधव संकीर्तन मंडल, पीलीभीत के तत्वाधान में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा एवं रासलीला कार्यक्रम में भगवान श्रीकृष्ण की अत्यंत प्रिय माखन चोरी लीला का भावपूर्ण मंचन किया गया। वृंदावन से पधारे मधुर बिहारी रासलीला मंडल ट्रस्ट के कलाकारों ने जब बालकृष्ण की चंचल लीलाओं को मंच पर प्रस्तुत किया, तो पूरा पंडाल भक्ति और आनंद से भर उठा।

कार्यक्रम के दौरान लीला में दिखाया गया कि प्रातःकाल माता यशोदा बालकृष्ण को जगाती हैं और वात्सल्य भाव में स्वयं को धन्य मानती हैं। माखन चलाने के लिए बाहर जाने पर जब माता यशोदा वहां नहीं होतीं, तो बालकृष्ण भंडार गृह में पहुंचकर माखन चोरी करने लगते हैं। यह दृश्य देखकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। लीला में बृज गोपियों की वह भावना भी सुंदर ढंग से प्रस्तुत की गई, जिसमें वे चाहती हैं कि ठाकुर जी उनके घर भी माखन चुराने आएं। कभी अकेले तो कभी अपने सखाओं के साथ श्रीकृष्ण बृज की गलियों में माखन चोरी करते हैं। कई बार गोपियां उन्हें पकड़कर माता यशोदा के पास ले जाती हैं, लेकिन रास्ते में ही ठाकुर जी अदृश्य हो जाते हैं। यह दृश्य देखकर श्रद्धालु मुस्कुरा उठे और वातावरण आनंदमय हो गया।

इस अवसर पर स्वामी श्री जयप्रिया शरण महाराज एवं भागवत मर्मज्ञ गोकुल ठाकुर जी महाराज का सानिध्य प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि रासलीला बृज की प्राचीन और अमूल्य परंपरा है, जिसके माध्यम से भगवान श्रीकृष्ण के जीवन और भक्ति भाव का संदेश जन-जन तक पहुंचता है। आज की लीला के मुख्य यजमान सतीश जायसवाल, रवि अग्रवाल, पंकज रस्तोगी एवं नीरज रस्तोगी रहे। श्री राधा माधव संकीर्तन मंडल के अध्यक्ष विश्वनाथ चंद्र ने सभी यजमानों को ठाकुर जी का प्रसादी वस्त्र पहनाकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। संकीर्तन, कथा और रासलीला के संयुक्त आयोजन से पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। अंत में राधे-राधे के जयघोष के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।

### बरेली में कोर्ट ने सात भूमाफिया को सुनाई उम्रकैद की सजा

**जन एक्सप्रेस। बरेली।** बरेली के अपर जिला एवं सत्र न्यायालय तृतीय की कोर्ट ने वर्ष 2021 के हत्या के एक मामले में सात अभियुक्तों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। दोषसिद्ध अभियुक्तों में शेरगढ़ थाने के मोहम्मपुर गांव निवासी सुखदेव व उसका पुत्र रवि, उसका भाई वेद प्रकाश व उसके पुत्र धर्मेंद्र, जितेंद्र, मुनेंद्र और एक अन्य करीबी संजीव शामिल है। यह सभी भूमाफिया हैं। इन अभियुक्तों को बरेली पुलिस ने वर्ष 2024 में अपराध माफिया व भूमाफिया घोषित किया था। अभियोजन के अनुसार, 19 मई 2021 को मोहम्मदपुर गांव में शादी के मंडप में दिनदहाड़े सुरेंद्र पाल की धारदार हथियारों और हथौड़ा, बेलचा व तलवार से वार कर हत्या कर दी गई थी। वारदात को जमीन विवाद की रंजिश में अंजाम दिया गया था। मामले को लेकर शेरगढ़ थाने में सुरेंद्र पाल के भतीजे जसपाल ने हत्या सहित अन्य आरोपों में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। अदालत ने विचारण के दौरान तथ्य और साक्ष्य के आधार पर वेद प्रकाश और उसके करीबियों को दोषी पाया। इसी आधार पर सभी को सजा सुनाई गई। जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी रीतराम राजपूत ने बताया कि सभी अभियुक्त मोहम्मदपुर गांव के गरीब लोगों की लगभग 125 बीघा जमीन पर गुंडागर्दी से अवैध कब्जा कर रखे थे। तकरीबन तीन करोड़ रुपये की जमीन को अभियुक्तों ने फर्जी तरीके से अपने नाम करा लिया था।

## मिड डे मिल के तहत बन रहे खाने मे कोई लापरवाही बर्दाश्त नही : प्रतीक्षा त्रिपाठी



**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी**

गोला तहसील क्षेत्र के निकटवर्ती दो गावों नगरा सलेमपुर व बहेरा के प्राथमिक स्कूलो मे गोला उप जिलाअधिकारी प्रतीक्षा त्रिपाठी ने औचक निरीक्षण कर मिड डे मिल के तहत भोजन की गुणवत्ता की जांच की है। इस दौरान उन्होंने खाने की गुणवत्ता व रसोई व बर्तनो की साफ सफाई को ठीक करने एवं रसोइया का निर्देश दिया। वहां उपस्थित शिक्षक व शिक्षकाओ को बच्चों की उपस्थित बढ़ाने को लेकर निर्देश भी दिये।इसके साथ ही वहां बने मिड डे मिल के भोजन का बच्चो के साथ बैठकर स्वाद भी चखा।

## एक्सप्रेस खबरें...

### पुलिस क्षेत्राधिकारी गोला ने मुख्य मार्गो पर की पैदल गस्त

**जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी।** सुरक्षा के दृष्टिगत क्षेत्राधिकार गोला रमेश कुमार तिवारी द्वारा प्रभारी निरीक्षक गोला अंबर सिंह एवं भारी पुलिस बल के साथ बड़ा चौराहा पुराना बाईपास विकास चौराहा एवं शिवम चौराहा तक पैदल गस्त किया गया।इस दौरान भारी फोर्स के साथ होटल, रेस्टोरेंट, बस स्टाफ व रेलवे स्टेशन आदि जगहो पर यात्रियो की सुरक्षा ब्यवस्था आदि को भी परखा गया।

### गन्ना लदे तीन वाहनों समेत 6 अन्य वाहन बंद किए गए

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** गुरुवार को परिवहन विभाग लखीमपुर खीरी के द्वारा अवैध संचालन ओवरलोड एवं गन्ना संचालन में लगी गाड़ियों के खिलाफ सघन चेकिंग करते हुए ए आरटीओ शांति भूषण पांडे ने शारदा नगर में छह वाहन बंद किये। साथ ही तीन गन्ना लदी हुए ट्रकों को रोककर चेक किया जिनकी फिटनेस एवं परमिट न होने पर शारदा नगर थाने में निरूद्ध किए गए जो तीनों गन्ना लदे हुए वाहन खंभार खेड़ा चीनी मिल में संचालित हो रहे थे तथा खंभार खेड़ा चीनी मिल प्रशासन को निर्देशित किया कि अब से कोई भी वाहन जिनके फिटनेस बीमा परमिट आदि प्रपत्र पूर्ण ना हो उनको लोडिंग ना दी जाए।

### कांग्रेस ने लखीमपुर खीरी में भाजपा कार्यालय का घेराव किया

**जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी।** 18 दिसम्बर, प्रान्तीय आवाहन पर, पूर्व सांसद रवि प्रकाश वर्मा के नेतृत्व में, कांग्रेस पार्टी ने लखीमपुर खीरी में भाजपा कार्यालय का घेराव किया। घेराव करने वालों में प्रमुख रूप से प्रेम कुमार वर्मा, डा0रईस अहमद उस्मानी जिला उपाध्यक्ष, नारायण लाल, कृष्ण कुमार मिश्रा, लतीफ, रामपाल शाक्य, इकबाल अहमद, ओमप्रकाश दीक्षित, पंकज दीक्षित, मोहन चंद्र, वरुण चौधरी आदि तमाम कांग्रेस जन अन्त तक उपस्थित रहे।

# कर करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा: लक्ष्य के सापेक्ष कम वसूली पर प्रगति में सुधार के डीएम ने दिए निर्देश

**जन एक्सप्रेस । उरई**




जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में कर करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक कर विभिन्न विभागों की प्रगति की गहन समीक्षा की। बैठक के दौरान आबकारी, स्टाम्प, परिवहन, विद्युत विभाग, खनिज एवं व्यापार कर विभाग की लक्ष्य के सापेक्ष कम राजस्व वसूली पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों को सुधारात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। डीएम ने मंडी परिषद को भी राजस्व वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि निर्धारित लक्ष्यों की प्राप्ति में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के विरुद्ध कठोर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

उन्होंने उप जिलाधिकारियों एवं तहसीलदारों को निर्देशित किया कि तीन वर्ष से अधिक पुराने राजस्व वादों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए।साथ ही धारा 34 एवं 116 के अंतर्गत लंबित वादों को शीघ्र समाप्त करने के निर्देश दिए, ताकि आम जनता को समयबद्ध न्याय मिल सके। डीएम ने सरकारी भूमि, तालाब, चारागाह एवं अन्य सार्वजनिक संपत्तियों पर अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध प्रभावी अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर कब्जे की शिकायत मिलने पर राजस्व एवं पुलिस विभाग संयुक्त रूप से तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित करें। कहा कि जनपद के विकास कार्यों को गति देने एवं शासन के लक्ष्यों की प्राप्ति के लिए सभी विभाग पारदर्शिता, तत्परता एवं उत्तरदायित्व की भावना से कार्य करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि फील्ड में रहकर समस्याओं का समाधान करें और जनहित के कार्यों में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। इस अवसर पर एडीएम (वित्त एवं राजस्व) संजय कुमार, एडीएम (न्यायिक) योगेन्द्र सिंह, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उप जिलाधिकारी नेहा ब्याडवाल सहित समस्त एसडीएम, तहसीलदार एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## 12वीं के छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

उरई। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला उमरारखेड़ा में नानी के घर रह रहे 12 वीं के छात्र ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्रमोद धानुकर निवासी कैनाल रोड कानपुर का पुत्र 18 वर्षीय अग्रिम धानुकर मुहल्ला उमरारखेड़ा में अपनी नानी ऊषा रानी के यहां मां प्रीती धानुकर के साथ रहता था। वह सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में कक्षा 12 का छात्र था और प्रीबोर्ड का पेपर देकर घर पहुंचा था। बताया गया कि उसकी नानी व मां बाजार कुछ खरीदारी करने के लिए चलीं गई। जब वह वापस शाम को लौटीं तो उन्होंने देखा कि उसका कमरा अंदर से बंद है। देर शाम तक कमरा नहीं खुलने पर नानी ने आवाज दी, काफी देर तक कोई जवाब नही मिला। जबाब न मिलने पर उन्होंने दरवाजे के ऊपर खिड़की से झांका तो अग्रिम फंदे पर लटका हुआ था। पुत्र को फंदे पर लटका देख मां व नानी में चीख पुकार मच गई। घर में मचा शोरगुल सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और दरवाजा तोड़कर उसे बाहर निकाला तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। इसके बाद पिता प्रमोद को सूचना दी। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरा, लेकिन पिता बगैर पोस्टमार्टम कराए शव को कानपुर नगर अपने आवास पर ले गए। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक हरिशंकर चंद ने कहा कि सूचना मिली थी लेकिन शव का पोस्टमार्टम नहीं कराया है।

# जनपद के प्राचीन पाताल खेड़िया महादेव पर हुआ रुद्राभिषेक..

**जन एक्सप्रेस । अलीगढ़**



देवाधिदेव महादेव के पुत्र भगवान कार्तिकेय द्वारा स्थापित पाताल खेड़िया महादेव पर वैदिक ज्योतिष संस्थान के तत्वावधान में वैदिक विधि विधान से मासिक शिवरात्रि पर रुद्राभिषेक किया गया।

बुधवार प्रातः कालीन बेला में मथुरा रोड स्थित ग्राम सहारा खुर्द पाताल खेड़िया में वैदिक ज्योतिष संस्थान के प्रमुख स्वामी श्री पूर्णानंदपुरी जी महाराज के सानिध्य में आचार्य गौरव शास्त्री, रवि शास्त्री, शिवम व्यास, विनीत शास्त्री, कृष्णा वेदपाठी, निपुण उपाध्याय आदि ने मुख्य यजमान रिचा सिंह एवं अकराबाद ब्लॉक प्रमुख ठा. राहुल सिंह द्वारा भगवान गणेश, भूमि, नवग्रह आदि देवताओं का आवाहन करने के पश्चात वैदिक मन्त्रों के साथ दूध, दही, घी, शहद, बूरा, गन्ने का रस, फलो के रस, गुलाब जल आदि से भगवान शिव का अभिषेक करवाया। भाँग, धतूरा, दूर्वा घास, शमी पत्र, अर्क पुष्प एवं बेलपत्र भगवान शिव को अर्पित किये गए।

रुद्राभिषेक के दौरान द्वापर कालीन प्राचीन लिंग स्वरूप पाताल खेड़िया महादेव के महत्व की जानकारी देते हुए स्वामी जी ने बताया कि भगवान शिव को समर्पित अत्यंत प्राचीन सहारा खुर्द व पाताल खेड़िया के मध्य कुमारेश्वर,प्रतिज्ञेश्वर,कपालेश्वर मंदिर स्थित है। मान्यता है कि भगवान शिव के पुत्र कार्तिकेय ने ताडकासुर नामक राक्षस का वध यहीं किया था। ताडकासुर के शिवभक्त होने के कारण प्रयाश्चित के लिए कार्तिकेय ने विश्वकर्मा से तीन विशुद्ध शिवलिंगों का निर्माण कराया। कार्तिकेय ने कुमारेश्वर, प्रतिज्ञेश्वर, कपालेश्वर नामक तीन शिवलिंगों की स्थापना की। इसका वर्णन शिवपुराण, स्कंदपुराण, भागवत पुराण व विश्वकर्मा पुराण में मिलता है।इसे गुप्ततीर्थ स्थल कहा जाता है,इस पवित्र स्थान पर पौष मास की शिवरात्रि पर रुद्राभिषेक करने से सभी पापों की निवृति पूर्वक मनोवांछित फलों की निश्चित प्राप्ति होती है। अकाल मृत्यु जैसी कुघटनाये टलती हैं भगवान सूर्य और देव गुरु वृहस्पति की भी कृपा प्राप्त होती हैं शिवाराधना से सभी देवी देवताओं के उपासना का फल भी प्राप्त हो जाता हैं अभिषेक के उपरांत भगवान शिव का चंदन,रोली चावल एवं पुष्पों से सहस्त्र नाम अर्चन पूजन श्रंगार कर प्रसाद अर्पित किया और महाआरती की गयी। परम् पूज्य गुरुदेव एवं उनके साथ आये हुए सभी भक्तो का ग्राम प्रधान संजय चौधरी ने माल्यार्पण पटका पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर ठाकुर तेजवीर सिंह, शिव प्रकाश अग्रवाल तनुज प्रधान, शक्ति सिंह, अजय सिंह, शिवम, मोहित, विनीत, मन्नू, रवि, मनोज सिंह, राघव सिंह, सतेंद्र सिंह, हिमांशु, गोलू कुलदीप ठाकुर आदि भक्त उपस्थित रहे।

# शीतलहर में राहत कार्यों की समीक्षा, डीएम ने रैन बसेरों व अलाव का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस । उरई**

शीतलहर एवं बढ़ती ठंड को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ जनपद में संचालित रैन बसेरों एवं अलाव की व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उरई रेलवे स्टेशन, जिला अस्पताल परिसर तथा जनपद के विभिन्न प्रमुख चौराहों पर पहुंचकर ठंड से बचाव हेतु किए गए इंतजामों का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि रैन बसेरों में स्वच्छता, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, गर्म पानी, बैठने व सोने की समुचित सुविधा सहित सभी मूलभूत व्यवस्थाएं अनिवार्य रूप से सुनिश्चित की जाएं। जिससे वहां ठहरने वाले जरूरतमंदों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। डीएम ने शासन के निर्देशों के क्रम में जरूरतमंद, बेसहारा एवं राहगीरों को कंबल वितरित किए और कहा कि ठंड के मौसम में किसी भी व्यक्ति को खुले में रात बिताने के लिए मजबूर न होना पड़े, यह प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

उन्होंने अलाव की नियमित व्यवस्था बनाए रखने, लकड़ी की समय पर आपूर्ति तथा स्थलों पर निरंतर निगरानी रखने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर एडीएम (वित्त एवं राजस्व) संजय कुमार, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट नेहा ब्याडवाल, नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा, सदर तहसीलदार सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# विकास भवन निरीक्षण में लापरवाह कर्मियों पर सख्त कार्रवाई, वेतन रोकने के निर्देश

**जन एक्सप्रेस । उरई**



जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय के स्पष्ट निर्देशों के क्रम में गुरुवार को विकास भवन स्थित विभिन्न विभागों का आकस्मिक निरीक्षण कर प्रशासन ने कार्य संस्कृति को लेकर कड़ा संदेश दिया। प्रातः 10ः05 बजे से 10ः40 बजे के मध्य नगर मजिस्ट्रेट राजेश कुमार वर्मा एवं जिला विकास अधिकारी निशान्त पाण्डेय द्वारा किए गए निरीक्षण में कुल 22 अधिकारी/कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए, सभी के वेतन रोकने के निर्देश दिए।निरीक्षण के दौरान विभिन्न विभागों–लघु सिंचाई, नेडा, युवा कल्याण, श्रम एवं रोजगार, समाज कल्याण, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, डूडा एवं रेशम विभाग–में कार्यरत कई अधिकारी/कर्मचारी बिना सूचना अनुपस्थित मिले। इस गंभीर लापरवाही को देखते हुए सभी अनुपस्थित कर्मियों के वेतन तत्काल प्रभाव से रोकने के निर्देश दिए गए। डीएम ने कहा कि सरकारी कार्यालयों में अनुशासन, समयपालन और जनसेवा सर्वोपरि है। अधिकारी एवं कर्मचारी अपनी कार्यप्रणाली में तत्काल सुधार लाएं, समय से कार्यालय पहुंचें और जनता की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने चेतावनी दी कि आकस्मिक निरीक्षणों का सिलसिला निरंतर जारी रहेगा। यदि इसके बावजूद सुधार नहीं हुआ तो शासन को कठोर कार्रवाई हेतु संस्तुति भेजी जाएगी। डीएम ने दो टूक कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार लापरवाही और उदासीनता किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं करेगी और दोषी कर्मियों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यह कार्रवाई प्रशासन की जीरो टॉलरेंस नीति का स्पष्ट संकेत है, जिससे कर्मियों में कर्तव्यबोध, अनुशासन और जनसेवा के प्रति चेतना सुदृढ़ हो तथा शासन की योजनाओं का लाभ आम जनता तक समयबद्ध रूप से पहुंचे।

फोटो परिचय 2

# अनियंत्रित होकर पलटा ईटों से लदा ट्रैक्टर, बाल-बाल बचा चालक

**जन एक्सप्रेस । उरई**

चुर्खी कोतवाली क्षेत्र में ईटों से लदा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में चालक बाल-बाल बच गया है। कानपुर देहात के सुजगंवा निवासी समरजीत का ट्रैक्टर भोगनीपुर क्षेत्र के ईट भट्ठा से ईटें लादकर गुरुवार की सुबह 7 बजे के लगभग चुर्खी थाना क्षेत्र के टड़वा, डड़वा गांव के सामने जोहलूपुर मदारीपुर रोड पर जा रहा था। इस मार्ग का निर्माण कराया जा रहा है अचानक कट पड़ जाने से ओवरलोड ट्रैक्टर का संतुलन बिगड़ गया। जिससे ट्रैक्टर रोड के किनारे खंदक में पलट गया। चालक दूसरी ओर उछलकर गिरा, जिससे उसे मामूली चोट आई है। भोगनीपुर क्षेत्र से प्रतिदिन बड़ी संख्या में ट्रैक्टर कालपी, उरई, आटा, इटोरा, महेवा, नियामतपुर सहित आसपास के गांव में 3 हजार से लेकर 4 हजार ईटा लादकर जाते हैं। ओवरलोड होने की वजह से ट्रैक्टरों के आगे के पहिए केवल जमीन में छूते हैं जरा सी चढ़ाई पर ट्रैक्टर का आगे का हिस्सा उठ जाता है, संतुलन बिगड़ने पर आए दिन ट्रैक्टर पलट जाते हैं फिर भी ओवरलोड ट्रैक्टरों के मालिकों पर कोई कार्यवाही न होने से यह घटनाएं बढ़ रही हैं। चुर्खी थानाध्यक्ष शिव शंकर सिंह ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस फोर्स भेजा गया था। इस ट्रैक्टर को रणधीर सिंह चल रहा था, ग्रामीणों ने बताया कि वह वहां से तत्काल भाग गया। जिसको कोई चोट नहीं आई है। तहरीर मिलने पर कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# राजकीय आईटीआई में उच्च शिक्षा मंत्री ने होने वाले कार्यों का किया भूमि पूजन

**जन एक्सप्रेस । शाहाबाद**



उच्च शिक्षा राज्य मंत्री रजनी तिवारी ने गुरुवार को राजकीय आईटीआई में 367.09 लाख रुपए की लागत से बनने वाली बाउंड्री बाल, पानी की टंकी और भवन का भूमि पूजन किया। वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न हुए हुए इस भूमि पूजन कार्यक्रम के बाद उन्होंने कहा कि क्षेत्र का विकास उनकी प्राथमिकता है।

शिक्षा के क्षेत्र में उन्होंने विधानसभा में तमाम कार्य स्वीकृति कराये हैं। उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा केंद्र और प्रदेश सरकारें छात्र-छात्राओं के उज्जवल भविष्य और उच्च शिक्षा के लिए लगातार प्रयासरत है। उसी क्रम में आज यहां पर भूमि पूजन किया गया। उन्होंने कहा सरकारें तमाम आई लेकिन शिक्षा के क्षेत्र में किसी भी सरकार ने कार्य नहीं किया। प्रदेश की योगी सरकार लगातार शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रही है। उन्होंने बताया राजकीय आईटीआई का निर्माण व संचालन, गर्ल्स इंटर कालेज व छात्रावास का निर्माण, राजकीय महाविद्यालय, खेलकूद की सुविधा हेतु स्टेडियम का निर्माण, राजकीय महिला महाविद्यालय भी स्वीकृत है जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होगा। उन्होंने कहा, राजकीय आईटीआई संस्थान संचालन 2018 में शुरू कराया। 2024 से कक्षाओं का नियमित संचालन शाहाबाद मे शुरू कराया।

12 ट्रेडों की ट्रेनिंग व शिक्षण कार्य चालू है, उसमे 4 ट्रेड स्पेशल नारी सशक्तिकरण को मजबूती के लिए छात्राओं और महिलाओं के लिए संचालित है। मोदी जी और योगी जी के निर्देशन में सरकारी योजनाओं का लाभ जनजन तक पहुंचाया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ माँ वीणावादिनी के समझ दीप प्रज्वलित कर किया गया। उच्च शिक्षा मंत्री का एसडीम अंकित तिवारी व नोडल प्रधानाचार्य रोहित श्रीवास्तव, अधिशासी अभियंता प्रदीप पाल, ब्लाक प्रमुख त्रिपुरेश मिश्रा ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। भाजपा नगर अध्यक्ष अनिल पान्डेय पिन्टू, राजू मिश्रा, चेयरमैन केन ग्रोवर्स रंजीत सिंह, पूर्व ब्लाक प्रमुख रामनाथ त्रिपाठी, पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि नवनीत गुप्ता, सुभाष सिंह, सुभाष रस्तोगी ने बड़ी माला पहनाकर स्वागत किया। प्रदेश परिषद के गंगाराम राठौर को मंत्री ने अंगवस्त्र भेंट कर स्वागत किया।

## संदिग्ध परिस्थितियों में किसान का सड़क के किनारे मिला शव



**जन एक्सप्रेस/हरपालपुर।** कोतवाली क्षेत्र के बड़ागांव मार्ग पर मडैया गांव के पास गम्भीरी नदी पुल पर एक वृद्ध किसान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई है।पुलिस को सड़क के किनारे शव पड़े होने सूचना मिली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार हरपालपुर कोतवाली क्षेत्र के कनकपुर मजरा धर्मपुर गांव निवासी 62 वर्षीय श्रीकृष्ण कुशवाहा खेती-बाड़ी कर परिवार का भरण पोषण करते हैं। बुधवार को खरगपुर स्थित एक बैंक मित्र की दुकान से 27000 रुपया निकालकर साइकिल से घर वापस जा रहे थे। तभी बुधवार की देर शाम उनका शव कोतवाली क्षेत्र के हरपालपुर - बड़ागांव मार्ग पर मडैया गांव के पास गम्भीरी नदी के पुल पर पड़े होने की सूचना मिली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक वीरेंद्र कुमार पंकज ने हार्ट अटैक से मौत होने की संभावना व्यक्त की है। मृतक के पास मिली धनराशि तथा मोबाइल आदि सामग्री परिजनों को सौंप दी गई हैं।

# डीएम ने सर्द रात में लिया रैन बसेरों व अलाव व्यवस्था का जायजा, लोगों से किया संवाद

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**



विगत दिवस देर रात शीतलहर के मद्देनजर मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार बुधवार देर रात डीएम अनुनय झा ने जनपद में बने विभिन्न रैन बसेरों एवं अलाव केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने वहाँ उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया तथा रैन बसेरों में ठहरने वाले लोगों से भी बातचीत कर उनकी समस्याएँ जानीं सर्वप्रथम डीएम ने रेलवे गंज ईस्ट में बने रैन बसेरे को देखा तथा वह मौजूद लोगों से बात की इसके बाद रेलवे स्टेशन पहुंचकर यात्रियों से वार्ता कर रैन बसेरे में मिल रहे इंतजामों के बारे में जानकारी लेते हुए रैन बसेरे में रुक यात्रियों को कंबल वितरित करते हुए अलाव व्यवस्था भी देखी तथा अधिकारियों को निर्देश दिए की अलाव जलते रहे इसके बाद डीएम नगर पालिका परिसर में बने रैन बसेरे को देखने पहुंचे। यहाँ उन्होंने रुके हुए लोगों से बात चीत की। यहाँ उन्होंने निर्देश दिए कि बीमार यात्रियों को तत्काल दवा उपलब्ध करायी जाये। साफ सफाई में किसी भी प्रकार की कोताही न की जाये। यहाँ से निकलकर बस अड्डे पर बने रैन बसेरे पहुंचे जहां पर जरूरतमंद लोगों को कंबल वितरण कर अलाव व्यवस्था को देखते हुए शीत लहर से बचाव हेतु अलाव जलते रहे इसके लिए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए डीएम ने कहा कि अलाव को उपयुक्त स्थान पर जलाया जाये। रैन बसेरे का केयर टेकर प्रतिदिन रात में बस अड्डे पर सोने वाले लोगों को रैन बसेरे के बारे में बताये। उन्होंने बस अड्डे के कर्मचारियों को भी ध्यान रखने को कहा। इस अवसर पर एडीएम न्यायिक प्रफुल्ल कुमार, नगर मजिस्ट्रेट सुनील कुमार त्रिवेदी एसडीएम सदर अधिशासी अधिकारी नगरपालिका , सीओ सिटी व प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम आदि उपस्थित रहे।

## खेलकूद से बच्चों का मानसिक एवं शारीरिक विकास होता है: रजनी तिवारी



**जन एक्सप्रेस/हरदोई।** बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित दो दिवसीय जनपदीय क्रीड़ा प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि के रूप में राज्यमंत्री उच्च शिक्षा रजनी तिवारी ने सीडीओ सान्या छाबड़ा के साथ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया तथा प्रतिभागी छात्र-छात्राओं से परिचय प्राप्त करने के उपरान्त मशाल दौड़ को हरी झण्डी दिखाकर खेल प्रतियोगिता प्रारम्भ करायी।

प्रतियोगिता के शुभारम्भ के अवसर पर मुख्य अतिथि ने प्रतिभागियों से कहा कि पढ़ाई के साथ खेलकूद प्रतियोगिताओं में भाग लेने से मानसिक एवं शारीरिक विकास होता है और आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलती है। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि खेल टीम वर्क, सहयोग और सामुहिक प्रयास के महत्व को समझाता है और खेलों से आत्म विश्वास और नेतृत्व क्षमता में विकास होता है तथा सफल एवं असफल दोनों खिलाड़ियों को सीखने का अवसर मिलता है। इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी तथा ब्लाकों के खण्ड शिक्षा अधिकारी व अन्य जनप्रतिनिधि आदि उपस्थित रहे।

## हार्ट डोनेशन से महिला मरीज को मिला नया जीवन

**आगरा।** फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट (एफएमआरआई), गुड़गांव में 48-वर्षीय एक महिला मरीज को सफल हृदय प्रत्यारोपण के बाद नए जीवन का उपहार मिला है। यह मरीज एंड-स्टेज हार्ट फेलियर से ग्रस्त थीं। डॉक्टरों के मुताबिक, वह डाइलेटेड कार्डियोमायोपैथी (डीसीएमपी) से पीड़ित थी, इस कंडीशन में हृदय की मांसपेशियां कमजोर होकर काफी फैल जाती हैं, और नतीजतन हृदय सही ढंग से ब्लड पंप नहीं कर पाता। मरीज को जब फोर्टिस लाया गया था उनका हार्ट फंक्शन गिरकर मात्र 15त्न रह गया था। उन्हें इलाज के लिए इससे पहले भी कई बार अन्य अस्पतालों में भर्ती कराया गया था। इस बीच, गुरुग्राम स्थित आर्टेमिस हॉस्पीटल में 47-वर्षीय एक महिला को गंभीर स्ट्रोक के बाद ब्रेन डैड घोषित किया गया था। मृतक के परिजनों ने उदारता और मानवता का शानदार उदाहरण पेश करते हुए उनके अंगों को दान करने का फैसला किया।

# गोवर्धन में ओज़ोन मिशन की पहल: महिलाओं को शीतकालीन राहत, पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा

**जन एक्सप्रेस । मथुरा**




ओज़ोन फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड के सहयोग से संचालित ओज़ोन मिशन ने गोवर्धन में महिलाओं के कल्याण और पर्यावरण संरक्षण को लेकर एक विशेष सामाजिक पहल का आयोजन किया। इस कार्यक्रम के तहत वंचित वर्ग की महिलाओं को शीतकालीन राहत प्रदान की गई और साथ ही हरित अभियान भी चलाया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में गोवर्धन विधायक श्री मेघश्याम सिंह तथा नगर पंचायत गोवर्धन की अध्यक्ष श्रीमती प्रभा देवी शर्मा उपस्थित रहीं। दोनों अतिथियों ने ओज़ोन मिशन की सामाजिक प्रतिबद्धता की सराहना की।

उत्तर भारत में बढ़ती ठंड को देखते हुए ओज़ोन मिशन ने गोवर्धन और आसपास के क्षेत्रों की लगभग 300 जरूरतमंद महिलाओं को शॉल, चप्पल और मोज़े वितरित किए। इस पहल का उद्देश्य महिलाओं को सर्दी के मौसम में सुरक्षा और राहत प्रदान करना था, ताकि वे अपने दैनिक कार्य अधिक सहजता से कर सकें।

कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के लिए विशेष रूप से लंगर सेवा का आयोजन भी किया गया। इस सामुदायिक भोजन ने महिलाओं को न केवल पौष्टिक आहार उपलब्ध कराया, बल्कि एक ऐसा सुरक्षित और सम्मानजनक मंच भी दिया, जहाँ वे आपस में संवाद कर सकें।

पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक और कदम उठाते हुए ओज़ोन मिशन ने गोवर्धन में वृक्षारोपण अभियान भी चलाया। इस अभियान के तहत विभिन्न स्थानों पर पौधे लगाए गए, जिससे क्षेत्र में हरित आवरण बढ़ेगा और भविष्य में स्वच्छ पर्यावरण को बल मिलेगा। इस अवसर पर ओज़ोन फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर श्री सुभाष सहगल ने कहा कि कंपनी का उद्देश्य केवल दवाइयाँ उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि समाज और पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाना भी है। उन्होंने कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण और पर्यावरण संरक्षण ही देश के सतत विकास की मजबूत नींव है।

ओज़ोन मिशन की यह पहल समाज के प्रति संवेदनशीलता, महिलाओं की गरिमा और पर्यावरणीय संतुलन को समर्पित एक सकारात्मक कदम के रूप में देखी जा रही है।

## सवायजपुर तहसील प्रशासन की संवेदनहीनता के चलते ठंड में अभी तक नहीं जल सके अलाव

**जन एक्सप्रेस/हरदोई।** सवायजपुर तहसील प्रशासन की संवेदन हीनता के चलते तहसील के चिन्हित स्थानों पर गुरुवार तक कोई भी अलाव जलाने की व्यवस्था नहीं हो सकी।क्षेत्र में 12 स्थानों पर अलाव जलवाने के लिए राजस्व कर्मियों को जिम्मेदारी दी गयी थी। जबकि चार दिनों से लगातार पारे में गिरावट के चलते लोग ठंड से कांपने को मजबूर है। मौसम के बदले मिजाज व कोहरे के चलते सबसे ज्यादा दिक्कतें तो दूर दराज से आने वाले मुसाफिरों या फिर फुटपाथ पर रहने वाले लोगों को हो रही है। क्षेत्र के प्रमुख चौराहों,कस्बों व सार्वजनिक स्थानों पर लोग ठिठुरते नजर आ रहे है। बताते चलें कि सवायजपुर तहसील क्षेत्र में ठंड में अलाव जलाने के लिए तहसील प्रशासन ने 12 स्थानों को चिन्हित करते हुए राजस्व कर्मियों को जिम्मेदारी सौंपी है। लेकिन चार दिन से मौसम के बदले मिजाज व लगातार पड़ रहे कोहरे के साथ साथ पारे में गिरावट के चलते हरपालपुर कस्बे सहित समूचे चिन्हित स्थानों पर गुरुवार तक कोई अलाव जलाने की व्यवस्था मुकम्मल नहीं हो सकी।

**कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला चिकित्सालय पुरुष उरई जनपद जालौन।**

पत्रांक: मु0चि0अ0/जि0चि0/प्रशा0/2025/3277 दिनांक: 18 दिसंबर 2025

**-: निविदा विज्ञप्ति :-**

जिला चिकित्सालय पुरूष उरई में भर्ती मरीजों को आकस्मिकता अनुसार स्थानीय क्रय व्यवस्था के अन्तर्गत औषधि/रसायन उपलबध कराये जाने हेतु वित्तीय वर्ष 2025-26 में मैनुअल प्रक्रिया के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जा रही है, इच्छक ठेकेदार दिनांक 27.12.2025 दिन शुक्रवार तक किसी भी कार्य अवधि में अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में रू0 2000.00 मात्र जमा कर निविदा प्रपत्र प्राप्त कर निविदा प्रक्रिया में प्रतिभाग कर सकते हैं। निविदा प्रपत्र एवं अन्य निविदा से सम्बन्धित वांछित अभिलेखो को अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में जमा करने की अन्तिम तिथि 29.12.2025 तथा निविदा खोले जाने की तिथि 30.12.2025 निर्धारित है, नीलामी में भाग लेने वाले ठेकदारो को निविदा के नियमों एवं शर्तों का अनुपालन करना होगा अन्यथा निविदा स्वतः निरस्त समझी जायेगी। निविदा की नियम व शर्तों के लिए कार्यालय से संपर्क करें।

**मुख्य चिकित्सा अधीक्षक**
जिला चिकित्सालय पुरुष
जनपद जालौन स्थान उरई

# ईडी के दुरुपयोग के खिलाफ कांग्रेस का प्रदर्शन

- संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग बर्दाश्त नहीं- विजय सिंह
- भाजपा कार्यालय का घेराव करने निकले थे कांग्रेसी कार्यकर्ताओ को पुलिस ने रोका



**जन एक्सप्रेस। महराजगंज**

उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर महराजगंज जनपद में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत केंद्र की भाजपा सरकार और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की कार्रवाई के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि बीते 11 वर्षों से बिना एफआईआर के पार्टी की शीर्ष नेता सोनिया गांधी और राहुल गांधी के खिलाफ द्वेषपूर्ण कार्रवाई की जा रही है। बीमारी के बावजूद दोनों नेताओं से करीब 56 घंटे तक लगातार पूछताछ कर लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन किया गया। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि राउज एवेन्यू कोर्ट में ईडी द्वारा दाखिल चार्जशीट में ठोस तथ्यों के अभाव में माननीय न्यायालय ने इसे सरकार-प्रायोजित और विरोधात्मक कार्रवाई मानते हुए स्वीकार करने से इनकार कर दिया। इसके बावजूद भाजपा सरकार द्वारा ईडी की कार्रवाई को जायज ठहराने का प्रयास किया जा रहा है, जिसके विरोध में कांग्रेस कार्यकर्ताओ ने भाजपा कार्यालय का घेराव करने निकले। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को रास्ते में ही रोक दिया। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष विजय सिंह ने कहा कि देश में वोट चोरी से लेकर संवैधानिक संस्थाओं पर कब्जा करने तक मोदी सरकार तानाशाही की ओर बढ़ रही है। कांग्रेस पार्टी इस जनविरोधी और अलोकतांत्रिक रवैये का हर स्तर पर विरोध करेगी। पूर्व प्रदेश महासचिव त्रिभुवन मिश्रा और पूर्व जिला अध्यक्ष शरद कुमार सिंह ने ईडी की चार्जशीट की कड़ी निंदा करते हुए केंद्र सरकार से इस कृत्य के लिए देश से माफी मांगने की मांग की। मीडिया चेयरमैन जयप्रकाश लाल ने कहा कि आने वाले दिनों में तानाशाही के खिलाफ कांग्रेस पूरी ताकत से संघर्ष करेगी और जनता के अधिकारों की रक्षा के लिए सड़क से संसद तक आवाज बुलंद की जाएगी। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सदामोहन उपाध्याय, कपिल देव शुक्ला, विनोद सिंह, सुरेश साहनी, अनवर अली, गोपाल शाही, रमेश श्रीवास्तव, रामनारायण चौरसिया, राजन शुक्ला, राम प्रताप, प्रमोद पांडेय, अब्दुल गनी, विजयकांत सिंह, लक्ष्मी यादव, चंद्रजीत भारती, राम नारायण प्रसाद, शिवपूजन, संदीप तिवारी, वंदना, भोलू, आनंद कनौजिया, डॉ. इकबाल जमील सहित सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# नोटिस का जवाब न देने पर जांच में पहुंचे अधिकारी

## मिड-डे मील हेराफेरी मामले में निलंबित प्रधानाध्यापिका पर बढ़ी सख्ती, विभागीय जांच जारी

**जन एक्सप्रेस। पनियरा/महराजगंज**

नगर पंचायत पनियरा के वार्ड संख्या 11 स्थित गांधी नगर प्राथमिक विद्यालय में मिड-डे मील योजना में कथित हेराफेरी के मामले में निलंबित प्रधानाध्यापिका द्वारा विभागीय नोटिस का समय से जवाब न देने पर शिक्षा विभाग के अधिकारी स्वयं जांच के लिए विद्यालय पहुंचे। खंड शिक्षा अधिकारी बृजमनगंज अग्नित कुमार गौड़ ने विद्यालय पहुंचकर पूरे प्रकरण की बारीकी से जांच-पड़ताल की। जांच के दौरान निलंबित प्रधानाध्यापिका सरिता भी मौके पर मौजूद रहीं।

बताया जाता है कि वार्ड संख्या 11 गांधी नगर के सभासद संजय कुमार ने 15 सितंबर 2025 को खंड शिक्षा अधिकारी पनियरा शिव कुमार को शिकायती पत्र सौंपकर विद्यालय में मध्यान्ह भोजन योजना की धनराशि में हेराफेरी का आरोप लगाया था।

शिकायत के आधार पर कराई गई जांच में आरोप सही पाए जाने के बाद बेसिक शिक्षा अधिकारी महराजगंज ने 12 नवंबर 2025 को प्रधानाध्यापिका सरिता को निलंबित कर दिया था। निलंबन आदेश के साथ ही उन्हें प्राथमिक विद्यालय पनियरा खास से संबद्ध कर प्राथमिक विद्यालय बड़वार द्वितीय में दैनिक उपस्थिति और शिक्षण कार्य के लिए तैनात किया गया था।

आरोप है कि निलंबन के बावजूद प्रधानाध्यापिका ने न तो बड़वार द्वितीय विद्यालय में चार्ज लिया और न ही पनियरा स्थित विद्यालय का वित्तीय प्रभार किसी अन्य शिक्षक को सौंपा। इससे विद्यालय की मध्यान्ह भोजन व्यवस्था प्रभावित होने लगी। साथ ही विभाग द्वारा जारी आरोप पत्र का भी निर्धारित समय-सीमा के भीतर कोई जवाब नहीं दिया गया।

मामले को लेकर सभासद संजय कुमार ने 5 दिसंबर को जिलाधिकारी महराजगंज संतोष कुमार शर्मा से मुलाकात कर निष्पक्ष जांच और दोषियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की मांग की थी। इसके बाद खंड शिक्षा अधिकारी पनियरा द्वारा विद्यालय में तैनात शिक्षिका करिश्मा सिंह को वित्तीय सहित अन्य आवश्यक प्रभार सौंप दिया गया।

जांच के संबंध में खंड शिक्षा अधिकारी बृजमनगंज अग्नित कुमार गौड़ ने बताया कि विद्यालय पहुंचकर सभी बिंदुओं पर जांच की गई है। निलंबित प्रधानाध्यापिका को आरोप पत्र का शीघ्र जवाब देने का निर्देश दिया गया है। जवाब प्राप्त होते ही जांच रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को भेजी जाएगी। फिलहाल विभागीय जांच प्रक्रिया जारी है।

# 45 लाख की अवैध इलेक्ट्रिक सिगरेट बरामद, तस्कर फरार

**जन एक्सप्रेस। ठूठीबारी/महराजगंज**



भारतीय सीमा से सटे पड़ोशी राष्ट्र नेपाल की पुलिस प्रशासन ने अवैध तस्करी के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई किया है। सशस्त्र प्रहरी बल के जवानों ने करीब 45 लाख रुपये की अवैध इलेक्ट्रिक सिगरेट बरामद की है। इस दौरान कार्रवाई के दौरान तस्कर मौके का फायदा उठाकर फरार होने में सफल हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार, नेपाल राष्ट्र के नवलपरासी जिले के महेशपुर बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स एवं बेलासपुर 26 नंबर सशस्त्र पुलिस की संयुक्त टीम सीमा क्षेत्र में गश्त कर रही थी। बताया गया कि मुखबिर के जरिए सूचना मिली कि कुछ तस्कर भारतीय सीमा क्षेत्र से भारी मात्रा में इलेक्ट्रिक सिगरेट नेपाल ले जाकर पाल्हीनंदन गांव पालिका, पड़री वार्ड नंबर-6 के पास पुआल में छिपाकर रख रहे हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए नेपाल पुलिस ने इलाके की घेराबंदी शुरू की, लेकिन कार्रवाई की भनक लगते ही तस्कर अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गए। तलाशी के दौरान पुआल के अंदर छिपाकर रखी गई बड़ी खेप में इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट बरामद की गई, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 45 लाख रुपये बताई जा रही है। इस संबंध में सशस्त्र प्रहरी हरपुर के नायब निरीक्षक एसआई माधव प्रसाद घिमिरे ने बताया कि बरामद इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट को जब्त कर महेशपुर कस्टम कार्यालय को सौंप दिया गया है। मामले की जांच जारी है और फरार तस्करों की तलाश की जा रही है।

## सीडीओ ने उपस्थिति पंजिका का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस/प्रतापगढ़।** जिले में गुरुवार को मुख्य विकास अधिकारी डा. दिव्या मिश्रा द्वारा विकास भवन स्थित समस्त कार्यालयों यथा जिला विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, उपायुक्त श्रम रोजगार, जिला कार्यकम अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, अधिशाषी अभियन्ता आरईडी, जिला दुग्ध विकास अधिकारी, मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य, सहायक आयुक्त एवं निबन्धक सहकारिता, जिला मुख्य पशु चिकित्साकारी, जिला युवा कल्याण अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, सहायक अभियन्ता लघु सिंचाई, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी की उपस्थिति पंजिका का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय पशुपालन विभाग के मात्र एक कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये। मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया गया सम्बन्धित का स्पष्टीकरण प्राप्त कर अपने स्पष्ट मन्तव्य के साथ आख्या उपलब्ध करायें।

# विद्यालय में पुरातन छात्र सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आयोजित

**जन एक्सप्रेस। पनियरा/महराजगंज**



पनियरा स्थित राजकीय इंटर कॉलेज में गुरुवार को पुरातन छात्र सम्मेलन एवं सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के पूर्व छात्रों, शिक्षकों तथा वर्तमान विद्यार्थियों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिससे आयोजन ऐतिहासिक और स्मरणीय बन गया। समारोह के मुख्य अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक प्रदीप शर्मा रहे, जिन्होंने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम की शुरुआत छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत सरस्वती वंदना एवं रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से हुई। विद्यार्थियों ने नृत्य, गीत और नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिसे उपस्थित अतिथियों और दर्शकों ने सराहना के साथ देखा। इस मौके पर पुरातन छात्रों ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि राजकीय इंटर कॉलेज से मिली शिक्षा और संस्कारों ने उनके जीवन को सही दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। पनियरा ब्लॉक प्रमुख एवं प्रमुख संघ के जिलाध्यक्ष वेद प्रकाश शुक्ल ने कहा कि इसी विद्यालय से प्राप्त शिक्षा के बल पर उन्होंने समाज में अपनी पहचान बनाई। उन्होंने विद्यालय के गौरवशाली इतिहास को स्मरण करते हुए कहा कि एक समय यह क्षेत्र का एकमात्र शिक्षण संस्थान था, जहां दूर-दराज से छात्र शिक्षा ग्रहण करने आते थे। आज यहां के विद्यार्थी विभिन्न क्षेत्रों में सफलता हासिल कर विद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं। पुरातन छात्रों ने वर्तमान विद्यार्थियों को लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने, अनुशासन बनाए रखने तथा निरंतर परिश्रम करने की प्रेरणा दी। वहीं विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोज गौड़ ने अतिथियों और पुरातन छात्रों का स्वागत करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों को प्रेरित करने के साथ-साथ विद्यालय और समाज के बीच मजबूत सेतु का कार्य करते हैं।

कार्यक्रम में पुरातन छात्र संतोष शर्मा, आलोक श्रीवास्तव, राजेश यादव, अरविंद पांडेय, रविंद्र कुमार गुप्ता, राजेश पाल, सतीश सिंह, विजय रौनियार, पूर्व प्रधानाचार्य रामाज्ञा प्रसाद सहित विद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोपी गिरफ्तार, जेल

**जन एक्सप्रेस। प्रतापगढ़**



जिले के कोहड़ौर थाना इलाके के सराय शंकर गंगापुर गांव में आठ माह पूर्व हुई विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के मामले में पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने में पति, सास व देवर के विरुद्ध मुक़दमा दर्ज किया था।

अंतू थाना क्षेत्र के बहेरा गांव की रहने वाली इंद्रावती विश्वकर्मा की बेटी मीना की शादी कोहंडौर थाना क्षेत्र के गंगापुर सराय शंकर निवासी कामता प्रसाद विश्वकर्मा के साथ हुई थी। इंद्रावती का आरोप था कि उसकी बेटी को पति कामता प्रसाद, देवर अवसान एवं सास प्रेमा देवी द्वारा दहेज को लेकर आए दिन शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। बीते आठ मई को सुबह विवाद के दौरान आरोपीगणों द्वारा उसकी पुत्री के साथ मारपीट की गई तथा पति द्वारा जान से मारने की धमकी दी गई। उसी दिन दोपहर में मीना की हालत गंभीर होने की सूचना पर परिजन मौके पर पहुंचे, जहां उसकी स्थिति अत्यंत गंभीर पाई गई। परिजनों द्वारा एम्बुलेंस से सीएचसी कोहंडौर ले जाने पर चिकित्सकों ने मीना को मृत घोषित कर दिया था। जिसके बाद माँ इंद्रावती की तहरीर के आधार पर थाना कोहंडौर में सभी के विरुद्ध मुक़दमा दर्ज किया गया था। गुरुवार को थाना प्रभारी कोहंडौर धनन्जय राय के नेतृत्व में एसआई विवेक कुमार यादव व उनकी पुलिस टीम द्वारा आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपी पति कामता प्रसाद विश्वकर्मा को थाना इलाके के कान्धरपुर मोड़ के समीप गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपी पति ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि वादिनी की पुत्री मेरी पत्नी थी।

हम दोनों पति-पत्नी के बीच में आये दिन झगड़ा हुआ करता था वह मुझसे बहुत परेशान रहती थी, इसी कारण उसकी तबियत कई बार खराब हुई और उसका इलाज चल रहा था। मेरी बहन की शादी में भी हम दोनो के बीच में झगड़ा हुआ था, उसके बाद न जाने उसने क्या खा लिया था जिससे वह मरणासन्न हो गयी थी जिसे लेकर हम लोग सीएचसी अस्पताल कोहंडौर गये जहां पर डाक्टर ने उसको मृत घोषित कर दिया। डर के कारण मैं इधर उधर भागता फिर रहा था। मैं कहीं बाहर जाने की फिराक में था कि आप लोगो ने पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपी को पुलिस ने गुरुवार को जेल भेज दिया।

## राजा भैया के माध्यम से सरकार को सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस/प्रतापगढ।** ग्रामीण पत्रकार एसोशिएशन की कुंडा तहसील इकाई ने संगठन की विभिन्न मांगों को लेकर कुंडा के विधायक एवं जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया के माध्यम से सरकार को ज्ञापन सौंपा। ग्रापए के तहसील अध्यक्ष शिवराम गिरी की अगुवाई में गुरुवार को राजा भैया के आवास पर राज्य सरकार को संबोधित करते हुए संगठन के पदाधिकारियों ने सात बिंदुओं को लेकर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से पत्रकारों ने ग्रापए के सदस्यों को मान्यता प्राप्त पत्रकारों की तरह सहूलित देने, उनका आयुष्मान कार्ड बनवाने तथा परिवहन विभाग की बसों में नि:शुल्क यात्रा हेतु सुविधा प्रदान करने और पत्रकारों के हितों के लिए जिला स्तर पर स्थाई समिति की नियमित बैठक कराने तथा मंडल पर मंडलायुक्त एवं तहसील स्तर पर एसडीएम की अध्यक्षता में स्थायी समिति का गठन करके उसमें ग्रापए के अध्यक्ष को शामिल करने की मांग की।

# श्रीराम कथा: भगवान शिव और पार्वती विवाह का प्रसंग सुनकर श्रोता भाव-विभोर

**जन एक्सप्रेस। प्रतापगढ़**



जिले के बाबागंज के झींगुर गांव के भगवन तिराहा में नौ दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा महोत्सव का आयोजन हो रहा है। कथा के दूसरे दिन कथावाचक अतुलजी महराज ने सति चरित्र और शिव विवाह की कथा का वर्णन किया। कथावाचक अतुल जी महराज भारद्वाज ने कहा कि श्रद्धा और विश्वास के साथ यदि ईश्वर को पुकारा जाए तो वह अवश्य कृपा करते हैं। श्रीराम कथा में माता सती का चरित्र अत्यंत पवित्र, श्रद्धा और भक्ति से परिपूर्ण माना गया है। माता सती भगवान शिव की अर्धांगिनी थीं और वे अपने पति शिवजी के प्रति पूर्ण समर्पण, निष्ठा और प्रेम का आदर्श स्वरूप हैं। श्रीराम कथा के प्रसंग में माता सती भगवान श्रीराम के प्रति गहरी श्रद्धा रखती थीं। जब नारदजी के वचनों से उनके मन में श्रीराम की लीला को लेकर क्षणिक संदेह उत्पन्न हुआ, तब वे शिवजी की आज्ञा के बिना ही श्रीराम की परीक्षा लेने वन में गईं।

श्रीराम ने उन्हें पहचान लिया और सतीजी को अपने स्वरूप का बोध कराया। इससे माता सती को अपने अपराध का गहरा पश्चाताप हुआ।माता सती का चरित्र हमें भक्ति, मर्यादा और आत्मचिंतन का संदेश देता है। इस अवसर पर कथा के मुख्य यजमान सुनील द्विवेदी एवं श्रीमती रेणु द्विवेदी, अशोक पाण्डेय, डॉ संजीव कुमार शुक्ला, आशीष द्विवेदी, राधेश्याम तिवारी, प्रशांत त्रिपाठी, मोहन धर द्विवेदी, श्रवण पाण्डेय, ज्ञानेंद्र भूषण, प्रवीण मिश्रा, कृपाशंकर, विनीत द्विवेदी, राज शुक्ला, सुशील पाण्डेय, सुरेश द्विवेदी, बबलू पाण्डेय, विक्की, महेंद्र पांडेय, राम सुमेर विश्वकर्मा, राजू तिवारी, गौरव पाण्डेय, रिशु समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# शीतलहर व ठण्ड के मद्देनजर जिला प्रशासन अलर्ट, डीएम ने किया रैन बसेरों का निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस। प्रतापगढ़**



जिले में बढ़ती ठंड और शीतलहर के मद्देनजर गुरुवार को डीएम शिव सहाय अवस्थी ने शहर के विभिन्न रैन बसेरों और अलाव केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने वहां मौजूद सुविधाओं का जायजा लेने के साथ ही रैन बसेरों में मुसाफिरों हेतु पर्याप्त रजाई गद्दे व कम्बल की व्यवस्था हेतु निर्देशित किया। जिलाधिकारी के निरीक्षण के दौरान रेलवे स्टेशन पर अलाव की व्यवस्था न होने पर अलाव की व्यवस्था करने के लिए सम्बन्धित को निर्देशित किया। वहीं बस स्टैंड पर अलाव तो जल रहा था लेकिन प्रतीक्षालय में केवल चारपाई व तख्ते रखे थे, जिसे देखकर डीएम ने रजाई व गद्दे की व्यवस्था हेतु एआरएम को निर्देशित किया ताकि उसे भी रैन बसेरे का रूप दिया जा सके। इस दौरान डीएम ने जरूरतमंदों को कंबल भी वितरित किया। डीएम ने अलाव की स्थिति का जायजा लेते हुए लगातार जलते रहने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि अलाव उपयुक्त स्थानों पर जलाए जाएं और रैन बसेरे के केयर टेकर रात में बस अड्डे पर सोने वाले लोगों को रैन बसेरे की जानकारी दें। डीएम ने कहा कि रैन बसेरों के प्रचार प्रसार हेतु बस स्टैंड व रेलवे स्टेशन पर सूचना पट्ट लगाया जाय साथ ही प्रयागराज अयोध्या राजमार्ग पर स्थित हादीहाल (रैन बसेरे) के सामने बड़ी होर्डिंग लगाई जायेगी ताकि मुसाफिरों को ठहरने की व्यवस्था हेतु भटकना न पड़े। स्कूलों के समय को लेकर उन्होंने कहा कि जो विद्यालय दस बजे के पहले संचालित हो रहे हैं उनके संचालन का समय दस बजे किया जायेगा।

## असुरों का वध करने के लिए हुआ था श्रीराम का अवतार

**जन एक्सप्रेस। देवरिया**

भलुअनी कस्बा स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में संगीतमयी श्रीराम कथा के चौथे दिन बुधवार को कथावाचक संतदास ने कहा कि पृथ्वी पर मर्यादा स्थापित और असुरों का वध करने के लिए श्रीनारायण को प्रभु श्रीराम के रूप में अवतरित होना पड़ा था। कथावाचक ने कहा कि रावण वेद-पुराणों का पंडित था लेकिन तामसी और आसुरी प्रवृत्ति होने के कारण वह पथभ्रष्ट हो गया था। राक्षसों के बढ़ते अत्याचार से पृथ्वी और भक्तों को मुक्त कराने के लिए प्रभु को अवतरित होना पड़ा था। इस मौके पर क्षेत्रीय विधायक दीपक मिश्र शाका, आचार्य प्रवीण पांडेय, अखिलेश पांडेय, रामप्रवेश मद्धेशिया, दिनेश गुप्त, शौर्य सिंह, संतोष मद्धेशिया, रामेंद्र प्रताप सिंह, विजय वर्मा, पप्पू वर्मा, जितेंद्र सागर, सरिता देवी, संध्या देवी मौजूद रहे।

# बाइक एजेंसी पर आयकर विभाग की कार्रवाई

- महराजगंज शुभम बाइक एजेंसी पर करीब 60 घंटे तक चली छापेमारी, कारोबार जगत में हलचल
- कड़ी निगरानी में सीलनुमा सुरक्षा, बाहरी आवाजाही पर पूरी तरह रोक

**जन एक्सप्रेस। महराजगंज**




जनपद महराजगंज में आयकर विभाग ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए शहर के हीरो बाइक एजेंसी पर लंबी छापेमारी की। यह कार्रवाई करीब 60 घंटे से अधिक समय तक चली, जिससे इलाके में चर्चा और हलचल तेज हो गई। आयकर विभाग की टीम गोरखपुर से पहुंची थी और एजेंसी से जुड़े दस्तावेजों, खातों तथा लेन-देन की गहन जांच की गई।

### आय से अधिक संपत्ति व वित्तीय अनियमितताओं की आशंका

सूत्रों के अनुसार, यह कार्रवाई आय से अधिक संपत्ति, संभावित टैक्स चोरी और वित्तीय अनियमितताओं की आशंका के मद्देनज़र की गई। छापेमारी के दौरान एजेंसी परिसर को कड़ी निगरानी में रखा गया और बाहरी व्यक्तियों की आवाजाही पर रोक रही। टीम ने कंप्यूटर, फाइलें और डिजिटल डेटा की बारीकी से जांच की। हालांकि, आयकर विभाग की ओर से अभी तक किसी भी प्रकार की आधिकारिक बरामदगी या आंकड़ों की पुष्टि नहीं की गई है। इसके बावजूद, इतनी लंबी अवधि तक चली यह कार्रवाई जनपद की बड़ी आयकर छापेमारी के रूप में देखी जा रही है।

### व्यापारिक हलकों में अटकलें, रिपोर्ट का इंतजार

छापेमारी की खबर के बाद स्थानीय व्यापारिक हलकों में चर्चाओं का दौर शुरू हो गया है। लोग विभिन्न तरह की अटकलें लगा रहे हैं, वहीं प्रशासनिक स्तर पर भी मामले पर नजर रखी जा रही है। विभाग की आधिकारिक रिपोर्ट जारी होने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

# ईडी, सीबीआई जैसी संस्थाओं का दुरूपयोग कर रही है भाजपा: विश्वनाथ चौधरी

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**



गुरूवार को प्रदेश नेतृत्व के आवाहन पर कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस जिलाध्यक्ष विश्वनाथ चौधरी के नेतृत्व में उग्र प्रदर्शन किया। कडाके की ठंड, शीतलहर के बीच कांग्रेस नेता शास्त्री चौक पर एकत्र हुये और भारतीय जनता पार्टी कार्यालय घेर कर प्रदर्शन करने के उद्देश्य से सरकार विरोधी नारा लगाते हुये आगे बढे। भारी पुलिस बल ने कांग्रेस नेताओं को शास्त्री चौक पर ही रोक लेने का प्रयास किया किन्तु कांग्रेस नेता दीवानी कचहरी गेट के निकट तक पहुंचे जहां से उन्हें भारतीय जनता पार्टी कार्यालय तक नहीं जाने दिया गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष विश्वनाथ चौधरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ई.डी., सीबीआई जैसी संस्थाओं का दुरूपयोग कर लोकतंत्र को तानाशाही की ओर ले जा रही है किन्तु कांग्रेस इसे पूरा नहीं होने देगी। कहा कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के साथ ही समूची कांग्रेस वोट चोर गद्दी-छोड़, ई.डी., सीबीआई के दुरूपयोंग का संदेश गांव- गांव तक पहुंचा रही है। नेशनल हेरल्ड मामले में जिस प्रकार से श्रीमती सोनिया गांधी, राहुल गांधी के साथ ही अनेक नेताओं को फर्जी मनगढन्त मामलों में फंसाने का दुष्चक्र रचा गया। आदलत के आदेश ने सिद्ध कर दिया है कि सत्य परेशान हो सकता है, पराजित नहीं। पूर्व विधायक अम्बिका सिंह, ज्ञानेन्द्र पाण्डेय 'ज्ञानू', अनिल भारती, डा. वाहिद अली सिद्दीकी, शौकत अली नन्हू, संदीप श्रीवास्तव, अलीम अख्तर, डा. आलोक रंजन, बाबूराम सिंह, नर्वदेश्वर शुक्ल, लक्ष्मी यादव, डा. शीला शर्मा आदि ने कहा कि भाजपा देश के संस्थानों पर कब्जा जमाकर लोकतंत्र का गला घोट रही है। कहा कि नेशनल हेरल्ड मामले में जिस प्रकार से फैसला आया है उससे सिद्ध हो चुका है कि सरकार कांग्रेस और विपक्षी दलों के नेताओं को फर्जी मामलों में फंसा रही है। कहा कि देश की जनता परेशान है, डालर के मुकाबले रूपया लगातार गिर रहा है किन्तु भाजपा उपलब्धियों का ढोल पीट रही है। जनता अब सब समझ चुकी है। भाजपा के मंसूबे कभी पूरे नहीं होंगे। वोट चोर गद्दी-छोड़, ईडी, सीबीआई के दुरूपयोग आदि मुद्दों को लेकर कांग्रेस द्वारा किये गये आन्दोलन में मुख्य रूप से गिरजेश पाल, रामधीरज चौधरी, अमर बहादुर शुक्ल, शेर मोहम्मद, सुधीर यादव, आलोक तिवारी, दूधनाथ पटेल, रविन्द्र सिंह, डीएन शास्त्री, राहुल चौधरी, राम बचन भारती, अतीउल्ला सिद्दीकी चन्द्रशेखर वर्मा, विनय तिवारी, अनूप पाठक, सलाहुद्दीन, मो. अशरफ अली, सुनील पाण्डेय, जगदीश शर्मा, राम पूरन चौधरी, राम बहादुर सिंह, अफजल हुसेन, यशराज के.के., प्रताप नरायन मिश्र, वृजभान कन्नौजिया, उमेश उपाध्याय, राजकपूर, अजय सिंह, साधू पाण्डेय, दिलीप श्रीवास्तव, प्रशान्त पाठक, विश्वजीत, शुभम गांधी, विशाल गुप्ता, निशान्त श्रीवास्तव, राजेन्द्र विक्रम, दुर्गेश चौधरी, बसन्त चौधरी, विष्णुमणि त्रिपाठी, मनीष दूबे, शोभित चौधरी, फकरूद्दीन खान के साथ ही बड़ी संख्या में कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता शामिल रहे।

# लाइनबाजार पुलिस का एक्शन मोड,जानलेवा प्रतिबंधित मांझा के खिलाफ बड़ी कामयाबी



### कार्रवाई में शामिल पुलिस टीम

उपनिरीक्षक अरविंद यादव, चौकी प्रभारी टीडी कॉलेज,कांस्टेबल संजय शर्मा,कांस्टेबल राहुल कुमार

### पुलिस की जन-अपील

प्रतिबंधित मांझा का निर्माण, बिक्री व उपयोग दंडनीय अपराध है। जनहित में सभी नागरिकों से सहयोग की अपेक्षा है।

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

जनसुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दर्शाते हुए थाना लाइनबाजार पुलिस ने प्रतिबंधित और खतरनाक सिंथेटिक मांझा के अवैध कारोबार पर प्रभावी कार्रवाई की है। पुलिस टीम ने 15 बंडल प्रतिबंधित मांझा के साथ एक युवक को विधिसम्मत रूप से गिरफ्तार किया।

यह कार्रवाई प्रभारी निरीक्षक थाना लाइनबाजार के निर्देशन में चौकी प्रभारी टीडी कॉलेज उपनिरीक्षक अरविंद यादव द्वारा पुलिस बल के साथ की गई।

पुलिस के अनुसार आरोपी किशुन सोनकर पुत्र रामबाबू सोनकर, निवासी रामनगर भडसरा, थाना लाइनबाजार, जनपद जौनपुर के कब्जे से प्रतिबंधित सिंथेटिक धागा बरामद हुआ।

बरामद मांझा शासन द्वारा प्रतिबंधित है जिसका उपयोग मानव जीवन, राहगीरों एवं पशु-पक्षियों के लिए अत्यंत जोखिमपूर्ण माना जाता है। प्रकरण में थाना लाइनबाजार पर प्रासंगिक धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई प्रचलित है।

# स्थानांतरण, समायोजन को लेकर शिक्षा मित्रों ने बीएसए को सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**



गुरुवार को उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार शुक्ल के नेतृत्व में शिक्षा मित्रों के एक प्रतिनिधिमंडल ने बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) अनूप कुमार तिवारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से शिक्षा मित्रों ने शासनादेश के अनुरूप जनपद में स्थानांतरण एवं समायोजन की प्रक्रिया सुनिश्चित कराने की मांग की।

संघ के जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार शुक्ल ने बताया कि लंबे समय से स्थानांतरण व समायोजन की प्रक्रिया लंबित होने के कारण शिक्षा मित्रों को विभिन्न प्रकार की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। ज्ञापन प्राप्त करने के बाद बीएसए ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि शासनादेश का तत्काल प्रभाव से अनुपालन कराया जाएगा।

इस अवसर पर शिक्षा मित्र संघ के मंडल अध्यक्ष प्रवीन कुमार श्रीवास्तव ने समय से मानदेय न मिलने का मुद्दा भी उठाया और कहा कि मानदेय में देरी के कारण शिक्षा मित्रों की आर्थिक स्थिति प्रभावित हो रही है। इस पर बीएसए ने संबंधित पटल सहायक एवं खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिक्षा मित्रों के मानदेय के बिल प्रत्येक माह की 5 तारीख तक अवश्य भेजे जाएं, जिससे समय पर भुगतान सुनिश्चित हो सके। ज्ञापन सौंपने के दौरान संघ के जिला संरक्षक संजय यादव, जिला महामंत्री दिनेश उपाध्याय, संगठन मंत्री संदीप सिंह, राजेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, धर्मेन्द्र पाठक, राणा प्रताप सिंह, राघवेन्द्र सिंह, अशोक सिंह सहित अन्य शिक्षा मित्र मौजूद रहे।

# ओवरलोड ट्रकों पर परसरामपुर पुलिस की कार्रवाई, पांच वाहनों का चालान

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**



बभनान शुगर मिल से खोइया लादकर अयोध्या की ओर जा रहे ओवरलोड ट्रकों के खिलाफ पुलिस ने सख्त कार्रवाई की। थाना परशुरामपुर पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान के दौरान मानक के विपरीत और ओवरहाइट लदे ट्रकों को रोककर चालान किया गया।

मामले की जानकारी देते हुए थाना प्रभारी परशुरामपुर भानु प्रताप सिंह ने बताया कि गुरुवार को दोपहर लगभग 12 बजे श्रृंगीनारी के पास चेकिंग अभियान चलाया गया। इस दौरान बभनान शुगर मिल से खोइया लेकर जा रहे ट्रकों को रोका गया, जिनमें निर्धारित मानकों से अधिक और ओवरहाइट तरीके से माल लदा पाया गया।

पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर कुल पांच ट्रकों का चालान किया और प्रत्येक के विरुद्ध सम्मन शुल्क काटते हुए कुल दस हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। थाना प्रभारी ने बताया कि इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी, ताकि सड़क सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

# सामाजिक विज्ञान शिक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

## बच्चों को मानवीय, संवैधानिक मूल्यों से जोड़ना आवश्यक- संजय शुक्ल

**जन एक्सप्रेस। बस्ती**



जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) बस्ती में परिषदीय उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत सामाजिक विज्ञान विषय के 224 शिक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण गुरुवार को सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। समापन अवसर पर डायट प्राचार्य संजय कुमार शुक्ला ने प्रतिभागी शिक्षकों को प्रमाण पत्र वितरित कर प्रशिक्षण कार्यक्रम का औपचारिक समापन किया।

समापन सत्र को संबोधित करते हुए डायट प्राचार्य संजय शुक्ला ने कहा कि वर्तमान शिक्षा व्यवस्था में सामाजिक विज्ञान की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह विषय विद्यार्थियों को केवल तथ्यों की जानकारी नहीं देता, बल्कि उन्हें समाज, संविधान, मानवीय मूल्यों और नागरिक कर्तव्यों से भी जोड़ता है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों का दायित्व है कि वे बच्चों में संवेदनशीलता, समानता, लोकतांत्रिक सोच और जिम्मेदार नागरिक बनने के गुण विकसित करें।

प्रशिक्षण के दौरान राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 एवं राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा-विद्यालय शिक्षा (2023) के अनुरूप सामाजिक विज्ञान शिक्षण पर विशेष जोर दिया गया। प्रशिक्षण में भारतीय ज्ञान परंपरा, सामाजिक विज्ञान प्रयोगशाला, शिक्षण योजना, आईसीटी के माध्यम से शिक्षण, आकलन एवं समग्र प्रगति पत्र, व्यावसायिक कौशल तथा भूगोल, इतिहास, अर्थशास्त्र और नागरिक शास्त्र के विविध पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

प्रशिक्षण के नोडल प्रवक्ता कल्याण पाण्डेय ने बताया कि इस चरण में हर्रैया, कप्तानगंज, दुबौलिया, विक्रमजोत एवं परशुरामपुर विकासखंडों के 224 शिक्षकों को प्रशिक्षित किया गया है। शेष विकासखंडों के शिक्षकों का प्रशिक्षण आगामी दो बैचों में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में सह नोडल प्रवक्ता डॉ. ऋचा शुक्ला, सन्दर्भदाता डॉ. रविनाथ, डॉ. गोविन्द प्रसाद, अमन सेन, कंचन, शिवानंद शुक्ल, मृत्युंजय मिश्र सहित डायट के कई प्रवक्ता एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

# मोबाइल छिनैती का खुलासा

## दो शातिर गिरफ्तार छिनैती का ओपो मोबाइल और अपाचे बाइक बरामद

### गिरफ्तारी टीम में शामिल पुलिसकर्मी

- वरिष्ठ उपनिरीक्षक बृजेश कुमार मिश्रा
- कांस्टेबल गया प्रसाद
- कांस्टेबल रवि गुप्ता

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



थाना सुजानगंज पुलिस ने मोबाइल छिनैती की घटना का सफल अनावरण करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने अभियुक्तों के कब्जे से छिनैती किया गया ओपो ,53 मोबाइल फोन तथा घटना में प्रयुक्त अपाचे मोटरसाइकिल बरामद की है।

थानाध्यक्ष सुजानगंज के कुशल नेतृत्व में वरिष्ठ उपनिरीक्षक बृजेश कुमार मिश्रा ने पुलिस टीम के साथ थाना सुजानगंज में पंजीकृत मुकदमा संख्या 342/ 2025, धारा 304(2)/ 317(2) बीएनएस से संबंधित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान अमरजीत बिंद पुत्र अच्छेलाल बिंद निवासी ग्राम भिखारीपुर, थाना मछलीशहर तथा पंकज सरोज उर्फ चंदन सरोज पुत्र बटेश्वर सरोज निवासी ग्राम तिलोरा, थाना मछलीशहर, जनपद जौनपुर के रूप में हुई है।

पुलिस के अनुसार अभियुक्तों के पास से एक ओपो,53 मोबाइल फोन और काले रंग की अपाचे मोटरसाइकिल बरामद की गई है, जिसका प्रयोग घटना में किया गया था।

पुलिस ने दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर नियमानुसार विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

# परिषदीय विद्यालयों की जिला स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में मड़ियाहूं ने मारी बाज़ी, शाहगंज बना उप विजेता

### प्रतियोगिता के परिणाम

- चैम्पियन- मड़ियाहूं - 234 अंक
- उप विजेता- शाहगंज - 141 अंक
- तीसरा स्थान- सदर - 82 अंक
- चौथा स्थान- बदलापुर - 71 अंक
- पांचवां स्थान- केराकत - 57 अंक
- छठा स्थान- मछली शहर - 41 अंक

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**



दो दिवसीय 47वीं जिला स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में बच्चों ने अपने हुनर और जज़्बे का प्रदर्शन कर जीत का परचम लहराया। बी आर पी इंटर कालेज के मैदान में आयोजित इस कार्यक्रम के दूसरे दिन समापन समारोह के मुख्य अतिथि माननीय विधायक मड़ियाहूं डॉ. आर.के. पटेल रहे।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल ने मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति व राष्ट्रीय महासचिव अपना दल पप्पू माली का स्वागत बुके और स्मृति चिन्ह देकर किया।

विजयी प्रतिभागियों को अतिथियों द्वारा मेडल, प्रशस्ति पत्र और शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया।

मुख्य अतिथि डॉ. आर.के. पटेल ने कहा, खेल वह माध्यम है जहाँ हार को सहज भाव से और जीत को विनम्रता से स्वीकार करना सीखते हैं। मेहनत और समर्पण से भविष्य संवारा जा सकता है और खेल युवा पीढ़ी में देश के लिए योगदान देने का जज़्बा पैदा करते हैं।

भाजपा जिलाध्यक्ष अजीत प्रजापति ने आयोजन की सराहना करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी और आयोजकों को बधाई दी। समापन समारोह में आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल ने सफल आयोजन के लिए सभी समितियों और उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों का आभार व्यक्त किया।

संचालन- बीईओ रमेश चंद्र पटेल, नूपुर श्रीवास्तव, शैलेश चतुर्वेदी और राम दुलार यादव।

उपस्थिति- पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी नरेंद्र विश्वकर्मा, खंड शिक्षा अधिकारी बसंत कुमार शुक्ल, डीसी विशाल उपाध्याय, डीसी एमडीएम अरुण मौर्य, शिक्षक और छात्र-छात्राएं।

# दबंगों की धमकी से आहत दलित प्रधान ने पुलिस से की गुहार

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

केराकत स्थानीय थानाक्षेत्र अंतर्गत नुआंव गांव प्रधान ने गांव के दो व्यक्तियों पर आरोप लगाते हुए, नामजद तहरीर दी।

ग्राम प्रधान दलीप कुमार ने बताया कि गांव के मनीष कुमार व अमित सिंह गांव में किए गए पुराने कामों में हिस्सा मांग रहे हैं। न देने पर गाली व हथियार के साथ बराबर धमकी दे रहे हैं।

जिससे गांव का विकास कार्य रुक गया है। पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई न किए जाने से क्षुब्द प्रधान ने सोशल मीडिया के माध्यम से मुख्यमंत्री से गुहार लगाई। वीडियो में ग्राम प्रधान ने कहा कि वह दलित हैं, जिसकी वजह से उन्हें बार बार परेशान किया जा रहा है। उनका कहना है कि दलित की वजह से उत्पीड़न का शिकार होना पड़ रहा हैं

# एक्सप्रेस खबरें...

## पासबुक प्रिंट कराने को बैंक का चक्कर काट रहे हैं उपभोक्ता

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** खुटहन स्थानीय बाजार स्थित स्टेट बैंक की शाखा में उपभोक्ताओं को गत एक माह से पासबुक प्रिंट कराने को लेकर काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बैंककर्मी उपभोक्ताओं की समस्या को लेकर गम्भीर नही हैं। उन्हें शाखा के कर्मी बैंक का चक्कर हर रोज लगवाने को मजबूर किये है। इसी शाखा कि उपभोक्ता राधा सोनी, संगीता पाल, तारा, पूनम सिंह, सुशीला, शीला, रुक्मणि, विनीता तथा उषा आदि उपभोक्ताओं ने बताया कि जब बैंक मैनेजर से शिकायत की गयी तो वे भी अलग अलग काउंटर पर भेजकर मामला सुलझाने के बजाय टरका देते हैं। कैशियर कहते हैं कि यहां पर प्रिंट नहीं होता, बाहर जाकर प्रिंट कर लीजिए। जबकि बाहर लगी मशीन में पासबुक डालने पर वह हमेशा इनवेलिड बताता है। इसकी शिकायत मैनेजर से कई बार की गई। लेकिन वे भी अभी तक कोई समाधान नहीं निकाल सके है। कैशियर कहते हैं कि लिंक ब्रांच पर जाकर प्रिंट करवा लीजिए। लिंक ब्रांच पर जाने के बाद वहां के कर्मी कहते है कि मुख्य शाखा में जाकर प्रिंट करवा लीजिए। यहां वहां के चक्कर में उपभोक्ता परेशान हो रहे हैं। पासबुक प्रिंट नही होने से उपभोक्ताओं को लेनदेन करने में काफी परेशानी हो रही है।

## टैम्पो पलटने से तीन महिलाएं घायल

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर।** शाहगंज कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत अक्खन सराय गांव के समीप सड़क दुघर्टना में टैम्पो पलटने से तीन महिलाएं घायल हो गई। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस की मदद से घायलों को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार किया। क्षेत्र के मोलनापुर गांव निवासी 38 वर्षीय सीमा पत्नी शिवपूजन,40 वर्षीय नीलम पत्नी विपत,35 वर्षीय सुनीता पत्नी अनिल, गुरुवार को टैम्पो से शाहगंज आ रही थी।कि जौनपुर मुख्य मार्ग स्थित अक्खनसराय गांव के समीप बस की साइड लगने से टैम्पो अनियंत्रित होकर पलट गया। जिसमें तीनों महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गई। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में घायलों को एम्बुलेंस की मदद से इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उक्त घायलों की हालत गंभीर देख बेहतर इलाज हेतु जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

## सोलर पावर प्लांट गेट पर श्रमिकों ने किया प्रदर्शन

**जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर। कलवारी।** पारिश्रमिक भुगतान की मांग के लिए बुधवार को कलवारी माफी के पुरवा गुरुदेव नगर में स्थापित 50 मेगावाट सोलर पावर प्लांट के श्रमिकों ने प्रदर्शन किया। पावर प्लांट गेट पर हुए प्रदर्शन के दौरान श्रमिकों का कहना है कि वे नेशनल सिक्योरिटी सर्विस के तहत प्लांट में कार्य कर रहे हैं। आरोप है कि चार महीने से उन्हें पारिश्रमिक नहीं मिली है। श्रमिकों का कहना है कि इंचार्ज और सुपरवाइजर से पारिश्रमिक मांगने पर वह टालमटोल कर रहे हैं। श्रमिक जितेंद्र कुमार का कहना है कि श्रमिकों को 320 रुपये के हिसाब से पारिश्रमिक दी जाती है। चार महीने से मजदूरी नहीं मिल रही है। कहा कि पारिश्रमिक का भुगतान नहीं होने से घर परिवार चलाना मुश्किल हो रहा है। इंचार्ज विजय सिंह का कहना है कि सभी श्रमिकों का पैसा आ गया है। शुक्रवार तक सभी श्रमिकों को भुगतान कर दिया जाएगा। प्रदर्शन में अमरनाथ, संतोष कुमार, राम भजन, जितेंद्र सिंह, श्रीप्रकाश, पारस, विनोद कुमार, राजू कुमार, सुनील कुमार, कृष्ण कुमार, विनोद मौर्य आदि श्रमिक रहे।

## खेत में पानी भरते समय करंट लगने से किसान की गई जान

**जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर।** लालगंज के धनावल गांव में मंगलवार की शाम को खेत में पानी भरने के लिए सबमर्शिबल चालू करने के लिए बोर्ड में प्लग लगाते समय करंट की चपेट में आने से किसान मोहन यादव (45) की मौत हो गई। ग्रामीणों की सूचना पर परिजन खेत पर पहुंचे। किसान को करंट से अलग किया तब तक मौत हो चुकी थी। धनावल निवासी मोहन यादव मंगलवार की शाम को खेत में पानी भरने गए थे। वह सबमर्शिबल चालू करने के लिए प्लग लगा रहे थे। तभी करंट की चपेट में आ गए। करंट लगने से वह खेत में गिरकर तड़पने लगे। गांव के कुछ लोग अपने खेत में काम रहे थे। उन लोगों

# नेशनल हेराल्ड फैसले के बाद कांग्रेस का शक्ति प्रदर्शन भाजपा कार्यालय का घेराव पुलिस से तीखी नोंक-झोंक

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**




घेराव के दौरान कांग्रेसियों ने भाजपा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस मौके पर प्रदेश सचिव पंकज सोनकर, देवराज पांडेय, विनय तिवारी, शेरबहादुर सिंह, महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष रेखा सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता और सभासद मौजूद रहे। कांग्रेस के इस प्रदर्शन से शहर का राजनीतिक माहौल गरमा गया है।

नेशनल हेराल्ड और यंग इंडिया मामले में न्यायालय के फैसले के बाद जिले में सियासी पारा चढ़ गया। उत्साही कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जिला कांग्रेस कमेटी जौनपुर के अध्यक्ष डॉ. प्रमोद कुमार सिंह और शहर अध्यक्ष आरिफ खान के नेतृत्व में कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन से जुलूस निकालकर भाजपा कार्यालय का जोरदार घेराव किया। कांग्रेस कार्यकर्ता सत्यमेव जयते और भाजपा के झूठ का पर्दाफाश जैसे नारे लगाते हुए आगे बढ़े। भाजपा कार्यालय के बाहर पहले से तैनात पुलिस बल से कांग्रेसियों की जमकर नोंक-झोंक हुई। पुलिस द्वारा रोकने के प्रयास के बावजूद कांग्रेस कार्यकर्ता भाजपा कार्यालय का घेराव करने में सफल रहे, जिसके चलते भाजपाइयों को कार्यालय का गेट अंदर से बंद करना पड़ा। भाजपा कार्यालय के सामने सभा को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. प्रमोद कुमार सिंह ने कहा कि न्यायालय के फैसले ने भाजपा के झूठ को बेनकाब कर दिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा ने ईडी का दुरुपयोग कर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, श्रीमती सोनिया गांधी और कांग्रेस को बदनाम करने का प्रयास किया। अब अदालत के फैसले से सच्चाई सामने आ गई है। डॉ. सिंह ने कहा कि सत्ता में बने रहने के लिए भाजपा झूठ, नफरत और सांप्रदायिकता फैलाने का काम कर रही है।

वहीं शहर कांग्रेस अध्यक्ष आरिफ खान ने कहा कि देश की संवैधानिक संस्थाओं का भाजपाईकरण हो चुका है और बदले की भावना से विपक्षी नेताओं को निशाना बनाया जा रहा है। न्यायालय द्वारा ईडी के आरोप पत्र को खारिज किया जाना सत्य की जीत है। घेराव के दौरान कांग्रेसियों ने भाजपा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस मौके पर प्रदेश सचिव महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष रेखा सिंह सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता और सभासद मौजूद रहे। ग्रेस के इस प्रदर्शन से शहर का राजनीतिक माहौल गरमा गया है।

# ठंड में अलाव न जलना बना चर्चा का विषय कजगांव में जनजीवन बेहाल

### नगर पंचायत पर लापरवाही का आरोप

**जन एक्सप्रेस। जौनपुर**

पिछले कई दिनों से पड़ रही गलन भरी भीषण ठंड ने जनजीवन को पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया है, लेकिन नगर पंचायत कजगांव द्वारा अब तक अलाव न जलवाया जाना क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है। कड़ाके की सर्दी के बावजूद कस्बे में कहीं भी अलाव की व्यवस्था न होने से लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है।

बताया जाता है कि ठंड की शुरुआत से ही मौसम का मिजाज बेहद सख्त बना हुआ है। इसके बावजूद नगर पंचायत के जिम्मेदार अधिकारी और कर्मचारी मानो कान में तेल डालकर सोए हुए हैं। न तो सार्वजनिक स्थानों पर अलाव जलवाए गए और न ही जरूरतमंदों को राहत देने के लिए कंबल वितरण की कोई व्यवस्था की गई। भीषण ठंड के कारण सड़कों पर सन्नाटा पसरा रहता है। लोग बेहद जरूरी होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। ठंड से बचाव के लिए जहां आम आदमी किसी न किसी तरह इंतजाम कर ले रहा है, वहीं बेसहारा पशुओं को सबसे ज्यादा परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति का फायदा उठाते हुए दुकानदार गर्म ऊनी कपड़ों को मनमाने दामों पर बेच रहे हैं, जबकि जलावन लकड़ी के व्यापारियों ने भी लकड़ी के दाम बढ़ा दिए हैं। इससे गरीब और मजदूर वर्ग की मुश्किलें और बढ़ गई हैं।

क्षेत्रवासियों ने नगर पंचायत कजगांव के जिम्मेदारों से मांग की है कि सार्वजनिक स्थानों, चौराहों और बाजारों में पर्याप्त मात्रा में अलाव जलवाए जाएं, ताकि राहगीरों और जरूरतमंद लोगों को इस भीषण ठंड से कुछ राहत मिल सके। भीषण ठंड के बावजूद नगर पंचायत की उदासीनता को लेकर लोग सवाल उठा रहे हैं और जिम्मेदारों पर कुम्भकर्णी नींद में सोए होने का आरोप लगा रहे हैं।

## अहान पांडे

# राशा थडानी

## तक...इस साल बॉलीवुड में इन स्टार किड्स ने की एंट्री, किसका कैसा रहा हाल



बॉलीवुड सेलेब्स की तरह स्टार किड्स भी काफी सुर्खियों में रहते हैं. इस साल बहुत सी फिल्में रिलीज हुईं और बहुत से नए चेहरे हमें स्क्रीन पर देखने को मिले. कुछ ने अपनी एक्टिंग से लोगों का दिल जीत लिया, तो कुछ ऑडियंस को इंप्रेस करने में नाकामयाब रहे. जैसे-जैसे 2025 खत्म हो रहा है, आइए इस साल इंडियन सिनेमा में डेब्यू करने वाले नए चेहरों पर एक नजर डालते हैं.अहान पांडे ङ्क इस लिस्ट में पहले नंबर पर आता है अहान पांडे का नाम. अहान पांडे ने बॉलीवुड में म्यूजिकल रोमांटिक ड्रामा 'सैयारा' के साथ डेब्यू किया और उन्हें बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला. मोहित सूरी के डायरेक्शन वाली इस फिल्म से इंडियन सिनेमा को एक नया स्टार भी मिला. सैयारा में अहान पांडे के साथ अनीत पड्डा लीड रोल में नजर आई. एक्टर ने अपने रफ लुक और शानदार एक्टिंग से ऑडियंस का दिल जीत लिया.




### वीर पहाड़िया

बॉलीवुड में डेब्यू की बात करें, तो इस साल सिनेमा स्क्रीन और उससे भी ज्यादा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म वीर पहारिया के चेहरे से भरे हुए थे. एक्टर ने वॉर ड्रामा 'स्काई फोर्स' में अक्षय कुमार के साथ काम करके अपनी पहचान बनाई. संदीप केलवानी और अभिषेक अनिल कपूर के डायरेक्शन में बनी इस फिल्म में वीर पहाड़िया ने टी कृष्णा विजया का रोल निभाया, जो एक एयर फोर्स ऑफिसर थे. वीर ने फिल्म ने अपने रोल को पूरी ईमानदारी और जबरदस्त स्क्रीन प्रेजेंस के साथ निभाया.

### अनीत पड्डा

जब अहान पांडे की बात हो रही है, तो सैयारा की लीड एक्ट्रेस, अनीता पड्डा का जिक्र करना भी जरूरी है. अनीत पड्डा अपने चार्मिंग लुक और शानदार एक्टिंग से 'सैयारा' के जरिए आसानी से इंडियन सिनेमा की सबसे पसंदीदा यंग आर्टिस्टों में से एक बन गईं. एक्ट्रेस की दिल को छू लेने वाली परफॉर्मेंस ने दर्शकों पर एक गहरी छाप छोड़ी है और उम्मीद है कि उनके आने वाले प्रोजेक्ट्स में भी यह सिलसिला जारी रहेगा.

### अमन देवगन

बॉलीवुड डेब्यू की इस लिस्ट में अगला नाम अजय देवगन के भतीजे अमन देवगन का है, जिन्होंने अपने चाचा के साथ पीरियड एक्शन ड्रामा 'आजाद' में अपने मच अवेटेड बॉलीवुड डेब्यू से पॉपुलैरिटी हासिल की. इस फिल्म में उन्होंने एक अस्तबल के लड़के का किरदार निभाया, जिसका आजाद नाम के घोड़े के साथ गहरा रिश्ता बन जाता है. हालांकि, अमन की परफॉर्मेंस उम्मीद के मुताबिक नहीं थी और फिल्म भी बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल नहीं कर पाई.

## 'मैं एक साल घर बैठी रही...' इस एक्ट्रेस के चेहरे में घुस गए थे कांच के 67 टुकड़े, दोस्त बनाते थे मजाक




बॉलीवुड की इस अदाकारा ने शाहरुख खान से लेकर अजय देवगन तक, कई सुपरस्टार के साथ काम किया है. कभी अपनी एक्टिंग के साथ-साथ वो अपनी खूबसूरती से भी काफी सुर्खियों में रही थी. हालांकि करियर की शुरुआत में उनके साथ एक ऐसा हादसा हुआ था जिससे उनके चेहरे का पूरा नक्शा बिगड़ गया था. एक्ट्रेस को सड़क हादसे में गंभीर चोट लगी थी और उनके चेहरे में कांच के 67 टुकड़े घुस गए थे. यहां बात हो रही है महिमा चौधरी की, जिन्होंने अपने साथ हुए हुस दर्दनाक हादसे को लेकर एक बार फिर से बात की है.महिमा चौधरी ने बॉलीवुड में अपनी शुरुआत फिल्म 'परदेस' से की थी. साल 1997 में आई इस फिल्म में उनके अपोजिट शाहरुख खान नजर आए थे. इसका डायरेक्शन दिग्गज फिल्ममेकर सुभाष घई ने किया था. वहीं जब महिमा चौधरी अभिनेता अजय देवगन के साथ फिल्म 'दिल क्या करे' (1999) की शूटिंग कर रही थी, तब उनके साथ एक दिल दहला देने वाला एक्सीडेंट हुआ था. डॉक्टर्स को तब एक्ट्रेस के चेहरे से माइक्रोस्कोप की मदद से कांच के टुकड़े निकालने पड़े थे.

### एक साल तक घर बैठी रहीं एक्ट्रेस

महिमा चौधरी ने बताया कि उस हादसे के बाद उन्होंने एक साल अपने घर पर बिताया था. महिमा ने अपने एक हालिया इंटरव्यू में कहा, बहुत सारी चुनौतियां रहीं. मेरी पहली ही फिल्म के बाद मुझे लीगल मामलों में घसीटा गया था. मेरा एक्सीडेंट हो गया और मैं एक साल तक घर बैठी रही.

### सर्जरी पर हंसते थे दोस्त

बुरे वक्त में महिमा को अपने दोस्तों का भी साथ नहीं मिला था. उनके दोस्त उनकी सर्जरी पर उनका मजाक बनाकर हंस रहे थे. एक्ट्रेस ने कहा, मेरे चेहरे में कांच के छोटे-छोटे 67 टुकड़े धंस गए थे, जिन्हें डॉक्टर्स ने माइक्रोस्कोप की मदद से निकाला था. अगले दिन मेरा चेहरा बहुत सूज गया था और फेस का पूरा शेप बिगड़ गया था. मेरे दोस्त मेरे फेस की सर्जरी पर हंस रहे थे. उन्हें लग रहा था मैं झूठ बोल रही हूं और मेरा किसी के साथ झगड़ा हुआ है. मेरे लिए ये बहुत मुश्किल वक्त था, मुझे नहीं पता था कि मैं लाइफ में आगे क्या करूंगी ?

## 2025 की वो 5 फिल्में, जो पैसों के लिए ही नहीं, दर्शकों के लिए भी तरस गई

### करोड़ों डुबाने वाली फिल्में



साल 2025 लगभग खत्म होने की कगार पर है, इस साल हिंदी सिनेमा की कुछ फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई की है. जिसमें छावा, धुरंधर, सैयारा जैसी फिल्मों के नाम शामिल हैं. लेकिन, वहीं कई फिल्में ऐसी भी रहीं, जिनसे फैंस की काफी उम्मीदें जुड़ी हुई थी, लेकिन जब फिल्म ने दस्तक दी तो, न ही फिल्म ने कमाई की, न ही लोगों को कहानी पसंद आई. इन सभी के बीच कुछ ऐसी पिक्चरों के नाम भी हैं, जिसको कमाई तो हुई नहीं, लेकिन फिल्म देखने के बाद से दर्शकों के सिर में दर्द जरूर हो गया.

इस साल की शुरुआत में ब्लॉकबस्टर की लिस्ट में शामिल होने के अंदाज से कई फिल्मों के नाम शामिल थे. लेकिन, रिलीज के बाद फिल्मों के रिव्यू ने लोगों को थोड़ा उदास कर दिया था. इन फिल्मों में अजय देवगन, सलमान खान जैसे दिग्गजों की पिक्चरें शामिल थी. लेकिन, आज हम इस स्टोरी में उन फिल्मों की बात करेंगे, जिसने दर्शकों को उदास नहीं बल्कि त्रस्त्र हो गए थे. फिल्म सिनेमाघरों में लोगों की राह देख रहा था.

### बैडएस रविकुमार

इन फिल्मों में सबसे पहला नाम काफी पॉपुलर है, जो कि बैडएस रविकुमार है. हिमेश रेशमिया की ये फिल्म द एक्सपोज का स्पिन ऑफ था. फिल्म 7 फरवरी को रिलीज हुई थी. फिल्म को लोग आंख बंद कर के भी देख सकते हैं, क्योंकि इसमें अजीबो-गरीब डायलॉग के अलावा कुछ भी नहीं है. द एक्सपोज में जिसने हिमेश रेशमिया यानी रविकुमार की झलक देखा है, वो ये आसानी से समझ सकता है कि जब इस किरदार पर पूरी की पूरी फिल्म बनेगी तो लोगों के लिए सिरदर्दी ही होगी. सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म 20 करोड़ के बजट में बनी थी, लेकिन इसने 8.5 करोड़ की कमाई की थी.

### मेरे हस्बैंड की बीवी

लव ट्रायंगल वाली फिल्में तो हिंदी सिनेमा में कई सारी हैं, लेकिन फरवरी में एक ऐसी ही फिल्म मेरे हस्बैंड की बीवी आई, जो कि लव ट्रायंगल में कॉमेडी का भी तड़का लगाना चाहती थी. लेकिन, लोगों को मेकर्स का ये एक्सपेरिमेंट रास नहीं आया. अर्जुन कपूर, भूमि पेडनेकर और रकुल प्रीत सिंह स्टारर इस फिल्म की कहानी बिना सिर पैर वाली थी. हालांकि, कई दर्शकों का मानना था कि ये फिल्म पति पत्नी और वो जैसी कहानी बनाना चाहती थी, लेकिन मूवी देखकर पता चलेगा कि वो पूरी तरह से नाकामयाब रहा. 60 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने 8.5 करोड़ की कमाई की थी.

### गेम चेंजर

साउथ एक्टर राम चरण और कियारा आडवाणी की फिल्म गेम चेंजर को लेकर पिछली साल से ही काफी हाइप क्रिएट किया गया था. जिसके लिए फैंस बहुत एक्साइटेड थे, लेकिन 10 जनवरी को जब फिल्म थिएटर में आई, तो लोगों ने इसे देखकर सिर ही पकड़ लिया.



## 'उनके किसी दूसरे आदमी के साथ...'

# करीना कपूर

## के दूसरे एक्टर्स संग काम करने पर सैफ ने ये क्या कह दिया?

बॉलीवुड की सुपरस्टार एक्ट्रेस करीना कपूर खान और अभिनेता सैफ अली खान की जोड़ी हिंदी सिनेमा की पॉपुलर जोड़ियों में शामिल है. दोनों कलाकार साथ काम करने के दौरान एक दूसरे के बेहद करीब आ गए थे और फिर सालों तक एक दूसरे को डेट करने के बाद इस कपल ने शादी रचा ली थी. अब सैफ ने अपने एक इंटरव्यू में पत्नी करीना को लेकर बात की है और बताया कि पहले जब करीना दूसरे एक्टर्स के साथ काम करती थीं तो उन्हें इस चीज से जलन होती थी. बता दें कि सैफ अली खान और करीना कपूर खान साल 2007 में आई फिल्म 'टशन' के दौरान एक दूसरे के प्यार में पड़ गए थे. इसके बाद कपल ने शादी का फैसला लिया था. लेकिन, इससे पहले दोनों ने एक दूसरे के साथ करीब 5 साल का वक्त बिताया था. हालांकि उस समय सैफ, करीना को लेकर इनसिक्योर रहते थे. उन्होंने बताया कि उन्हें ये समझ नहीं आता था कि वो करीना के दूसरे एक्टर्स संग काम करने को लेकर किस तरह रिएक्ट करें ?




### सैफ को होती थी जलन

सैफ अली खान ने अपने एक हालिया इंटरव्यू में कहा, शुरुआती वक्त में मेरे लिए सब कुछ डील करना बिल्कुल आसान नहीं था. मुझे शायद जलन होती थी और समझ नहीं आता था कि उनके किसी दूसरे एक्टर के साथ काम करने पर कैसे रिएक्ट करूं.वो सब मेरे लिए नया था.उन्होंने आगे कहा कि आपको विश्वास होना चाहिए और इन सब चीजों को मैच्योरिटी के साथ हैंडल करना चाहिए.

### जमकर की करीना की तारीफ

सैफ ने अपनी लेडी लव की जमकर तारीफ की और बताया कि वो खुशनसीब हैं कि करीना उनकी लाइफ में हैं. अभिनेता ने कहा, वो शानदार और जूनून वाली महिला हैं, मैं खुशनसीब हूं कि वो मेरे साथ हैं. उन्होंने हमारे घर को बहुत अच्छा बनाया है. मैं उनकी तारीफ करते नहीं थकूंगा.

### 2 बेटों के हैं पैरेंट्स

सैफ और करीना कपूर ने 2012 में शादी रचाई थी. कपल की शादी को 13 साल बीत चुके हैं. अब दोनों दो बेटों के माता-पिता हैं. उनके बड़े बेटे का नाम तैमूर अली खान और छोटे बेटे का नाम जहांगीर अली खान हैं.

# पीएम मोदी को ऑर्डर ऑफ ओमान सम्मान मिला

## सुल्तान हैथम ने सम्मानित किया, भारत-ओमान ने ट्रेड एग्रीमेंट पर साइन किए

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मस्कट**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ओमान का दूसरा सर्वोच्च सम्मान मिला है। उन्हें सुल्तान हैथम बिन तारिक ने ऑर्डर ऑफ ओमान से सम्मानित किया है। इससे पहले दोनों नेताओं ने द्विपक्षीय बैठक की। इस दौरान भारत और ओमान के बीच व्यापार समझौते पर साइन हुए। समझौते से भारत के टेक्सटाइल, फुटवियर, ऑटोमोबाइल, जेम्स एंड ज्वैलरी, रिन्युएबल एनर्जी और ऑटो कंपोनेंट्स जैसे सेक्टर्स को सीधा फायदा होगा। इस पर नवंबर 2023 में बातचीत शुरू हुई थी। इससे पहले पीएम ने बताया कि भारत और ओमान के बीच होने वाला व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता यानी CEPA आने वाले कई दशकों तक दोनों देशों के रिश्तों की दिशा तय करेगा। उन्होंने इसे दोनों देशों के साझा भविष्य का खाका बताया।



### पर्यावरण संरक्षण के लिए मिला 'चैंपियन ऑफ द अर्थ' सम्मान

पीएम मोदी को संयुक्त राष्ट्र ने भी पर्यावरण संरक्षण के लिए 'चैंपियन ऑफ द अर्थ' पुरस्कार से सम्मानित किया था। ये सम्मान केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि भारत की बढ़ती वैश्विक ताकत और प्रभाव का परिचायक हैं। पीएम मोदी की अगुवाई में भारत ने 'वसुधैव कुटुंबकम्' की भावना को अपनाते हुए वैश्विक दक्षिण की आवाज को मजबूत किया है। उनकी विदेश यात्राएं नए व्यापारिक अवसर, निवेश और सांस्कृतिक आदान-प्रदान का माध्यम बनी हैं।

> आज हम एक ऐसा ऐतिहासिक फैसला ले रहे हैं, जिसकी गूंज आने वाले कई दशकों तक सुनाई देगी। व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता यानी सीईपीए 21वीं सदी में हमें नया भरोसा और नई ऊर्जा देगा। यह हमारे साझा भविष्य का खाका है। इससे हमारे व्यापार को बढ़ावा मिलेगा, निवेश को नया आत्मविश्वास मिलेगा और हर क्षेत्र में नए अवसरों के दरवाजे खुलेंगे।
> -प्रधानमंत्री मोदी

### वस्तुओं का व्यापार: भारतीय उत्पादों की 'ड्यूटी-फ्री' एंट्री

- इस समझौते के तहत ओमान ने भारत के 99.38% निर्यात (मूल्य के आधार पर) के लिए अपने दरवाजे खोल दिए हैं।
- **जीरो ड्यूटी एक्सेस:** ओमान ने अपनी 98.08% टैरिफ लाइनों पर जीरो-ड्यूटी की पेशकश की है। इनमें से 97.96% टैरिफ लाइनों पर शुल्क तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिया जाएगा।
- प्रमुख क्षेत्रों जैसे रत्न एवं आभूषण, कपड़ा, चमड़ा, जूते, खेल का सामान, इंजीनियरिंग उत्पाद, फार्मा और ऑटो जैसे श्रम-प्रधान क्षेत्रों को पूर्ण शुल्क छूट मिलेगी।
- पारंपरिक चिकित्सा यानी आयुष पर भी एफटीए में फैसला लिया गया। पहली बार किसी देश ने पारंपरिक चिकित्सा के सभी माध्यमों पर प्रतिबद्धता जताई है, जिससे भारत के आयुष और वेलनेस क्षेत्र के लिए वैश्विक अवसर पैदा होंगे।
- फार्मा क्षेत्र में तेजी आएगी। यूएसएफडीए, ईएमए और यूकेएमएचआरए जैसी वैश्विक संस्थाओं की ओर से अनुमोदित भारतीय दवाओं को ओमान में मार्केटिंग की अनुमति मिलने में अब देरी नहीं होगी।

### सेवाओं का व्यापार और पेशेवर आवाजाही

- ओमान का सेवाओं का कुल आयात लगभग 12.52 अरब डॉलर है, जिसमें भारत की हिस्सेदारी वर्तमान में मात्र 5.31% है। यह समझौता इस गैप को भरने का काम करेगा।
- मोड 4 यानी पेशेवर आवाजाही पर भी एफटीए में चीजें साफ हुई हैं। पहली बार ओमान ने भारतीय पेशेवरों की आवाजाही पर व्यापक रियायतें दी हैं। 'इंट्रा-कॉरपोरेट ट्रांसफरीज' का कोटा 20% से बढ़ाकर 50% कर दिया गया है।
- टेंडर के आधार पर सेवा प्रदान करने वाली कंपनियों के लिए समय की अवधि को 90 दिनों से बढ़ाकर दो साल कर दिया गया है। इसे दो साल और विस्तार दिया जा सकता है।
- भारतीय कंपनियों के लिए 100 फीसदी एफडीआई का रास्ता साफ: आईटी, बिजनेस सर्विसेज, ऑडियो-विजुअल, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में भारतीय कंपनियां अब ओमान में 100% प्रत्यक्ष विदेशी निवेश कर सकेंगी।

### संवेदनशील उत्पादों के लिए सुरक्षा चक्र

भारत ने घरेल हितों की रक्षा के लिए कुछ सख्त कदम भी उठाए हैं:-

- शुल्क कटौती से एफटीए में कई क्षेत्रों को बाहर रखा गया है। डेयरी, चाय, कॉफी, रबर, तंबाकू उत्पाद, सोना-चांदी की ईंटें और स्क्रैप धातु जैसे संवेदनशील उत्पादों पर कोई रियायत नहीं दी गई है।
- ओमान के निर्यात हितों वाले कुछ उत्पादों के लिए भारत ने टैरिफ-रेट कोटा उदारीकरण का रास्ताअपनाया है, ताकि घरेलू उद्योग प्रभावित न हों।

### ओमान मध्य पूर्व और अफ्रीका के बाजार के लिए भारत का प्रवेश द्वार

ओमान मध्य पूर्व और अफ्रीका के बाजारों के लिए भारत का एक महत्वपूर्ण गेटवे (प्रवेश द्वार) है। ओमान में 6,000 से अधिक भारतीय प्रतिष्ठान काम कर रहे हैं। ब्रिटेन के बाद पिछले 6 महीनों में यह भारत का दूसरा बड़ा व्यापारिक समझौता है, जो भारत की आक्रामक वैश्विक व्यापार रणनीति का उदाहरण है। दोनों देशों ने भविष्य में ओमान की अंशदायी सामाजिक सुरक्षा प्रणाली लागू होने पर 'सामाजिक सुरक्षा समन्वय' पर चर्चा करने पर भी सहमति जताई है।

# मणिकराव कोकाटे का मंत्री पद से इस्तीफा

## 1995 के धोखाधड़ी एवं जालसाजी मामले में ठहराए गए हैं दोषी




**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई**

महाराष्ट्र सरकार में खेल मंत्री रहे मणिकराव कोकाटे ने आखिरकार मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। इसे लेकर महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने एक्स पर एक पोस्ट किया है, जिसमें उन्होंने लिखा, 'महाराष्ट्र के कैबिनेट मंत्री और मेरे पार्टी सहयोगी माणिकराव कोकाटे ने माननीय न्यायालय के फैसले के बाद मुझे अपना इस्तीफा सौंप दिया है। हमारी पार्टी के उस दीर्घकालिक सिद्धांत के अनुरूप कि कानून का शासन सर्वोपरि है और सभी व्यक्तियों से ऊपर है, मैंने सैद्धांतिक रूप से उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। मैंने संवैधानिक प्रक्रिया के अनुसार उनका इस्तीफा माननीय मुख्यमंत्री को उचित विचार और स्वीकृति के लिए भेज दिया है।'

### 'हमें कानूनी प्रक्रिया पर पूरा भरोसा'

डिप्टी सीएम अजित पवार ने अपने पोस्ट में आगे लिखा- जनजीवन हमेशा संवैधानिक नैतिकता, संस्थागत अखंडता और न्यायपालिका के प्रति सम्मान पर आधारित होना चाहिए, ये वे मूल्य हैं जिन्होंने हमारी पार्टी के सफर को निरंतर दिशा दी है। हमें कानूनी प्रक्रिया पर पूरा भरोसा है। हम राज्य में कानून व्यवस्था का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। लोकतांत्रिक मूल्यों को कायम रखा जाएगा और जनता के विश्वास को नहीं तोड़ा जाएगा; इस परिप्रेक्ष्य में, हम हमेशा सतर्क और सक्रिय रहेंगे।

### राज्यपाल ने अजित पवार को सौंपा था प्रभार

इससे पहले बुधवार को महाराष्ट्र के राज्यपाल आचार्य देवव्रत ने उपमुख्यमंत्री अजित पवार को खेल एवं युवा मामलों, अल्पसंख्यक मामलों और वक्फ मंत्रालय आवंटित किए हैं। ये दोनों मंत्रालय पहले माणिकराव कोकाटे के पास थे, जिसके बाद वे बिना पोर्टफोलियो के मंत्री हो गए थे। राज्यपाल ने बीते दिन महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की तरफ से इस संबंध में भेजे गए पत्र को मंजूरी दी थी।

### धोखाधड़ी के मामले में फंसे कोकाटे

नासिक सत्र न्यायालय ने निचली अदालत के 20 फरवरी के आदेश को बरकरार रखते हुए मंगलवार को कहा था कि मणिकराव कोकाटे ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आरक्षित फ्लैट आवंटित कराने के लिए फर्जी दस्तावेज जमा किए और राज्य सरकार को धोखा दिया जबकि वे एक समृद्ध किसान हैं। वहीं इस मामले में बुधवार को उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट भी जारी कर दिया गया था। जिससे उन पर मंत्री पद से इस्तीफा देने का दबाव बना हुआ था। बता दें कि पूर्व मंत्री तुकाराम दिघोले ने 1997 में मणिकराव कोकाटे के खिलाफ याचिका दायर की थी।

### सजा के खिलाफ बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका की दायर

वहीं माणिकराव कोकाटे ने अपनी सजा के खिलाफ बॉम्बे हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। अदालत इस पर शुक्रवार को सुनवाई करेगी। उनके अधिवक्ता अनिकेत निकम ने न्यायमूर्ति आरएन लड्ढा की एकलपीठ के समक्ष याचिका दायर कर तत्काल सुनवाई का अनुरोध किया है। जिसके बाद पीठ ने याचिका को शुक्रवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है।

# कांग्रेस का नायब सैनी सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव नोटिस मंजूर, आज विधानसभा में होगी चर्चा

- कक्षा 1 से 8वीं तक की योजनाओं में भी बड़ी संख्या में छात्रों को लाभ मिला है

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। चंडीगढ़**

हरियाणा विधानसभा के शीतकालीन सत्र के पहले दिन की कार्यवाही शुरू हो गई है। सीएम नायब सैनी सदन में केसरिया रंग की पगड़ी पहनकर पहुंचे। सदन के पहले दिन ही कांग्रेस ने अविश्वास प्रस्ताव लाया, जिसे स्पीकर हरविंदर कल्याण ने मंजूरी दे दी है। शुक्रवार को सदन की दूसरी सिटिंग में अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा होगी। इससे पहले सदन की शुरुआत में मंत्री अनिल विज ने नेता प्रतिपक्ष बनने पर भूपेन्द्र हुड्डा को बधाई देते हुए कहा- हवाएं लाख मुखालिफ हो दिया वही जलेगा जो जिद्द पर अड़ा है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने सदन में शोक प्रस्ताव पेश किया जिसे सर्वसम्मति से पास किया गया। सत्र 22 दिसंबर तक चलेगा।

### नवंबर तक लाखों छात्रों को मिली छात्रवृत्ति

वित्तीय वर्ष 2025-26 में हरियाणा के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले लाखों छात्रों को नवंबर 2025 तक छात्रवृत्ति और विभिन्न प्रोत्साहन योजनाओं की राशि मिल चुकी है, जबकि हजारों छात्रों की छात्रवृत्ति अभी लंबित है। यह जानकारी सदन पटल पर शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा ने विधानसभा में नूंह से विधायक चौ. आफताब अहमद के प्रश्न के उत्तर में दी। सरकार के अनुसार कक्षा 9वीं से 12वीं तक अनुसूचित जाति के करीब 2.63 लाख छात्रों को छात्रवृत्ति दी जा चुकी है, जबकि लगभग 12 हजार छात्रों को अभी भुगतान होना बाकी है। बीसी-ए और बीपीएल वर्ग के भी बड़ी संख्या में विद्यार्थियों को मासिक प्रोत्साहन दिया गया है, हालांकि कुछ हजार छात्रों की राशि लंबित है। कक्षा 1 से 8वीं तक की योजनाओं में भी बड़ी संख्या में छात्रों को लाभ मिला है। एससी वर्ग के 4 लाख से अधिक विद्यार्थियों को नकद पुरस्कार और प्रोत्साहन राशि दी गई, जबकि लगभग 74 हजार छात्र अब भी इंतजार में हैं। मुफ्त वर्दी और स्टेशनरी योजनाओं में भी लाखों छात्रों को लाभ मिला, लेकिन कई जिलों में वितरण अधूरा है। वहीं, नूंह जिले में माध्यमिक और प्राथमिक दोनों स्तरों पर हजारों छात्रों को छात्रवृत्ति मिली है, जबकि सैकड़ों विद्यार्थियों की राशि अब भी लंबित है। मंत्री ने बताया कि स्कूल-वार लंबित मामलों की सूची सदन में रख दी गई है और जल्द भुगतान का प्रयास किया जा रहा है।



### शीतकालीन सत्र में तीन बैठकें होंगी

विधान सभा की कार्य सलाहकार समिति की बैठक बुधवार को विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में आगामी शीतकालीन सत्र के कार्य एवं कार्यसूची पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। इस दौरान सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि हरियाणा विधान सभा का शीतकालीन सत्र 18 से 22 दिसंबर तक आयोजित किया जाएगा। इस दौरान कुल 3 बैठकें होंगी। बैठक के बाद सीएम ने कहा- विपक्ष हाउस का समय बढाने की बात कह रहा है। उन्होंने कहा कि मानसून सत्र के बाद दूसरा सत्र 6 माह के बाद होना अनिवार्य है। 26 फरवरी को 6 माह होने हैं उसके बावजूद सरकार ने शीतकालीन सत्र बुलाया है। कांग्रेस सरकार ने कम सत्र बुलाए।

# मनरेगा का नाम बदले जाने पर भड़कीं ममता, कहा हम कर्मश्री योजना का नाम महात्मा गांधी पर रखेंगे

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने घोषणा की है कि उनकी सरकार ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना 'कर्मश्री' का नाम बदलकर महात्मा गांधी के नाम पर रखेगी। इसके साथ ही केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए ममता ने कहा कि नरेगा स्कीम से महात्मा गांधी का नाम हटाया जाना शर्मनाक है; अगर वे राष्ट्रपिता को सम्मान नहीं दे सकते, तो हम देंगे।



### केंद्र पर बरसी ममता

मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बिजनेस एंड इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में भाजपा का सीधे नाम लिए बिना कहा कि अगर कुछ राजनीतिक दल हमारे राष्ट्रीय प्रतीकों का सम्मान करने में विफल रहते हैं, तो हम उनका सम्मान करेंगे। ममता ने कहा कि मुझे शर्म आती है कि उन्होंने नरेगा कार्यक्रम से महात्मा गांधी का नाम हटाने का फैसला किया है। हम अब राष्ट्रपिता को भी भूला रहे हैं। अब हम अपने राज्य की कर्मश्री योजना का नाम महात्मा गांधी के नाम पर रखेंगे। 'कर्मश्री' योजना के तहत सरकार का दावा है कि वह लाभार्थियों को 75 दिनों तक का काम देती है, इसके बावजूद कि बनर्जी ने कहा कि केंद्र मनरेगा के तहत फंड रोक रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य का लक्ष्य भविष्य में 'कर्मश्री' के तहत काम के दिनों की संख्या बढ़ाकर 100 करना है। उन्होंने कहा, हमने पहले ही 'कर्मश्री' के तहत बहुत सारे कार्यदिवस बनाए हैं, जिसे हम अपने संसाधनों से चला रहे हैं। अगर केंद्रीय फंड बंद भी हो जाते हैं, तो भी हम यह सुनिश्चित करेंगे कि लोगों को काम मिले। हम भिखारी नहीं हैं। '

### 'बंगाल भारत का गेटवे'

एक बिजनेस और इंडस्ट्री कॉन्क्लेव में बोलते हुए ममता बनर्जी ने किसी ने कहा कि कुछ लोग सिर्फ बंगाल को बदनाम करना चाहते हैं, लेकिन उन्हें नहीं पता कि बंगाल पूरी तरह से बदल गया है। यह अब एक वर्ल्ड-क्लास डेस्टिनेशन बन गया है... मैं इंडस्ट्री चलाने वाले उद्योगपतियों की कमिटमेंट का सम्मान करती हूं। राज्य में एसआईआर भी किया जा रहा है। इसलिए सब लोग दूसरे कामों में बिजी हैं। इसीलिए हम यह बिजनेस कॉन्क्लेव कर रहे हैं। कल भी एमएसएमई सेक्टर के लिए एक बड़ी मीटिंग हुई थी, जिसमें 15,000 से ज़्यादा उद्योगपतियों ने हिस्सा लिया था। आज, पश्चिम बंगाल में भारत के सबसे बड़े लॉजिस्टिक्स हब में से एक है। वर्ल्ड बैंक लॉजिस्टिक्स और एक्सपोर्ट ग्रोथ के लिए राज्य के साथ पार्टनरशिप कर रहा है... इसीलिए हम अमेजन जैसे ग्लोबल दिग्गजों को आकर्षित कर रहे हैं... बंगाल दक्षिण पूर्व एशिया, उत्तर पूर्व भारत, पूर्वी भारत और खासकर बांग्लादेश, भूटान और नेपाल का गेटवे है। हम गेटवे हैं। बंगाल बिहार, झारखंड, ओडिशा और दूसरे राज्यों का भी गेटवे है।

# कर्नाटक विधानसभा से 'हेट स्पीच और हेट क्राइम्स रोकथाम विधेयक, 2025' पारित

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बेलगावी**

कर्नाटक विधानसभा ने गुरुवार को समाज में नफरत, दुश्मनी और वैमनस्य फैलाने वाली गतिविधियों पर लगाम लगाने के लिए हेट स्पीच और हेट क्राइम्स रोकथाम विधेयक, 2025 पारित कर दिया। विधेयक पर बेलगावी में चर्चा हुई, जिसमें गृह मंत्री जी. परमेश्वर ने इसके प्रावधानों और जरूरत को विस्तार से समझाया। उन्होंने कहा कि हेट स्पीच का मतलब किसी व्यक्ति, समुदाय या संगठन (जीवित या मृत) के खिलाफ नफरत फैलाने वाली बातों का कहना, लिखना, छापना, फैलाना या उकसाना है, जिससे समाज में दुश्मनी, घृणा या वैमनस्य पैदा हो। परमेश्वर ने कहा कि कुछ बयान सीधे तौर पर हिंसा भड़काते हैं या एक समुदाय को दूसरे के खिलाफ खड़ा करते हैं। ऐसे मामलों को रोकने के लिए कड़ा और साफ कानून जरूरी है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि अखबारों में ऐसे बयान छपते रहे हैं, जिनमें किसी समुदाय के खिलाफ हिंसा की बात कही जाती है या उन्हें नुकसान पहुंचाने के लिए उकसाया जाता है।



### सजा के संशोधन को मिली मंजूरी

चर्चा के दौरान गृह मंत्री ने विधेयक में संशोधन का प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा कि अधिकतम सजा को पहले प्रस्तावित 10 साल से घटाकर 7 साल किया जाए। उनका कहना था कि कानूनी ढांचे के भीतर रहते हुए सात साल की सजा पर्याप्त है। विधानसभा ने इस संशोधन को मंजूरी दे दी।

### विधेयक पर नेताओं की प्रतिक्रिया

राज्य मंत्री बैराठी सुरेश ने कहा, 'हेट स्पीच बिल का विरोध करने का क्या मतलब है? हम सभी इस बात पर सहमत हैं कि समाज में नफरत भरा भाषण नहीं होना चाहिए।' वहीं, कांग्रेस विधायक एनए हारिस ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा, 'भाजपा सरकार के हर अच्छे कदम का विरोध करती है। उनके लिए राजनीति समाज से ऊपर है। हम ऐसा समाज चाहते हैं जहां नफरत की कोई जगह न हो और सभी मिल-जुलकर शांति से रह सकें।'

### कानून के तहत सजा का प्रावधान

नए कानून के तहत हेट क्राइम करने वाले को कम से कम एक साल और अधिकतम सात साल की जेल, साथ ही 50 हजार रुपये जुर्माना होगा। अगर कोई व्यक्ति बार-बार ऐसा अपराध करता है, तो सजा और कड़ी होगी। दोहराए गए अपराध में कम से कम दो साल की जेल और एक लाख रुपये जुर्माने का प्रावधान रखा गया है।

# रेलवे को मिला यात्रियों की भीड़ कंट्रोल करने का फॉर्मूला

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

त्योहारी सीजन के दौरान देशभर के रेलवे स्टेशनों पर उमड़ने वाली भीड़ से निटपने के लिए भारतीय रेलवे ने अहम कदम उठाया है। भारतीय रेलवे ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर होल्डिंग एरिया की सफल व्यवस्था के बाद इसी मॉडल को देश के अन्य बड़े शहरों के स्टेशनों पर इसे लागू करने का फैसला किया है। इस मामले में रेल मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि दिल्ली का मॉडल देशभर के अन्य रेलवे स्टेशनों पर अपनाए। जाए। ताकि त्योहारी सीजन के दौरान



यात्रियों को बेहतर सुविधा मिल सके और भीड़ को नियंत्रित किया जा सके। हाल ही में रेल मंत्री और रेल राज्य मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू ने देश के प्रमुख 76 रेलवे स्टेशनों पर बनाए जा रहे होल्डिंग एरिया की प्रगति की समीक्षा की थी। इस बैठक में यह साफ किया गया कि नई दिल्ली स्टेशन पर मिले सकारात्मक अनुभव को अब राष्ट्रीय स्तर पर दोहराया जाएगा। दरअसल, राजधानी दिल्ली के रेलवे स्टेशन पर तैयार हुए स्थायी होल्डिंग एरिया ने दिवाली-छठ के दौरान यात्री की भीड़ को नियंत्रित करने में अहम भूमिका निभाई। चार माह से भी कम समय में तैयार हुए इस होल्डिंग एरिया में यात्रियों के लिए कई सुविधाएं मुहैया करवाई गई है। राजधानी दिल्ली के होल्डिंग एरिया में यात्रियों बैठने की इंतजाम के अलावा टिकट लेने की अत्याधुनिक मशीनें, वाई-फाई, टायलेट्स भी बनाए गए है। इस केंद्र को केंद्र टिकटिंग, पोस्ट-टिकटिंग और प्री-टिकटिंग–तीन अलग-अलग जोन में बांटा गया है। जिससे यात्रियों की आवाजाही सुचारू बनी रहती है। इस होल्डिंग एरिया को प्लेटफार्म नंबर वन के पास ही बनाया गया है। रेलवे त्योहारी सीजन में सभी स्पेशल ट्रेनों का संचालन यहीं करता है। यात्रियों को कतारबद्ध कर स्पेशल ट्रेन में बैठाया जाता है। रेलवे का मानना है कि होल्डिंग एरिया मॉडल से त्योहारों के दौरान होने वाली भगदड़ जैसी घटनाओं को रोका जा सकता है। रेलवे का मानना है कि,देशभर में बनने वाले ये होल्डिंग एरिया मॉड्यूलर डिजाइन पर आधारित होंगे।

# सीनियर सिटीजन क्लब, शिप्रा कृष्णा विस्टा अपार्टमेंट द्वारा निशुल्क मास्क वितरण

**जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद**

गाजियाबाद में बढ़ते प्रदूषण और स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं को ध्यान में रखते हुए सीनियर सिटीजन क्लब, शिप्रा कृष्णा विष्टा अपार्टमेंट इंदिरापुरम गाजियाबाद द्वारा एक सराहनीय सामाजिक पहल की गई। क्लब के सदस्यों ने क्लब परिसर एवं सोसाइटी के मेन गेट नंबर एक पर सुरक्षा गार्डों, कर्मचारियों, रिक्शा चालकों, घरेलू कामगारों एवं अन्य लोगों को निःशुल्क मास्क का वितरण किया। इस जनहितकारी कार्यक्रम का उद्देश्य प्रदूषण से बचाव के प्रति लोगों को जागरूक करना तथा स्वास्थ्य सुरक्षा को प्राथमिकता देना रहा। मास्क वितरण कार्यक्रम को सफल बनाने में एल. बी. माहेश्वरी का विशेष योगदान रहा, उन्होंने सामाजिक जिम्मेदारियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज के लिए मार्गदर्शक होते हैं और ऐसे आयोजनों के माध्यम से समाज को सकारात्मक दिशा देना उनका कर्तव्य है। इस अवसर पर क्लब के अध्यक्ष ओ पी अरोड़ा , सुशील गोयल, आलोक भाटिया, डी जे. टक्कियार, सुरेश सिंघल एवं राजेश जैन सहित अन्य सदस्यों ने भी पूर्ण सहयोग प्रदान किया। मास्क वितरण कार्यक्रम के दौरान भाजपा मंडल उपाध्यक्ष नवीन शर्मा की उपस्थिति ने आयोजन को और भी प्रोत्साहन दिया। उन्होंने सीनियर सिटीजन क्लब के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की पहल समाज में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। साथी ही उन्होंने कुछ समय पहले कालातीत आर.डब्ल्यू.ए. द्वारा सोसाइटी प्रांगण में अवैध तरीके से बड़ी संख्या में काटे गए पेड़ो पर नगर निगम और प्रशासन द्वारा कड़ी कार्यवाही नहीं होने पर भी अपनी चिंता जताई।

